आषाढ़ कृष्ण पक्ष षष्ठी 02:46 उपरांत सप्तमी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 17 जून 2025
वर्ष 3, अंक 303, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



खामेनेई परिवार के साथ बंकर में छिपे 14

आपदा प्रबंधन क्षेत्र में अग्रणी बना भारत 12

# दो चरणों में पूरी होगी राष्ट्रीय जनगणना केंद्र सरकार ने जारी की अधिसूचना

नई दिल्ली, एजेंसी

साल 2011 में हुई पिछली जनगणना के 16 साल बाद सरकार ने भारत की 16वीं जनगणना 2027 में कराने के लिए सोमवार को अधिसूचना जारी की जिसमें जाति गणना भी शामिल होगी। अधिसूचना में कहा गया है कि लद्दाख जैसे बर्फीले क्षेत्रों में जनगणना एक अक्टूबर 2026 की संदर्भ तिथि तथा देश के बाकी हिस्सों में एक मार्च 2027 की संदर्भ तिथि से की जाएगी।

इसमें कहा गया, उक्त जनगणना के लिए केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू- कश्मीर और हिमाचल प्रदेश तथा उत्तराखंड के बर्फ बारी वालों क्षेत्रों के अलावा बाकी राज्यों के लिए संदर्भ तिथि एक मार्च, 2027 को 00.00 बजे होगी।



- सोलहवीं जनगणना में 13,000 करोड़ हो सकता खर्च

लद्दाख और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर तथा हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड राज्यों के बर्फ से ढके क्षेत्रों के लिए संदर्भ तिथि एक अक्टूबर 2026 को 00:00 बजे होगी। यह कार्य 34 लाख गणनाकर्ताओं और पर्यवेक्षकों तथा डिजिटल उपकरणों से लैस लगभग 1.3 लाख कर्मियों द्वारा किया जाएगा। इस पर सरकार के 13 हजार करोड़ खर्च होने की संभावना है। जनगणना 2011 के अनुसार देश की जनसंख्या 121.019 करोड़ थी, जिसमें से 62.372 करोड़ पुरुष और 58.646 करोड़ महिलाएं थीं।

### जातिगत गणना भी होगी

राष्ट्रीय जनगणना के साथ ही जातिगत गणना भी की जाएगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने केंद्रीय गृह सचिव, भारत के रजिस्ट्रार जनरल और जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण और अन्य अधिकारियों के साथ जनगणना की तैयारियों की समीक्षा की।

# पहलगाम हमला बिना आतंकी फंडिंग के संभव नहीं

## आतंकवादियों के अंतिम संस्कार में पाकिस्तानी अफसरों की मौजूदगी कटघरे में खड़ा करने के लिए काफी

नई दिल्ली, एजेंसी

वैश्विक निगरानी संस्था वित्तीय कार्रवाई कार्यबल (एफएटीएफ) ने अप्रैल में पहलगाम में हुए बर्बर आतंकवादी हमले की निंदा करते हुए सोमवार को कहा कि उसने अपना ध्यान आतंकवाद के वित्तपोषण से निपटने के लिए विभिन्न देशों द्वारा उठाए गए कदमों की प्रभावशीलता पर केंद्रित किया है। एफएटीएफ ने कहा, आतंकवादी दुनिया भर में लोगों की जान लेते और भय पैदा करते हैं।

एफएटीएफ ने 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में हुए बर्बर आतंकवादी हमले पर गहरी चिंता व्यक्त की और इसकी निंदा की है। एफएटीएफ ने कहा कि यह और हाल में हुए अन्य हमले, बिना पैसे और आतंकवादी समर्थकों के बीच धन के हस्तांतरण के बिना नहीं हो सकते हैं।



- एफएटीएफ ने पहलगाम हमले की निंदा कर आतंकवाद के वित्तपोषण से निपटने पर दिया जोर

भारतीय अधिकारियों ने पाकिस्तान द्वारा आतंकवाद को लगातार समर्थन दिए जाने और हथियारों की खरीद के लिए धन मुहैया कराने की बात को उजागर किया है। एफएटीएफ का यह बयान उसकी पृष्ठभूमि में आया है। भारत ने लगातार कहा है कि पाकिस्तान ने आतंकवादियों को पनाह दी है, भारतीय सैन्य हमलों में मारे गए आतंकवादियों के अंतिम संस्कार में वरिष्ठ सैन्य अधिकारी मौजूद थे। एएफएटीएफ के एशिया प्रशांत समूह की 25 अगस्त को होने वाली बैठक और 20 अक्टूबर को समूह की अगली पूर्ण बैठक और कार्य समूह की बैठक से पहले, भारत धन शोधन और आतंकवाद के वित्तपोषण विरोधी एफएटीएफ मानदंडों के संबंध में पाकिस्तान द्वारा की गई चूक पर एक दस्तावेज (डोजियर) तैयार कर रहा है।

### संदिग्ध सूची में डालने के लिए भारत देगा आवेदन

पाकिस्तान को संदिग्ध सूची में डालने के लिए भारत एफएटीएफ को आवेदन देगा। वर्तमान में, एफएटीएफ की संदिग्ध सूची में 24 देश हैं। इन देशों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। एफएटीएफ के संदिग्ध सूची में पाकिस्तान का इतिहास फरवरी 2008 से शुरू होता है, जब इसे निगरानी सूची में रखा गया था। जून 2010 में उसे सूची से हटा दिया गया, लेकिन फरवरी 2012 में उसे वापस शामिल किया गया और फिर फरवरी 2015 में हटा दिया गया। जून 2018 में उसे तीसरी बार फिर सूची में शामिल किया गया और बाद में अक्टूबर 2022 में हटा दिया गया।

### एफएटीएफ की भूमिका

बता दें कि एफएटीएफ पिछले कई वर्षों से दुनिया भर के 200 से ज्यादा देशों को आतंकवाद की फंडिंग से निपटने के लिए गाइडलाइन दे रहा है। इन गाइडलाइनों में बैंकिंग सिस्टम पर निगरानी, संदिग्ध लेनदेन की पहचान, और सोशल मीडिया, क्राउड फंडिंग या क्रिप्टो जैसी नई तकनीकों के दुरुपयोग से जुड़ी चेतावनियां शामिल हैं।

## एक नजर

### अमिताभ कांत ने जी-20 शेरपा पद से दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** अमिताभ कांत ने जी20 शेरपा के पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने 45 वर्ष की अपनी सरकारी सेवा के दौरान कई कार्यभार संभाले। केरल कैडर के 1980 बैच के सेवानिवृत्त भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी कांत को जुलाई 2022 में भारत का जी20 शेरपा नियुक्त किया गया था। भारत के जी20 की अध्यक्षता संभालने के कुछ महीने पहले उनकी नियुक्ति की गई थी। पेशेवर मंच लिंक्डइन पर 'मेरा नया सफर' शीर्षक के साथ कांत ने लिखा, 45 साल की समर्पित सरकारी सेवा के बाद, मैंने नए अवसरों को अपनाने तथा जीवन में आगे बढ़ने का फैसला किया है।

### कुपवाड़ा में आतंकवादी की संपत्ति कुर्क की

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर पुलिस की राज्य जांच एजेंसी ने पाकिस्तान में रह रहे एक आतंकवादी की कुपवाड़ा जिले में स्थित अचल संपत्ति सोमवार को कुर्क की। आतंकवादी की पहचान अब्दुल हामिद लोन के रूप में की गई है, जो गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के मामले में वांछित है। एसआईए ने आतंकवाद का मुकाबला करने और इसके समर्थन ढांचे को नष्ट करने के उद्देश्य से आतंकवादी की कुपवाड़ा के मावर बाला कलमाबाद में स्थित संपत्ति कुर्क कर ली है।

# यह युद्ध का युग नहीं : मोदी

## पीएम और साइप्रस के राष्ट्रपति ने प. एशिया व यूरोप में चल रहे संघर्षों पर जताई चिंता

निकोसिया, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि उन्होंने और साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस ने पश्चिम एशिया और यूरोप में चल रहे संघर्षों पर चिंता जताई और उन दोनों का मानना है कि यह युद्ध का युग नहीं है। मोदी ने यहां क्रिस्टोडौलिडेस के साथ व्यापक वार्ता के बाद संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में अपने संबोधन में यह भी कहा कि बातचीत के जरिए समाधान और स्थिरता बहाल करना मानवता की मांग है।

प्रधानमंत्री ने सीमा पार से होने वाले आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई में साइप्रस के समर्थन के लिए भी धन्यवाद दिया। प्रधानमंत्री मोदी तीन देशों की अपनी यात्रा के पहले चरण में अभी साइप्रस में हैं। मई में भारत द्वारा ऑपरेशन सिंदूर चलाए जाने के बाद यह उनकी पहली विदेश यात्रा है। राष्ट्रपति क्रिस्टोडौलिडेस ने कहा, हमारे बीच ऐतिहासिक मित्रता है और हमारे संबंधों में विश्वास है। उन्होंने 22 अप्रैल के भयावह पहलगाम आतंकी हमले को भी याद किया और कहा कि साइप्रस, भारत के साथ पूरी एकजुटता के साथ खड़ा है। कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में वह भारत के साथ खड़ा है। अपने संबोधन में क्रिस्टोडौलिडेस ने अहमदाबाद में 12 जून को हुए एअर इंडिया विमान हादसे का भी जिक्र किया और कहा कि साइप्रस के लोग दुख की इस घड़ी में भारत के साथ हैं। उन्होंने रक्षा, सुरक्षा, व्यापार, प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा, नवीकरणीय ऊर्जा और जलवायु न्याय जैसे क्षेत्रों में सहयोग के बारे में बात की। उन्होंने क्षेत्रीय मुद्दों पर भी चर्चा की। बाद में, मोदी ने भारत-साइप्रस संबंधों को बढ़ावा देने के लिए कई मुद्दों पर चर्चा करने के लिए राष्ट्रपति के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमारे संबंध न तो परिस्थितियों से बने हैं और न ही सीमित हैं। हम एक-दूसरे की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करते हैं। मोदी ने कहा कि साइप्रस भारतीयों के लिए भी पसंदीदा पर्यटन स्थल है और दोनों देशों के बीच सीधी उड़ान के लिए प्रयास किए जाएंगे।



साइप्रस में मोदी को सर्वोच्च सम्मान देते राष्ट्रपति निकोस। ● एजेंसी

- द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने को प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की दोनों देशों के बीच सीधी उड़ान जल्द
- आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई में साइप्रस के समर्थन के लिए जताया आभार

### साइप्रस में प्रधानमंत्री मोदी को मिला सर्वोच्च नागरिक सम्मान

**निकोसिया।** प्रधानमंत्री मोदी को सोमवार को साइप्रस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ मकारियोस तृतीय' से सम्मानित किया गया। प्रधानमंत्री ने पुरस्कार प्राप्त करने के बाद कहा, साइप्रस से सम्मान प्राप्त करके मैं बहुत कृतज्ञ हूं। मैं इसे हमारे देशों के बीच की मित्रता को समर्पित करता हूं। साइप्रस के राष्ट्रपति ने मोदी को सम्मानित किया। इस सम्मान का नाम साइप्रस के पहले राष्ट्रपति आर्चबिशप मकारियोस तृतीय के नाम पर रखा गया है। मोदी ने 140 करोड़ भारतीयों को यह सम्मान समर्पित किया।

# किसान परिवार से कोई आपदा ग्रस्त हुआ तो सरकार साथ

## 11690 आश्रित परिवारों को जारी किए गए 561.86 करोड़ रुपये

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत 11690 आश्रित परिवारों के लिए 561.86 करोड़ रुपये जारी किए। सोमवार को अंबेडकर नगर में मुख्यमंत्री मौजूद रहे, जबकि प्रदेश की सभी 350 तहसीलों में मंत्री-जनप्रतिनिधियों ने किसानों के आश्रितों को सहायता उपलब्ध कराई।

मुख्यमंत्री ने इस वर्ष अब तक आपदा के शिकार हुए किसानों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यूपी सरकार किसानों के हितों के संरक्षण के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ तैयार है। मुख्यमंत्री कृषक बीमा दुर्घटना योजना से इस वर्ष में 11690 परिवारों को धनराशि दी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस व्यवस्था से पहले केवल किसान आता था, बटाईदार और किसान के परिवार के सदस्य नहीं आते थे, लेकिन हमारी सरकार ने कहा कि किसान, बटाईदार, कृषि श्रमिक व किसान के परिवार का कोई व्यक्ति अग्निकांड, आंधी-तूफान, आकाशीय बिजली, बाढ़ समेत किसी भी आपदा का शिकार होता है तो सरकार मुख्यमंत्री कृषक बीमा दुर्घटना योजना के अंतर्गत पांच लाख रुपये की सहायता राशि दी जाएगी।

मुख्यमंत्री ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के तहत सोमवार को अंबेडकर नगर के 431 लोगों को सहायता राशि उपलब्ध कराई। इसमें 408 लोगों को पांच लाख रुपये, 10 लोगों को ढाई लाख, एक किसान परिवार को 1.25 लाख व 12 लाभार्थियों को एक-एक लाख रुपये की सहायता राशि दी गई। कुल राशि 20 करोड़, 78 लाख, 25 हजार रुपये (लगभग 21 करोड़) है। धनराशि डीबीटी के माध्यम से खाते में भेजी गई। मुख्यमंत्री ने गीता देवी, अकिला खातून, सितारा देवी, शांति देवी, रेखा शुक्ला, शालू, ज्योति, वंदना भारती, रुक्मिणी, सिंधू वर्मा, संगीता, शशिकला, कुसुम, अनीता, सबीना को पांच-पांच लाख रुपये चेक दिया गया। इसी तरह की सहायता धनराशि अंबेडकरनगर, कुशीनगर, कानपुर देहात, मैनपुरी, जौनपुर, इटावा, हरदोई, लखीमपुर खीरी, सोनभद्र, संतकबीर नगर जिलों के किसान परिवारों को भी सौंपी गई।



- मुख्यमंत्री ने अंबेडकर नगर में 1,184 करोड़ की 194 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास

### अकबरपुर बस स्टैंड का श्रवणधाम नामकरण

**लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को अंबेडकर नगर के कटेहरी में आयोजित एक समारोह में जिले के विकास के लिए 1,184 करोड़ रु. की 194 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों की मांग पर विचार करते हुए कहा कि अकबरपुर बस स्टैंड का नामकरण ''श्रवणधाम बस स्टैंड'' होना चाहिए।

# तकनीकी समस्या से हांगकांग लौटा एअर इंडिया का विमान

**मुंबई।** एअर इंडिया के एक बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान के दिल्ली के लिए उड़ान भरने के एक घंटे के भीतर उसमें तकनीकी समस्या का संदेह होने के बाद सोमवार को उसे हांगकांग लौटना पड़ा। आपात स्थिति में सुरक्षित से विमान की लैंडिंग कराई गई। विमान का निरीक्षण किया जा रहा है।

उड़ान हांगकांग से दोपहर 12.16 बजे (स्थानीय समयानुसार) रवाना हुई और इसे भारतीय समयानुसार दोपहर 12.20 बजे दिल्ली में उतरना था। फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट 'फ्लाइटरडार.कॉम' के अनुसार, यह उड़ान लगभग 3.5 घंटे की देरी से रवाना हुई थी। इसका निर्धारित प्रस्थान समय सुबह 8.50 बजे था।

- दिल्ली के लिए बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर ने भरी थी उड़ान

### बम की धमकी के बाद फ्रैंकफर्ट लौटा विमान

**लंदन/हैदराबाद।** हैदराबाद के लिए उड़ान भरने वाले लुफ्थांसा कंपनी के एक विमान में बम रखा होने की धमकी मिलने के बाद उसे फ्रैंकफर्ट हवाईअड्डे पर लौटना पड़ा। विमान संख्या एलएच752 रविवार को जर्मनी से स्थानीय समयानुसार दोपहर 2.14 बजे रवाना हुआ था और इसे देर रात हैदराबाद के राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरना था, उड़ान के कुछ घंटों बाद ही मार्ग में परिवर्तन देखा गया।

# 119 मृतकों का हुआ डीएनए मिलान

## पूर्व सीएम विजय रूपाणी का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार

अहमदाबाद/ राजकोट, एजेंसी

अहमदाबाद में एअर इंडिया विमान दुर्घटना के चार दिन बाद, अब तक डीएनए मिलान के जरिये 119 मृतकों की पहचान कर ली गई है और गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी समेत 64 लोगों के शव उनके परिजनों को सौंप दिए गए हैं। पूर्व सीएम विजय रूपाणी का राजकीय सम्मान के साथ राजकोट में अंतिम संस्कार किया गया।

एक अधिकारी ने उम्मीद जताई की कि सभी मृतकों के डीएनए मिलान की प्रक्रिया मंगलवार शाम या बुधवार सुबह तक पूरी हो जाएगी। रूपाणी उन 242 लोगों में शामिल थे, जो गुरुवार दोपहर लंदन जा रही एअर इंडिया की उड़ान एआई-171 में सवार थे। पूर्व मुख्यमंत्री रुपाणी के पार्थिव शरीर को शहर के सिविल अस्पताल में उनकी पत्नी अंजलि रुपाणी और परिवार के अन्य सदस्यों को सौंप दिया गया। विजय रूपाणी का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार के दौरान उन्हें 21 तोपों की सलामी दी गई। इस मौके पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी मौजूद रहे।



**विमान हादसा**

- डीएनए मिलान प्रक्रिया दो दिन में पूरी होने की उम्मीद
- गृह मंत्री अमित शाह ने रूपाणी को दी अंतिम विदाई

### अब यूपीआई से लेनदेन होगा और तेज

**नई दिल्ली।** यूपीआई के जरिए लेनदेन सोमवार से और तेज होने जा रहे हैं। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने भुगतान के लिए प्रतिक्रिया समय को घटाकर 10 सेकंड कर दिया है। यूपीआई एक तत्काल भुगतान प्रणाली है, जिसे एनपीसीआई ने मोबाइल फोन के जरिए बैंकों के बीच लेनदेन की सुविधा के लिए विकसित किया है। एनपीसीआई के हाल के परिपत्र के अनुसार धन हस्तांतरण, स्थिति जांच और वापसी सहित लेनदेन अब 30 सेकंड के बजाय 10 से 15 सेकंड में पूरे हो जाएंगे। इस तरह यूपीआई भुगतान में पता सत्यापित करने में लगने वाला समय अब पहले के 15 सेकंड की तुलना में केवल 10 सेकंड लगेगा।

# पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट चार महिलाओं की मौत

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

- मलबे में दबकर 8 महिलाओं सहित 9 श्रमिक घायल
- तेज धमाके के साथ फैक्ट्री की बिल्डिंग और टिनशेड ध्वस्त

**अमृत विचारः** थाना रजबपुर क्षेत्र के गांव अतरासी के जंगल में पटाखा फैक्ट्री में तेज धमाके के साथ विस्फोट हो गया। फैक्ट्री के मलबे में दबकर 4 महिला श्रमिकों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि अन्य 9 श्रमिक घायल हो गए इनमें 8 महिलाएं हैं। डीएम, एसपी ने मौका मुआयना किया।

हादसा सोमवार की सुबह रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव अतरासी के जंगलों में बनी पटाखा फैक्टरी में हुआ। हापुड़ निवासी सैफउर्ररहमान पुत्र कौसर अहमद की पटाखा फैक्ट्री में सोमवार को महिलाएं एवं पुरुष काम कर रहे थे। अचानक फैक्ट्री में तेज धमाका हुआ। विस्फोट से फैक्ट्री धराशायी हो गई। टिनशेड के टुकड़े कई मीटर दूर जाकर गिरे। मलबे में कई मजदूर दब गए। पुलिस और दमकल टीम ने ग्रामीणों की मदद से मलबे में दबे लोगों को बाहर निकाला। हादसे में चार महिला श्रमिकों रुक्साना पुत्री जाकिर अली निवासी गांव रजबपुर, रुमा पत्नी दानवीर निवासी गांव पपसरा, प्रवेश पत्नी शोविन्द्र निवासी गांव पपसरा, शहनाज पत्नी शाबिर निवासी रजबपुर की मौत हो गई।

# ईरान के हमले से दहला इजराइल

तेल अवीव, एजेंसी

ईरान ने इजराइल के मध्य तथा उत्तरी क्षेत्र को निशाना बनाते हुए सोमवार को फिर सिलसिलेवार मिसाइल हमले किए जिसमें कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। उधर, इजराइल ने दावा किया कि उसने ईरान की राजधानी पर हवाई श्रेष्ठता हासिल कर ली है और उसके विमान अब बिना किसी बड़े खतरे का सामना किए तेहरान के ऊपर उड़ान भर सकते हैं।

इजराइल की सेना ने कहा कि ईरानी वायु रक्षा और मिसाइल प्रणालियों पर कई दिनों तक हमले किए जाने के बाद उसके विमान अब पश्चिमी ईरान से तेहरान तक के आसमान में आसानी से उड़ान भर सकते हैं और उसने जमीन से जमीन पर मार करने वाले 120 से अधिक उन मिसाइल लांचरों को नष्ट कर दिया है जहां से इजराइल पर हमला किया जा रहा था। ईरान ने कहा कि उसने 100 मिसाइलें दागीं और उसने पिछले शुक्रवार को इजराइल द्वारा उसके परमाणु संवर्धन केंद्रों एवं सैन्य नेतृत्व पर किए गए आश्चर्यजनक हमले के खिलाफ आगे भी जवाबी हमले करने का संकल्प जताया। इजराइल ने कहा कि अब तक ईरान ने 370 से ज्यादा मिसाइलें और सैकड़ों ड्रोन दागे जिसके कारण अब तक 24 लोगों की मौत हो चुकी है।



- 5 की मौत, दर्जनों घायल, इजराइल का दावा- ईरान के 120 से अधिक मिसाइल लांचर नष्ट किए

### विदेश मंत्रालय ने कहा- ईरान में भारतीय छात्रों से संपर्क बनाए हुए हैं

**नई दिल्ली।** ईरान-इजराइल संघर्ष के बीच, केंद्र ने सोमवार को कहा कि तेहरान स्थित भारतीय दूतावास सुरक्षा स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए है और ईरान में भारतीय छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उनसे संपर्क कर रहा है तथा कुछ मामलों में उन्हें सुरक्षित स्थानों पर भी पहुंचा रहा है। अन्य व्यवहार्य विकल्पों पर भी विचार किया जा रहा है।

# सस्ती बिजली खरीद भारी कमाई की तैयारी में निजी कंपनियां

## सलाहकार कंपनी की रिपोर्ट से हुआ खुलासा, उपभोक्ता परिषद ने आयोग में दाखिल की याचिका

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** ऊर्जा निगमों में निजीकरण के जरिये बिजली वितरण क्षेत्र में कारोबार का सपना देख रही नामचीन निजी कंपनियां सस्ती बिजली खरीदकर भारी मुनाफा कमाने की तैयारी में हैं। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन की ओर से राज्य विद्युत नियामक आयोग में पेश की गई सलाहकार कंपनी ग्रांट थॉर्नटन की रिपोर्ट से इसका खुलासा हुआ है।

इस बीच, उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने आयोग में याचिका दाखिल कर इस पर सख्त आपत्ति जताई है। याचिका में कहा गया है कि पावर कॉरपोरेशन से पहले परिषद की याचिका पर सुनवाई की जाए। वर्तमान में पावर कॉरपोरेशन पावर पर्चेज एग्रीमेंट पीपीए के तहत राज्य विद्युत उत्पादन निगम व अन्य स्रोतों से सस्ती बिजली खरीदता है और राज्य विद्युत नियामक आयोग की ओर से निर्धारित बिजली दरों पर बिजली उपभोक्ताओं को बिजली विक्रय कर रहा है। इसके अलावा किसानों को लिए नलकूप के लिए मुफ्त बिजली देने के एवज में सरकार की ओर से सब्सिडी भी दी जा रही है। परिषद की ओर से दाखिल याचिका में कहा गया है कि सलाहकार कंपनी ने अपनी रिपोर्ट में निजी कंपनियों को सरकारी निगमों की तर्ज पर सस्ती बिजली देने व सब्सिडी देने की बात कही है। ऐसा होने पर निजी कंपनियों को बिजली उपभोक्ताओं से बिल व सब्सिडी के तौर पर भारी मुनाफा होने की संभावना है।



- कहा, पावर कॉरपोरेशन से पहले की जाए परिषद की याचिका पर सुनवाई

### निजी घरानों को लाभ पहुंचाने के लिए सरकार नहीं दे सकती निर्देश

सलाहकार कंपनी की रिपोर्ट में कहा गया है कि राज्य सरकार विद्युत अधिनियम की धारा 108 का प्रयोग निजीकरण के मामले में भविष्य में करेगी। कॉरपोरेशन ने इस पर भी नियामक आयोग से अभिमत मांगा है। इस पर उपभोक्ता परिषद की याचिका में आपत्ति उठाते हुए कहा गया है कि धारा 108 का प्रयोग सरकार लोक महत्व के मामले में कर सकती है न की निजी घरानों को लाभ पहुंचाने में करने का अधिकार है।

### बिजली दरों में बढ़ोतरी के खिलाफ भी याचिका

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने सोमवार को राज्य विद्युत नियामक आयोग में बिजली दरों में बढ़ोतरी के खिलाफ भी याचिका दाखिल की। याचिका में बढ़ोतरी के प्रस्ताव को खारिज करने की मांग की गई है। परिषद की ओर से कहा गया है कि कॉरपोरेशन के प्रस्ताव में ग्रामीण घरेलू उपभोक्ताओं की अधिकतम 8 रुपये प्रति यूनिट और शहरी घरेलू की अधिकतम 9 रुपये प्रति यूनिट की बात कही गई है।

# गद्दोपुर मझवां के विनायक नगर में सड़कों पर जलकुंभी

## रायबरेली रोड की विनायक नगर कॉलोनीवासी आक्रोशित

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अयोध्या नगर निगम क्षेत्र में सफाई का दंभ भरने वाले अफसरों की हकीकत सामने आई है। रायबरेली रोड पर स्थित गद्दोपुर मझवां के विनायक नगर कॉलोनी में जलभराव की गंभीर समस्या ने स्थानीय निवासियों के लिए संक्रामक रोगों का खतरा बढ़ा दिया है। लाखों-करोड़ों की लागत से मकान बनवाए लोगों के घरों के सामने जलकुंभी उग आई है। सड़क पर चलना दुश्वार हो गया है। बारिश के मौसम में कॉलोनी की गलियों में पानी जमा होने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। जिससे डेंगू, मलेरिया जैसे रोगों का भय सताने लगा है। यह हाल तब है जब हाल ही में महापौर गिरीशपति त्रिपाठी और नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने सर्किट हाउस में संयुक्त वार्ता के दौरान अयोध्या में सफाई के बड़े-बड़े दावे किए थे।

निवासियों का कहना है कि नगर निगम, स्थानीय विधायक और महापौर इस समस्या की ओर ध्यान नहीं दे रहे। नगर निगम को प्रार्थना पत्र सौंपे जाने के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। कॉलोनी की नालियां अवरुद्ध हैं। सफाई व्यवस्था की कमी से गंदगी का ढेर लगा है। जलभराव की समस्या के समाधान के लिए कोई दीर्घकालिक योजना नहीं बनाई गई, जो प्रशासन की उदासीनता को दर्शाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बारिश के बाद स्थिति और बदतर हो जाती है। जिससे बच्चों और बुजुर्गों का घर से निकलना मुश्किल हो जाता है। संक्रामक रोगों के डर से परिवार चिंतित है। निवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे विरोध-प्रदर्शन करेंगे। इस संबंध में नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार से बात करने के लिए फोन मिलाया गया, लेकिन रिसीव नहीं हुआ।



कॉलोनी में घर के सामने उगी जलकुंभी।

### गंभीर नहीं है नगर निगम



विनायक नगर कॉलोनी निवासी शिव कुमार मिश्रा ने कहा कि जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण रोड पर जल भराव है। संक्रामक रोगों को खुला आमंत्रण है। इसके बावजूद नगर निगम समस्या निपटारे को लेकर गंभीर नहीं है।

### संक्रामक रोगों का है खतरा



सुनील यादव ने कहा कि रोड पर जल भराव के कारण पूरे कॉलोनी में संक्रामक रोगों का भय है। नगर निगम को प्रार्थना पत्र दिए एक माह हो गया, लेकिन अभी तक जिम्मेदार लोग सुधि नहीं लिए हैं और नहीं समस्या का कोई निदान हुआ।

### लगातार झेल रहे समस्याएं



सचिन त्रिपाठी ने कहा कि योगी सरकार एक तरफ स्वच्छता अभियान चला रही रही है। इसके बावजूद कॉलोनी वासियों को जल निकासी आवागमन आदि समस्या को लगातार झेलना पड़ रहा है।

"आपने जानकारी दी है। मैं जल्द से जल्द वहां टीम लगाकर साफ-सफाई सुनिश्चित कराता हूं। -**कमल कुमार, सीएसआई, नगर निगम।**"

### महापौर, विधायक भी नहीं दे रहे ध्यान



राजीव तिवारी ने कहा कि महापौर, विधायक और नगर निगम होने के बावजूद और समस्याओं की तरफ जिम्मेदारों का ध्यान आकृष्ट करने के बाद भी समस्या का हल नहीं हुआ। कॉलोनी वासियों की मांग है कि जल निकासी की उचित व्यवस्था बनाते हुए समस्याओं का जल्द निराकरण किया जाना चाहिए।

## 6 माह से जल निकासी ठप, 200 घर प्रभावित

अयोध्या कार्यालय

▸▸ 14 कोसी परिक्रमा मार्ग के चौड़ीकरण के कार्य स्थानीय निवासियों के लिए बने संकट

**अमृत विचार :** चौदह कोसी परिक्रमा मार्ग के चौड़ीकरण को लेकर किए जा रहे कार्य स्थानीय निवासियों के लिए अब संकट बन गए हैं। ठेकेदारों और जिम्मेदारों द्वारा जनहित को पूरी तरह से नजर अंदाज कर यहां एक साल से नाला निर्माण कराया जा रहा है। छह महीने से दोनों ओर नाला बंद कर दिए जाने से इलाके की जल निकासी पूरी तरह से अवरुद्ध हो गई है। स्थानीय निवासियों की ओर कई बार शिकायत के बाद भी अभी तक जल निकासी की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। हाल यह है कि घरों का पानी घर में घुस रहा है तो सड़क पर भी बह रहा है।

इसके चलते लोगों का जीना दूभर हो गया। करीब 200 से अधिक घर प्रभावित चल रहे हैं। थकहार कर परिक्रमा मार्ग जनौरा के रहने वाले राजीव रंजन ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर मार्मिक शिकायत दर्ज कराई है। मुख्यमंत्री पोर्टल द्वारा उनकी शिकायत दर्ज हो जाने की सूचना शिकायत संख्या के साथ दी गई है। शिकायत में कहा गया है कि मुख्यमंत्री जी महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट परिक्रमा मार्ग अयोध्या चौड़ीकरण की असलियत को आपके संज्ञान में लाना चाहता हूं। जिसकी असफलता और विलम्ब की वजह से वहां के स्थानीय लोगों को बहुत ज्यादा समस्या का सामना करना पड़ता रहता है। कहा है कि वह परिक्रमा मार्ग जनौरा, मंगलम अस्पताल के पास के रहने वाले हैं। करीब एक साल से यहाँ बड़े नाले के निर्माण का कार्य चल रहा है। यह नाला दोनों तरफ से बंद रखा गया है। इसके निकासी की छह महीनों से कोई व्यवस्था नहीं की गयी है। इसमें नाले का गन्दा पानी ऊपर तक भर जाने की वजह से अब लोगों के घरों में पानी भरना शुरू हो रहा है। बरसात का मौसम आने वाला है। अगर अभी से कुछ नहीं किया गया तो बरसात में यहां के सारे निवासियों के घरों में पानी भर जायेगा। यह अकेले की समस्या नहीं पूरे इलाके करीब 200 घरों की समस्या है।

## एक नजर

### प्री-स्टेट शूटिंग प्रतियोगिता अब एक से

**अयोध्या। अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश स्टेट राइफल एसोसिएशन के तत्वावधान में 25 जून से मथुरा में प्रस्तावित 27 वीं प्री-स्टेट शूटिंग प्रतियोगिता की तिथि में परिवर्तन किया गया है। जिला राइफल क्लब के कोच शनि कुमार वर्मा ने बताया कि यूपीएसआरए के अध्यक्ष व पूर्व सांसद श्याम सिंह को मातृ शोक के कारण प्रतियोगिता तिथि में परिवर्तन किया गया है। एसोसिएशन के प्रदेश मानद महासचिव जीएस सिंह से मिली जानकारी के मुताबिक प्री-स्टेट शूटिंग प्रतियोगिता अब 1 से 5 जुलाई तक होगी।

### छप्पर के घर को उजाड़ कब्जा करने का आरोप

**सोहावल, अमृत विचार :** ब्लाक की ग्राम पंचायत पिरखौली स्थित महाराजा का पुरवा के रहने वाले बलराम रैदास पुत्र छबिलाल रैदास आदि के छप्पर के घर को उजाड़ कर जबरदस्ती कब्जा किए जाने का आरोप है। डीएम व एसएसपी को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप है कि 13 जून को शाम गांव निवासी ने 10 अन्य लोगों के साथ मिलकर उसका का छप्पर का घर उजाड़ कर भूमि को जबरदस्ती कब्जा कर लिया। रोकने पर पिटाई का आरोप भी हैं।

# जमीन पैमाइश में दो पक्षों में मारपीट, 22 पर केस

मवई, अयोध्या

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के हुनहुना गांव में जमीन पैमाइश के दौरान दो पक्षों में मारपीट हो गई। पुलिस ने दोनों पक्षों की तरफ से दी गई तहरीर के आधार पर 22 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है।

गांव निवासी मोहम्मद समीम हुनहुना रविवार को अपनी जमीन की पैमाइश करवा रहा था। गांव के ही हिलाल उर्फ कुददूस, दाऊद, याहिया और जमील वहां पहुंचे व राफे पुत्र समीम अशरफ से गाली-गलौज शुरू कर दी। फैजल ने जब उन्हें रोका तो सभी आरोपी ने फैजल पर ईंट, गुम्मा व लाठी-डंडों से हमला कर दिया। घायल फैजल ने उक्त विपक्षीगणों के विरुद्ध मवई थाने में तहरीर दी। जिस पर मवई पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।




दूसरे पक्ष के हुनहुना गांव निवासी मो. याहिया पुत्र मो. अय्यूब ने 18 लोगों के विरुद्ध मारपीट व गालली गलौज करने की तहरीर थाने पर दी। जिस पर पुलिस ने मो.समीम, मो. सुहैल, मसूद असरफ उर्फ राफे, मो. आकिब, मो. फैजल, हुसैन असरफ उर्फ संज्जर, मो.असीर, अब्दुल्ला, मनाऊ उर्फ लाला, चन्दू, मो. वसीम, अफजल, अकरम, अशरफ उर्फ सोनू, जियाद, नजीब, मो. मोनिस, मुजाहिद अनवर समस्त निवासीगण ग्राम हुनहुना के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। मवई थाना प्रभारी सुरेश कुमार पटेल ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर 22 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

# रामनगरी में प्री-मानसून की बारिश

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामनगरी में सोमवार को मौसम ने अचानक करवट ली। बारिश ने भीषण गर्मी से कुछ राहत दी। सुबह से ही आसमान में घने बादल छाए रहे, शहरी इलाके में सुबह 6.30 बजे से करीब एक घंटे तक कभी तेज तो कभी रिमझिम बरसात हुई। लू के प्रकोप से परेशान लोगों ने इस बारिश को राहत की सांस बताया। मौसम विभाग के अनुसार, यह प्री-मानसून बारिश का आगाज है, 18-19 जून को अच्छी बारिश की संभावना है।

कई दिनों से अयोध्या में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास था। जिससे जनजीवन प्रभावित हो रहा था। गर्म हवा (लू) ने लोगों को घरों में रहने को मजबूर कर दिया था। मौसम विभाग के अनुसार, बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव क्षेत्र के कारण प्री-मानसून बारिश शुरू हुई है। अगले दो दिनों में बारिश की तीव्रता बढ़ने की संभावना है। किसानों के लिए यह बारिश किसी वरदान से कम नहीं है। खेतों में नमी की कमी से जूझ रहे किसानों को अब बुआई के लिए अनुकूल स्थिति मिलने की उम्मीद है। आचार्य नरेंद्र देव कृषि व मौसम विभाग के वैज्ञानिक डॉ. अमरनाथ मिश्र के अनुसार आगामी 24 घंटे पूर्वी उत्तर प्रदेश में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने एवं कहीं-कहीं हल्की वर्षा होने की संभावना है। हवा सामान्य गति से पूर्वी चलने की संभावना है।



हनुमानगढ़ी मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए लगी श्रद्धालुओं की कतार। अमृत विचार

### बरसात से मौसम हुआ सुहावना, श्रद्धालुओं के चेहरे खिले

रामनगरी में सोमवार सुबह हुई बारिश के बाद ठंडी पूर्वी हवा ने मौसम सुहावना बना दिया। इससे लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली। बड़ी संख्या में अयोध्या पहुंचे श्रद्धालुओं के चेहरे खिल उठे। श्रद्धालुओं ने सरयू नदी में स्नान करने के बाद हनुमानगढ़ी व रामलला का दर्शन पूजन किया। मध्य प्रदेश से आई मनीषा ने कहा कि दो दिन पहले अयोध्या में दर्शन के लिए आए थे। कल भी बहुत तेज गर्मी थी, आज बारिश के बाद मौसम कुछ ठंडा हो गया है। शालिनी सिंह ने कहा कि कल से आज के मौसम में बहुत अंतर आ गया है।

# लोकायुक्त की टीम पहुंची गांव 13 बिंदुओं पर की जांच पड़ताल

तारुन, अयोध्या।

**अमृत विचार :** ग्राम पंचायत कोरो राघवपुर में ग्राम प्रधान समेत पंचायत सचिव के ऊपर लगे भ्रष्टाचार की जांच करने के लिए सोमवार को लोकायुक्त की टीम गांव पहुंची। टीम ने 13 बिंदुओं पर विकास कार्यों की फाइलों की जांच पड़ताल की, साथ ही विकास कार्यों से जुड़े ग्राम वासियों से पूछताछ करते हुए साक्ष्य संकलित किया।

विकासखंड तारुन थाना क्षेत्र हैदरगंज के कोरोराघवपुर निवासी संजय सिंह ने गांव के विकास में हुए विभिन्न कार्यों मिनी स्टेडियम, अंत्येष्टि स्थल, तालाब खुदाई, राजकीय नलकूप का स्थानांतरण, इंडिया मार्का दो हैंडपंप आदि समेत 13 बिंदुओं पर आरोप लगाते हुए जांच कर कार्रवाई करने की मांग की थी। शिकायतकर्ता ने ब्लॉक और जिला स्तरीय टीम की जांच से संतुष्ट न होने पर लोकायुक्त का दरवाजा खटखटाया था। इस पर जांच टीम गठित हुई थी। टीम में जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय त्रिपाठी, भूमि संरक्षण विभाग अधिकारी डॉ. सुभाष वर्मा, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग से जय सिंह, ब्लॉक तारुन से एडीओ आईएसबी सुरेश कुमार, सांख्यिकी से मायाराम वर्मा शामिल हैं। इस दौरान शिकायतकर्ता संजय सिंह, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विनोद सिंह, ग्राम विकास अधिकारी कर्म राज सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे। टीम से जुड़े अधिकारियों ने कोई जानकारी देने से इनकार करते हुए कहा कि वह अपनी रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को सौंपेंगे।



ग्राम सभा कोरो राघवपुर में स्टेडियम की जांच पड़ताल करती लोकायुक्त की टीम।

## बेरोजगारों को ठगने वाले तीन लोग गिरफ्तार

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** फर्जी कंपनी धनवंतरी आयुर्वेद के नाम पर बेरोजगारों को ठगने के आरोप में कोतवाली नगर पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एसपी सिटी चक्रपाणि त्रिपाठी ने बताया कि बांदा निवासी नीरज कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि अयोध्या में फर्जी कंपनी धनवंतरी आयुर्वेद के नाम पर नेटवर्किंग मार्केट के नाम पर बेरोजगारों को नौकरी देने के नाम पर उन्हें फर्जी अप्वाइंटमेंट लेटर देकर ट्रेनिंग आदि के नाम पर 10 से 18 हजार रुपये प्रति व्यक्ति वसूले जा रहे हैं। उनसे भी इसके एवज में 11 हजार रुपये वसूले गए हैं। बताया कि तहरीर के आधार पर रविवार को केस दर्ज शहर कोतवाल अश्विनी पांडेय व उनकी टीम जांच कर रही थी। एक सूचना के आधार सोमवार को पुलिस टीम ने आरोपी रविकांत कुमार निवासी इस्माइलपुर थाना दनियावां जनपद पटना बिहार, राजकुमार गिरी निवासी ग्राम व पोस्ट सेवरही थाना सेवरही जनपद कुशीनगर व राजन कुमार कुशवाहा निवासी ग्राम मठिया भोकरिया थाना सेवरही जनपद कुशीनगर आदि जो वर्तमान में कोतवाली नगर के जनौरा इलाके में रह रहे हैं, को पोस्टमार्टम हाउस के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से 11 हजार रुपये व तीन मोबाइल बरामद हुआ। आरोपियों का चालान कर दिया गया है।

▸▸ धनवंतरी आयुर्वेद कंपनी के नाम पर देते थे फर्जी अप्वाइंटमेंट लेटर

# सुना सीएम का संबोधन, विधायक व डीएम ने बांटे 24 लाभार्थियों को चेक



सर्किट हाउस में प्रतीकात्मक चेक के साथ महिलाएं व विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे।

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** सीएम योगी ने मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के 11,690 आश्रित परिवारों को सोमवार को 561.86 करोड़ रूपये की सहायता धनराशि का वितरण अंबेडकरनगर जिले से किया। इसका सजीव प्रसारण सर्किट हाउस अयोध्या में विधायक सदर वेद प्रकाश गुप्ता और जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने कृषकों के साथ देखा। मुख्यमंत्री का संबोधन सुना। प्रसारण के बाद विधायक और जिलाधिकारी ने प्रतीकात्मक रूप से 24 लाभार्थियों को डमी चेक का वितरण किया।

विधायक ने कहा कि दुर्भाग्यवश जब किसी के परिवार का मुख्य कमाने वाला सदस्य नहीं रहता है। ऐसे परिवारों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के मद्देनजर मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत पैसे दिए जाते हैं। जिससे प्रभावित परिवार की आजीविका चल सके। बच्चों की पढ़ाई-लिखायी हो सके। यह महत्वपूर्ण योजना है। जिलाधिकारी ने बताया कि इस योजना के प्रभावी होने के दिनांक से अब तक इस योजना के तहत 31 मार्च 2025 तक 1,662 लाभार्थियों को योजना से लाभान्वित किया जा चुका है। 56 करोड़ 25 लाख 50 हजार रूपये की सहायता राशि का वितरण किया जा चुका है। वर्तमान वित्तीय साल में जिले की पाँचों तहसीलों में कुल 155 प्रकरणों को स्वीकृत किया जा चुका है। इसमें 168 लाभार्थियों के खाते में सात करोड़ 71 लाख रूपये की सहायता राशि उनके खातों में अन्तरित कर दी गई है। इसमें तहसील सदर के 19, सोहावल के 34, बीकापुर के 42, मिल्कीपुर के 44 लाभार्थी और रूदौली के 29 लाभार्थी शामिल हैं। कार्यक्रम में एडीएम प्रशासन अनिरूद्ध प्रताप सिंह, जिला कृषि अधिकारी सहित अन्य अधिकारी और किसान व उनके परिजन मौजूद रहे।



मिल्कीपुर के तहसील सभागार में महिला को प्रतीकात्मक चेक देते विधायक चंद्रभानु पासवान।

### विधायकों ने बांटी सहायता राशि

मिल्कीपुर प्रतिनिधि के मुताबिक तहसील सभागार में योजना के तहत 42 परिवारों को दो करोड़ 10 लाख रुपये की सहायता राशि वितरण मिल्कीपुर विधायक चंद्रभानु पासवान ने किया। उन्होंने सहायता राशि का प्रतीकात्मक चेक प्रदान किया। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष मिल्कीपुर श्याम नारायण पाठक, एसडीएम मिल्कीपुर सुधीर कुमार, तहसीलदार सुमित कुमार सिंह, नायब तहसीलदार आनंद प्रकाश राय व लाभार्थी मौजूद थे। रुदौली प्रतिनिधि के मुताबिक विधायक राम चन्द्र यादव ने तहसील सभागार में पांच-पांच लाख का चेक 29 लाभार्थियों को प्रदान किया। इस मौके पर पूर्व प्रमुख कमलेश यादव, राजस्व निरीक्षक अशोक मिश्रा, ओम प्रकाश श्रीवास्तव, दीनानाथ यादव रहे। सोहावल प्रतिनिधि के मुताबिक तहसील सभागार में बीकापुर विधायक डॉ. अमित सिंह चौहान ने 25 किसान के परिवार को पांच-पांच लाख रूपये चेक का प्रमाण पत्र वितरित किया। इस दौरान एसडीएम अभिषेक सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता सूर्य प्रसाद श्रीवास्तव, रमेश सिंह नानमून कानूनगो उदय राज सहित अन्य लोग थे।

## सार-संक्षेप

### चाणक्य परिषद ने सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

**अयोध्या।** अखिल भारतीय चाणक्य परिषद एवं श्रीश्री परशुराम सेवा ट्रस्ट के प्रतिनिधि मंडल ने सोमवार को डीएम के प्रतिनिधि नगर मजिस्ट्रेट राजेश मिश्र को कौशांबी जिले के लोहदा गांव के रहने वाले स्व. रामबाबू तिवारी की मृत्यु के मामले में प्रदेश के मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी और एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की हैं। परिषद के मुताबिक परिषद का एक प्रतिनिधिमंडल पं. कृपानिधान तिवारी के नेतृत्व में पीडित के गांव जाकर स्थिति का आंकलन किया। इसके बाद यहां ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देने वालों में परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक पं. कृपानिधान तिवारी, जिलाध्यक्ष लषण धर त्रिपाठी, डॉ. रामतेज पांडे, पूर्व अधिवक्ता संघ अध्यक्ष पारस नाथ, पं. देवकी नंदन त्रिपाठी सहित अन्य लोग थे।

### पोस्टर प्रतियोगिता में अमन, भाषण में मो. मुहीम अव्वल

**शुजागंज, अयोध्या/अमृत विचार।** अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ निषेध दिवस माह एक से 26 जून के अंतर्गत आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में अमन पांडेय प्रथम, रुही जायसवाल द्वितीय, तृतीय स्थान पर विष्णु सिंह व चतुर्थ स्थान नीतू यादव रहीं। शुभांकर वेल्फेयर सोसायटी व मद्य निषेध विभाग अयोध्या के तत्वावधान में शुजागंज स्थित एक कंप्यूटर सेंटर पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में मो. मुहीम प्रथम, द्वितीय स्थान पर शिवानी सिंह, तृतीय स्थान खुशी कसौधन को व चतुर्थ स्थान काजल मिश्रा को मिला। मुख्य अतिथि विजय प्रताप सिंह व रामराज ने विजेताओं को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका उत्साह वर्धन किया। जिला मद्य निषेध अधिकारी संजना सिंह ने सभी छात्र-छात्राओं को नशा न करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर सोसायटी के चेयरमैन रमेश कुमार यादव, हनुमान, संदीप राजपूत, कृष्णा, शिवा, सोनम समेत अन्य मौजूद रहे।

### निकाली बाल श्रम जन-जागरुकता रैली



चौक में अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस पर जागरूकता रैली में शामिल लोग।

**अयोध्या, अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस पर 12 से 17 जून के मध्य बाल श्रम निषेध सप्ताह के तहत सोमवार को उपश्रमायुक्त घनश्याम सिंह के नेतृत्व में घण्टाघर चौक से गुलाबबाड़ी अयोध्या तक बाल श्रम जन-जागरुकता रैली का निकाली गई। रैली में श्रम प्रवर्तन अधिकारी भूपेंद्र कुमार, प्रभात कुमार, जिला को-ऑर्डिनेटर पल्लवी, कविता, श्रमिक संगठन यूनियन कार्यालय के सूरज सहित अन्य लोग थे।

### जान से मारने की धमकी का लगाया आरोप

**रानी बाज़ार, अयोध्या : अमृत विचार।** थाना पूराकलंदर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा सिडहिर नरसिंहपुर निवासी रामेश्वर ने जमीन विवाद को लेकर पड़ोसी रेखा, रोली, नीरज व अंकित पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

### पहले दिन खुले विद्यालय, श्रमदान से सफाई

**रुदौली, अमृत विचार :** ग्रीष्मकालीन अवकाश समाप्त होने पर खुले विद्यालयों में पहले दिन सफाई की गई। प्राथमिक विद्यालय नरौली में अध्यापक रजनीश मिश्रा समेत श्रमदान कर अध्यापकों ने विद्यालय के कक्षों समेत परिसर की सफाई की। इस मौके पर प्रधानाध्यापक मुख्तार अहमद, सहायक अध्यापक रजनीश कुमार मिश्र, पंकज पांडेय, अंकित सिंह, खुर्शीद फातमा शिक्षा मित्र, किरन यादव शिक्षा मित्र मौजूद रही।

### कांग्रेस नेता को मातृ शोक, दी श्रद्धांजलि

**अयोध्या, अमृत विचार :** कांग्रेस सेवादल के पूर्व नगर अध्यक्ष फ्लावर नकवी की माता के निधन पर कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। सभा में जिलाध्यक्ष चेतनारायण सिंह, महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह, शीतला पाठक, उग्रसेन मिश्रा, उमेश उपाध्याय, बसंत मिश्रा, करन त्रिपाठी, दानिश जिया, मंशाराम यादव आदि ने श्रद्धांजलि दी।

कवायद

मियावाकी पद्धति से तैयार किए जाएंगे 11 हेक्टेयर जंगल, ऋषि-मुनियों व रामायण के पात्रों के नाम पर होंगे वनों के नाम

# 60 स्थलों पर की जाएगी ऋषियन वन की स्थापना

राजेंद्र पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचार:** जिले में 60 स्थलों पर ऋषियन वन की स्थापना होगी। लगभग 11 हेक्टेयर क्षेत्रफल में यह वन मियावाकी पद्धति से तैयार किए जाएंगे। इन वनों का नाम त्रेता युग में अयोध्या सहित अन्य स्थानों पर तपस्या करने वाले ऋषि-मुनियों और रामायण के पात्रों के नाम पर रखे जाएंगे। बारिश के साथ स्थापना शुरू हो जाएगी। प्रशासन का यह ड्रीम प्रोजेक्ट भी है।

त्रेता युग में अयोध्या वनाच्छादित क्षेत्र था। इसके प्रमाण आज भी मौजूद है। अयोध्या नगर के आसपास, अंबेडकरनगर के श्रवण क्षेत्र से अयोध्या के मवई तमसा उत्पत्ति स्थल तक जंगल का इलाका था। जहां-तहां बस्तियां थी। इसे प्रमोद वन कहते थे। मवई के बसौढ़ी और अंबेडकरनगर के श्रवण क्षेत्र में प्रमोद वन के शिलालेख भी देखे गए। साथ ही गोंडा जिले में सरयू के कछारी इलाके और बस्ती के अयोध्या से सटे क्षेत्र में भी ऋषि-मुनि वास करते थे। जगह-जगह जंगल में रहकर तपस्या करते थे। अयोध्या के साथ गोंडा और बस्ती में बहुत से स्थान लुप्त होने के बाद भी श्रेष्ठ ऋषि-मुनियों जन्म और तपस्थलियां मौजूद हैं।

श्रीराम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हो गई। अयोध्या को वैदिक सिटी बनाया जा रहा है। वैदिक सिटी में एक कांसेप्ट जंगल का भी है। जंगल से त्रेता युग की झलक मिलेगी। अयोध्या के तापमान में गिरावट होगी। यहां पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को शांति मिलेगी।

जिलाधिकारी निखिल टी. फुंडे और मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह स्वयं इसकी कमान संभाल रहे हैं। सीडीओ सिंह ने बताया कि जिले में 12 स्थानों पर लगभग 11 हेक्टेयर क्षेत्रफल में मियावाकी पद्धति से ऋषियन वन तैयार किए जाएंगे। इनके नाम त्रेता युग में अयोध्या में तपस्या करने वाले ऋषि-मुनियों के साथ रामायण के पात्रों के नाम पर रखे जाएंगे। इनकी सुरक्षा, रखरखाव की व्यवस्था की जा रही है। वन लगाए जाने के लिए गडढे खोदे जा रहे हैं। मनरेगा से स्थलों पर जरूरत के मुताबिक श्रमिक तैनात किए जाएंगे। वह देखभाल के साथ पौधों को पर्याप्त पानी की व्यवस्था करेंगे। मियावाकी पद्धति से जंगल घने और जल्दी तैयार होंगे।



पंचायत सोखावां में मियावाकी पद्धित से वन के लिए खुदाई करती महिलाएं।

### क्या है ऋषियन जंगल

ऋषियन जंगल से तात्पर्य जहां एक साथ कई ऋषि मुनि रहकर तपस्या करते हैं। राम चरित मानस सहित अन्य ग्रंथों में श्री राम के वन गमन के दौरान ऋषियन जंगल की चर्चा आई है। प्रयाग के भारद्वाज आश्रम के बाद यमुना पार करने के बाद दंडकारण्य में जगह-जगह श्री राम ऋषियन जंगल में पहुंचे थे। अयोध्या और गोंडा में भी कई स्थान ऐसे बताए गए हैं जहां समूह में ऋषि मुनि रहकर तपस्या करते थे।

### वन विभाग जिले में लगवाएगा 13 लाख पौधे

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** वर्षाकाल में वन विभाग जिले में 13.10 लाख पौधे लगवाएगा। इस वर्ष की थीम एक पेड़ मां के नाम-दो है। प्रभागीय वनाधिकारी प्रखर गुप्ता के मुताबिक विभाग कुमारगंज रेज में 3,71,400, अयोध्या रेंज में दो लाख, मया रेंज में 1,24,000, रुदौली रेंज में 2,46,000 व बीकापुर रेंज में 3,68,500 पौधों का रोपण किया जाना है। शेष 25,02,680 पौधे जिले के 26 विभागों के सहयोग से रोपित किए जाएंगे। अयोध्या वन प्रभाग के अन्तर्गत विभिन्न रेंजों को मिलाकर कुल 26 पौधशालाएं है. जिनमें रोपण हेतु पौध तैयार की जा रही है।

## डॉ. अपर्णा कोहली बनीं सीएचसी अधीक्षक

**रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार:** स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही की गाज सीएचसी अधीक्षक डॉ. मदन बरनवाल पर गिर गई। सीएमओ ने सीएचसी का नया अधीक्षक डॉ. अपर्णा कोहली को नियुक्त किया है। अधीक्षक डॉ मदन बरनवाल को नोडल झोला छाप बनाया गया है।

सीएमओ डा. सुशील कुमार बनियान ने बताया कि रविवार को सीएचसी के निरीक्षण के दौरान अधीक्षक के मेज की दराज में निजी डायग्नोस्टिक सेंटर के पर्चे पाए गए। अस्पताल की रसोई में मरीजों का खाना बनता नहीं मिला। भर्ती चार मरीजों को मानक के अनुसार भोजन का वितरण नहीं मिला। अस्पताल कर्मियों पर नियंत्रण न होने से आशा बहुओं का मरीज को सीएचसी से निजी अस्पताल ले जाने पर कार्रवाई न करने का दंश भी अधीक्षक को झेलना पड़ा। एक सप्ताह पहले सड़क की पटरी पर हुए प्रसव में हुई स्वास्थ्य विभाग की किरकिरी भी स्थानांतरण का कारण बनी। डिप्टी सीएमओ डॉ. पीके गुप्ता ने नई अधीक्षक अर्पणा कोहली को पदभार ग्रहण कराया।




### आज का मौसम

आगामी 24 घंटे बादल छाए रहने व हल्की वर्षा की संभावना है।

| 36.5⁰ | 27.0⁰ |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |

### आज के कार्यक्रम



- मुख्य अभियंता वितरण कार्यालय पर निविदा संविदा कर्मियों का धरना सुबह 10 :00 बजे से।
- डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में योग दिवस को लेकर पूर्वाभ्यास व बैठक सुबह 11 :00 बजे से।
- विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन पूराबाजार के सराय चैमल में पंचायत भवन पर शाम 04 :00 बजे से।

### डैशबोर्ड के आधार पर समीक्षा 19 को

**अयोध्या, अमृत विचार :** सीएम डैशबोर्ड के आधार पर माह मई की जारी रैंकिंग के आधार पर विकास एवं निर्माण कार्य सम्बंधी योजनाओं की समीक्षा 19 जून को अपराह्न तीन बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में होगी। मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह ने बताया कि इसकी अध्यक्षता जिलाधिकारी करेंगे।

# जिला अस्पताल में लाल खून के काले धंधे का भंडाफोड़

## पीपल के पेड़ के नीचे होता है सौदा, ब्लड बैंक की भूमिका भी संदिग्ध

### सीएमओ ने जारी करवाया संदिग्ध का चेहरा

### एक पीड़ित की शिकायत पर सीएमओ ने मारा छापा, सात हजार में बिका ब्लड

### एसएसपी ने दिये एफआईआर दर्ज करने के निर्देश




अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में लाल खून के काले धंधे का भंडाफोड़ हुआ है। पुराने सीएमओ कार्यालय के पास पीपल के पेड़ के नीचे सौदेबाजी किए जाने का मामला सामने आया है। सीसीटीवी फुटेज देखने और पीड़ित से बातचीत के बाद एक संदिग्ध की तस्वीर सामने आई है। इसमें सीधे-सीधे ब्लड बैंक की भूमिका संदिग्ध दिख रही है। इंचार्ज पर भी अंगुलियां उठ रही हैं। पूरे मामले की जांच कराने के लिए सीएमओ ने सीएमएस को पत्र लिखा है। देर रात एसएसपी गौरव ग्रोवर ने मामले का संज्ञान लेते एफआईआर दर्ज करने के आदेश दे दिए।

सीएमओ डॉ.सुशील कुमार टीम के साथ सोमवार दोपहर 12 बजे महिला अस्पताल पहुंचे। यहां तृतीय तल पर भर्ती रीना के देवर अरविंद बरौली, मवई ने बताया कि रविवार को उसकी भाभी को ए प्लस ब्लड ग्रुप के खून की जरूरत थी। उसने जिला अस्पताल के ब्लड बैंक से संपर्क साधा तो नहीं नहीं मिल पाया। इसके बाद वह निराश होकर लौट ही रहा था कि पुराने सीएमओ ऑफिस के पास पीपल के पेड़ के नीचे बैठे दो लोगों ने उसे रोक लिया। अरविंद को आश्वासन दिया कि वे उसे खून दिला देंगे, लेकिन सात हजार रुपये देने होंगे। उसने पैसे दिए और आधे घंटे में ही ब्लड की एक यूनिट का इंतजाम हो गया। वहीं सीएमओ के महिला अस्पताल में पहुंचने पर सीएमएस डॉ. विभा कुमारी ने तीखी नाराजगी व्यक्त की थी।


सीएमएस कक्ष में सीएमओ डॉ. सुशील कुमार व सीएमएस डॉ. एके सिन्हा ब्लड बैंक का रिकॉर्ड चेक कराते हुए।


जिला अस्पताल में सीसीटीवी फुटेज देखते सीएमओ।

#### शिकायत मिलने के बाद पहुंचे थे सीएमओ

तीमारदार अरविंद ने सीएमओ से इसकी शिकायत की थी। इसके बाद वह महिला अस्पताल से सीधे जिला अस्पताल ब्लड बैंक पहुंच गए। यहां इंचार्ज की भूमिका निभा रहे डॉ. फुजैल अंसारी और अस्थि रोग विशेषज्ञ अंदर के कक्ष में बैठकर नाश्ता कर रहे थे। सीएमओ को देखकर सब हड़बड़ा गए। इसके बाद उन्होंने चिकित्सकों से पूछताछ भी की।

#### दलाल को ऑनलाइन किया था भुगतान

जिला अस्पताल के मैनेजर राजेंद्र तिवारी के कक्ष में बैठकर सीएमओ ने पीड़ित अरविंद को बुलवाकर रविवार दोपहर सीसीटीवी फुटेज खंगलवाई। वह आरोपी की पहचान ही करा रहे थे कि थोड़ी देर में अरविंद ने बताया कि उसने भुगतान ऑनलाइन किया था। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने उस नंबर का वाट्सएप चेक किया। वाट्सएप डीपी में लगी तस्वीर को सीएमओ ने संदिग्ध बताते हुए सार्वजनिक कर दिया।



#### लेवन वन के अफसर संभाल नहीं पा रहे ब्लड बैंकः सीएमओ

सीएमओ डॉ.सुशील कुमार ने बताया कि जिला अस्पताल में निश्चित कोई गिरोह काम कर रहा है। इसमें ब्लड बैंक के स्टाफ की मिलीभगत से इन्कार नहीं किया जा सकता है। मैंने सीएमएस से इस संबंध में बात की है और जांच करा कार्रवाई के लिए पत्र भेज रहा हूं। पता चला है कि ब्लड बैंक के इंचार्ज लेवल वन के अफसर है। वह चला नहीं पा रहे हैं। इसके लिए एक वरिष्ठ अफसर का होना बहुत जरूरी है।


जानकारी देता पीड़ित।


इसी संदिग्ध को किया ऑनलाइन पेमेंट।



#### एमडी हैं ब्लड बैंक प्रभारी : सीएमएस

सीएमएस डॉ. एके सिन्हा ने बताया कि सीएमओ के सामने ही ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. फुजैल अंसारी को बुलाया गया था। उन्होंने रिकॉर्ड भी देखे हैं। जांच के लिए पत्र भेजने को कहा था, अभी मिला नहीं है। अस्पताल में इस तरह का गोरखधंधा चलना गंभीर विषय है। मामले की जांच कराई जाएगी। ब्लड बैंक प्रभारी के भले ही लेवल वन के अफसर हैं। हमने एमएस डॉ. अजय चौधरी के स्तर से जांच कराई है। पता चला है कि वह एमडी पैथोलॉजिस्ट हैं।

#### वरिष्ठ सहायक से मांगा स्पष्टीकरण

**अयोध्या।** जिला अस्पताल के वरिष्ठ सहायक प्रशांत विश्वास से सीएमएस डॉ. एके सिंह ने स्पष्टीकरण मांगा है। एक दिन पहले ही प्रशांत ने चिकित्सालय के ग्रुप पर मैसेज डालकर सीएमएस से जान बचाने की गुहार लगाई थी। प्रशांत ने पत्र में लिखा था कि सीएमएस को अस्पताल की गतिविधियों की शिकायत देने के बाद उसके जीवन को खतरा है। सीएमएस डॉ. एके सिन्हा ने बताया कि प्रशांत विश्वास से पूछा गया है कि उन्हें किससे खतरा है।

#### सीएमओ साहब रोज-रोज ये ठीक नहीं हैं: डॉ. विभा

**अयोध्या, अमृत विचार :** मामले की सूचना मिलते ही सीएमओ सबसे पहले महिला चिकित्सालय पहुंचे थे। वह अपनी टीम के साथ तृतीय तल से लौट ही रहे थे तो महिला अस्पताल की सीएमएस डॉ. विभा की नाराजगी दिखी। उन्होंने सीएमओ से साफ कह दिया, सर ये ठीक नहीं है। महिला अस्पताल को ही टारगेट क्यों किया जा रहा है। आये दिन इस तरह के निरीक्षण से अस्पताल की बदनामी होती है। मैं अस्पताल के लिए दिन-रात एक कर दे रही हूं। उन्होंने सीएमओ से पूछा कि जब हमारे यहां का मामला ही नहीं था तो क्यों इस तरह के निरीक्षण किये जा रहे हैं। हालांकि सीएमओ ने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।

### स्नातक व परास्नातक में आवेदन की तारीख बढ़ी

**अयोध्या, अमृत विचार :** अवध विश्वविद्यालय ने स्नातक और परास्नातक कोर्स में प्रवेश के लिए छात्र हित में आवेदन की आखिरी तारीख बढ़ा दी है। अब छात्र स्नातक के लिए 10 जुलाई एवं परास्नातक के लिए 15 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं।

आवासीय प्रवेश समन्वयक प्रो. शैलेंद्र कुमार ने बताया कि प्रभारी कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह ने छात्रों हित निर्णय लिया है। ऐसे छात्र जो सीयूईटी में आवेदन नहीं कर पाए थे, वे अब आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने के लिए डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर समर्थ पोर्टल के जरिए फॉर्म भर सकते हैं। हर कोर्स का आवेदन शुल्क और बाकी जरूरी जानकारी वेबसाइट पर दी गई है। प्रो. शैलेंद्र कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय से संबद्ध सभी महाविद्यालय में भी प्रवेश के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट समर्थ पोर्टल https://rmlauadm.samarth.edu.in के माध्यम से पंजीयन उसके बाद ही छात्र को कॉलेज में प्रवेश लेगा।

### 84 एंटीजन टेस्ट में एक कोरोना पॉजिटिव मिला

**अयोध्या।** जिले में चल रहे एंटीजन टेस्ट सेंटरों पर सोमवार को हुई 84 लोगों की जांच एक और कोरोना पॉजिटिव पाया गया। आज मिला कोरोना पाजिटिव नगरीय क्षेत्र से है। इसे लेकर विभाग ने अतिरिक्त सतर्कता बरतनी शुरू कर दी है। इससे पहले 4 पॉजिटिव पाए जा चुके हैं। कोविड बुलेटिन के मुताबिक अर्बन क्षेत्र में पाए गए कोरोना पाजिटिव को होम क्वारटाइन पर रखा गया है। सीएमओ डॉ. संजय बनियान ने बताया कि कोरोना को लेकर सभी केंद्रों और सीएचसी पीएचसी पर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। संदिग्ध मरीजों का एंटीजेन टेस्ट कराया जा रहा है।

### पॉक्सो एक्ट में दो युवकों को तीन साल की सजा

**अयोध्या, अमृत विचार।** किशोरी के साथ अश्लील हरकत करने के मामले में कोर्ट ने दो युवकों को पॉक्सो एक्ट के तहत तीन-तीन साल के कठोर कारावास तथा प्रत्येक को 10 हजार 500 रुपये जुर्माना से दंडित किया है। फैसला विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट रजत वर्मा की अदालत से सोमवार को हुआ।

विशेष लोक अभियोजक आशीष द्विवेदी व केपी सिंह ने बताया कि घटना 29 जुलाई 2021 की है। गोसाईगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 16 वर्षीय किशोरी पीपल के पेड़ के पास बैठी थी। तभी शिवम विश्वकर्मा व शुभम विश्वकर्मा निवासी बेलवाड़ी खान थाना गोसाईगंज किशोरी के साथ अश्लील हरकत करने लगे। शोर मचाने पर दोनों बाइक से भाग निकले। इसके बाद 8 अगस्त 2021 को दोबारा दोनों ने किशोरी के घर में घुसकर छेड़छाड़ व मारपीट की। इसकी रिपोर्ट किशोरी के पिता ने दोनों युवकों के खिलाफ दर्ज कराई थी। सुनवाई के बाद कोर्ट ने दोषी पाते हुए सजा दी।

# राम मंदिर के 500 वर्षों के संघर्ष की गाथा बताएगी डॉक्यूमेंट्री

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर के 500 वर्षों के संघर्ष, आंदोलन, कानूनी लड़ाई और निर्माण यात्रा को समर्पित भव्य डॉक्यूमेंट्री डॉक्यूमेंट्री दिसंबर 2025 के बाद छह चैप्टर में रिलीज होगी।

मंदिर ट्रस्ट की निगरानी में पुणे की एक प्रसिद्ध डॉक्यूमेंट्री निर्माण कंपनी इसे तैयार कर रही है। निर्माता-निर्देशक एकनाथ सतपुरकर ने बताया कि फिल्म की शूटिंग दिसंबर 2025 तक चलेगी। इसके बाद यह छह अध्यायों में रिलीज होगी। डॉक्यूमेंट्री के निर्माता-निर्देशक सतपुरकर ने बताया कि मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय की इच्छा है कि निर्माण कार्य के अंतिम चरण तक की फुटेज शामिल की जाए। इसलिए शूटिंग दिसंबर तक चलेगी। पोस्ट प्रोडक्शन और एडिटिंग का कार्य आठ महीनों से जारी है।

उन्होंने बताया कि इस डॉक्यूमेंट्री में मंदिर आंदोलन से जुड़े संत-महंत, कारसेवक, पूर्व मंत्री, राजनेता, पत्रकार और प्रमुख धर्माचार्यों सहित 170 लोगों के साक्षात्कार शामिल किए गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का विशेष विस्तृत इंटरव्यू भी रिकॉर्ड किया गया है। सतपुरकर ने बताया कि अब तक 10 टेराबाइट डेटा की शूटिंग पूरी हो चुकी है। बैकग्राउंड में मधुर भजन, शास्त्रीय नृत्य, लोकनृत्य और आरती जैसे आध्यात्मिक तत्वों को शामिल कर इसे भावनात्मक और दर्शनीय बनाया जा रहा है।

#### संक्षिप्त कॉम्पैक्ट संस्करण भी होगा

सतपुरकर ने बताया कि छह-एपिसोड की डॉक्यूमेंट्री के साथ-साथ एक संक्षिप्त कॉम्पैक्ट संस्करण भी बनाया जाएगा। जिसमें पूरे मंदिर आंदोलन और निर्माण यात्रा को एक ही रील में समेटा जाएगा। डॉक्यूमेंट्री न केवल एक ऐतिहासिक दस्तावेज के रूप में बल्कि श्रद्धा, संघर्ष और संकल्प की अनुपम गाथा के रूप में सामने आएगी।

### किशोरी का अपहरण, अश्लील हरकत करने का आरोपी दोषी करार

**अयोध्या, अमृत विचार।** किशोरी का अपहरण करके उसके साथ अश्लील हरकत करने के मामले में युवक को दोषी पाते हुए कोर्ट ने न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया। सजा के प्रश्न पर सुनवाई 17 जून को होगी। फैसला विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट रजत वर्मा की अदालत से सोमवार को हुआ।

▸▸ **सजा के प्रश्न पर सुनवाई आज**

पॉक्सो एक्ट के विशेष लोक अभियोजक केपी सिंह व आशीष द्विवेदी ने बताया कि घटना 22 जुलाई 2019 की रात की है। रौनाही थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी को राम मगन ने बेहोश करके अपने ट्रक में बैठा लिया। तीन दिन तक वह किशोरी को बेहोश रखा। इसके बाद 26 जुलाई 2021 को रात 11 बजे बाइक से लाकर उसके घर छोड़ दिया। इसकी रिपोर्ट पीड़िता के पिता ने राम मगन के खिलाफ अपहरण करके नशीला पदार्थ खिलाने, अश्लील हरकत करने और पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज कराई थी। सुनवाई के बाद कोर्ट ने राम मगन को जहरीला पदार्थ खिलाने की धारा से दोष मुक्त कर दिया जबकि अन्य में दोषी पाते हुए जेल भेज दिया।

## सार-संक्षेप


चौक स्थित पुरानी सब्जी मंडी में पीड़ित परिवारों से मुलाकात करते वामपंथी दलों के प्रतिनिधिमंडल के सदस्य।

### प्रतिनिधिमंडल ने की सब्जी मंडी के पीड़ितों मुलाकात

**अयोध्या, अमृत विचार :** वामपंथी दलों के प्रतिनिधि मंडल ने सोमवार को चौक स्थित पुरानी सब्जी मंडी के पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। पीड़ितों के घर ध्वस्त किए गए थे। प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व कर रहे भाकपा जिला सचिव अशोक कुमार तिवारी, माकपा जिला सचिव अशोक यादव और भाकपा (माले) जिला प्रभारी अतीक अहमद ने प्रशासन की कार्रवाई की निंदा की। कहा कि बिना पुनर्वास की व्यवस्था किए किसी को उजाड़ना न्याय की अवधारणा के खिलाफ है। प्रभावित परिवारों को पुनर्वास के तहत मकान व दुकान की व्यवस्था करने, पर्याप्त मुआवजा देने, इस तरह की कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग की। प्रतिनिधि मण्डल में भाकपा सहायक जिला सचिव शैलेन्द्र प्रताप सिंह, भाकपा नेता सूर्यकान्त पाण्डेय, ट्रेड यूनियन नेता काशी राम यादव, माकपा नेता मयाराम वर्मा, भाकपा नेता ओमप्रकाश यादव आदि थे।

### प्राथमिक विद्यालय कौराहः बाउंड्री के अंदर धान की नर्सरी


स्कूल परिसर लगाई गई धान की नर्सरी। अमृत विचार

**कुमारगंज अयोध्या : अमृत विचार।** शिक्षा क्षेत्र अमानीगंज के प्राथमिक विद्यालय कौराह में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां स्कूल की बाउंड्री के अंदर बच्चों के खेलने या किचन गार्डन के लिए आरक्षित स्थान पर धान की नर्सरी डाल दी गई है। खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) अमानीगंज, राजेश कुमार ने इस पर आश्चर्य जताया और कहा कि स्कूल परिसर में धान की नर्सरी डालना पूरी तरह से अनुचित है। स्कूल का परिसर बच्चों की शिक्षा और उनकी गतिविधियों के लिए होता है, न कि कृषि कार्यों के लिए। इसकी जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### विद्युत संविदा कर्मियों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन


अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते विद्युत मजदूर पंचायत संघ के पदाधिकारी।

**अयोध्या,अमृत विचार :** संविदा व निविदा कर्मियों को निष्कासन के विरोध में मुख्य अभियंता वितरण कार्यालय प्रांगण में चल चल रहा धरना सोमवार को 56 वें दिन भी जारी रहा। अयोध्या जोन विद्युत मजदूर पंचायत के तत्वावधान में प्रांतीय उपमंत्री रघुवंश मिश्र व संगठन अध्यक्ष जय गोविंद की अगुआई में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया कि आउट सोर्सिंग बिजली निविदा व संविदा कर्मचारियों को बिना किसी नोटिस के मुख्य अभियंता द्वारा निष्कासित कर दिया गया। इसके विरोध में शान्तीपूर्ण तरीके से किये जा रहे आन्दोलन को दबाने के उद्देश्य से मुख्य अभियंता द्वारा निविदा कर्मचारियों व संगठन के नेताओं के विरूद्ध नगर कोतवाली में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराने का प्रयास किया जा रहा है। अनावश्यक रूप से अर्थदण्ड लगाकर दिनांक 25 जून तक जमा कराने का आदेश जारी किया गया है। ज्ञापन में निष्कासित कर्मियों को वापस लेने व अर्थदंड समाप्त कराने की मांग की गई है। ज्ञापन देने वालों प्रांतीय उपमंत्री रघुवंश मिश्र, संगठन अध्यक्ष जय गोविंद समेत बड़ी संख्या में विद्युतकर्मी मौजूद रहे।

### 19 ग्राम सचिवों के तबादले

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिले की ग्राम पंचायतों में तैनात 12 ग्राम पंचायत अधिकारियों और सात ग्राम विकास अधिकारियों का तबादला दूसरे ब्लॉक या क्षेत्रों में कर दिया गया। दोनों संवर्गों के लोग ग्राम पंचायतों में ग्राम सचिव के पद पर तैनात होते हैं। तबादले की जद में आए कर्मचारी लगभग छह साल से तैनात थे। जिला विकास अधिकारी कार्यालय से सात ग्राम विकास अधिकारियों को उनके तैनाती स्थल से दूसरे स्थान पर भेजा गया। जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय से 12 ग्राम पंचायत अदिकारियों को दूसरे स्थानों पर तबादला किया गया। जिला विकास अधिकारी महेंद्र देव ने बताया कि सबसे ज्यादा समय से एक ही ग्राम पंचायत में तैनात रहे ग्राम विकास अधिकारियों का तबादला कर दिया गया।

# सिर्फ ऑफलाइन पास से हो रहा रामदरबार का दर्शन

अयोध्या कार्यालय।


भव्य सजा राजाराम का दरबार।

**अमृत विचार :** राम मंदिर के प्रथम तल पर विराजमान राम दरबार विशिष्ठ जनों के लिए खुल गया गया। यहां अभी सुगम और वीआईपी पास धारकों को दर्शन के लिए प्रवेश मिल रहा है। अभी ऑनलाइन पास बनने की व्यवस्था प्रारंभ नहीं की गई है।

राम दरबार में आरती के समय श्रद्धालुओं को प्रवेश नहीं दिया जा रहा है। ट्रस्ट की माने तो इस व्यवस्था के लिए अभी कुछ और समय लगेगा। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि प्रतिदिन 1800 श्रद्धालु राम दरबार के दर्शन कर सकेंगे। जिसमें से 900 पास राम मंदिर ट्रस्ट द्वारा व 900 पास अयोध्या जिला प्रशासन द्वारा जारी किये जायेंगे। इसमें 600 पास विशिष्ट रहेंगे और 300 पास सुगम दर्शन के रहेंगे। यह सभी पास निशुल्क रहेंगे। बताया कि राम मंदिर में दर्शन करने के लिए सुबह सात से नौ बजे तक, नौ से 11, दोपहर एक से अपराह्न तीन बजे तक, अपराह्न तीन से शाम पांच बजे तक, शाम पांच से सात और शाम सात से रात नौ बजे तक पास के स्लॉट बनाए जाएंगे। प्रत्येक स्लॉट में 300 पासधारक राम दरबार के दर्शन कर सकेंगे। बताया कि राम मंदिर में अब दर्शन करने आने वाले श्रद्धालु बालक राम के साथ राजा राम के भी दर्शन कर सकेंगे। साथ ही आगामी दिनों में राम मंदिर परिसर में बने अन्य मंदिरों में भी भक्त दर्शन पूजन कर सकेंगे।

# कई वर्षों से एक ही थाने पर जमे 297 सिपाहियों का स्थानांतरण

**अयोध्या, अमृत विचार।** एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कई साल से एक ही थाने पर तैनात 297 सिपाहियों के कार्यक्षेत्र में परिवर्तन किया है। इसके साथ ही 12 उपनिरीक्षकों को भी इधर से उधर किया है।

स्थानांतरित होने वाले सबसे अधिक 41 सिपाही कोतवाली नगर के हैं। कोतवाली अयोध्या के 32, रुदौली के 18, थाना रौनाही के 20, कोतवाली बीकापुर के 16, थाना कैंट के 12, पूराकलंदर के 17, इनायतनगर के 19, तारुन के 16, कुमारगंज के 13, महाराजगंज के 17, खंडासा के 11, मवई के नौ, रामजन्मभूमि के 10, गोसाईगंज के 15, हैदरगंज के 15 व पटरंगा थाने के 10 सिपाही शामिल हैं। इनमें से ज्यादातर सिपाही एक ही थाने पर तीन साल से ज्यादा समय से तैनात थे।

वहीं, एसएसपी ने कोतवाली नगर में तैनात उपनिरीक्षक राजेंद्र सिंह को थाना पूराकलंदर, यहां तैनात रहे संतोष सिंह को कोतवाली नगर, थाना पूराकलंदर में तैनात मुश्ताक शाह को कोतवाली रुदौली, थाना साइबर क्राइम में तैनात इश्तियाक अहमद को थाना पूराकलंदर, यहां तैनात रहे रवींद्र सिंह को थाना कैंट, यहां तैनात रहे सुरेंद्र सिंह को थाना पूराकलंदर, गोसाईगंज में तैनात उपेंद्र सिंह को थाना इनायतनगर, थाना महाराजगंज में तैनात दिनेश यादव को थाना पटरंगा, यहां तैनात संतराज वर्मा को महाराजगंज, यहां तैनात रहे अजीत तिवारी को चौकी रामजन्मभूमि, पुलिस लाइन में तैनात विमल पांडेय को थाना रौनाही व अरविंद शुक्ला को थाना रामजन्मभूमि में तैनाती दी गई है।

▸▸ **एसएसपी ने किया फेरबदल, 24 दरोगा भी इधर से उधर**

निमार्ण कार्य

## सुंदर कलाकृतियों से परिपूर्ण परकोटा होगा भक्तों के आकर्षण का केंद्र

# नवंबर में पूर्ण होगा श्रीराम मंदिर का 800 मीटर लंबा परकोटा

अयोध्या कार्यालय


श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर में निर्माणाधीन परकोटा।

**अमृत विचार :** राम मंदिर सहित परकोटा के अन्य देवालयों में प्राण प्रतिष्ठा संपन्न होने के बाद नवंबर तक परकोटा तैयार हो जाएगा। इसके बाद ही श्रद्धालुओं को दर्शन पूजन के लिए इसमें प्रवेश मिलेगा। यहां छह अन्य मंदिरों में भगवान गणेश, हनुमान जी, सूर्यदेव, माता भगवती, मां अन्नपूर्णा और भगवान शिव का मंदिर स्थापित किया गया है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने सोमवार को इसकी तस्वीर जारी की।

मंदिर की भव्यता को और चार चांद लगाने के लिए अद्भुत और अलौकिक कलाकृतियों के नक्काशीदार पत्थरों से 800 मीटर की परिधि में परकोटा का निर्माण किया जा रहा है। जिसका लगभग 80 प्रतिशत कार्य भी पूरा हो चुका है। द्वितीय चरण में प्राण प्रतिष्ठा संपन्न होने के बाद परकोटा के कार्यों को पूर्ण करने के लिए निर्माण गति तेज कर दी गयी है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट परकोटे के निर्माण को गति देते हुए बीते दिनों हुए निर्माण समिति की बैठक में ट्रस्ट के महामंत्री चम्पतराय और निर्माण समिति अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र के साथ ही कार्यदायी संस्था एलएन्डटी लगातार इस ओर ध्यान दे रही है कि नवंबर तक संपूर्ण परिसर भक्तों के लिये खोल दिया जाए। ट्रस्ट ने भक्तों से अभी कुछ महीने और धैर्य रखने की अपील की है।

▸▸ **ट्रस्ट ने जारी की फोटो भगवान श्रीराम के जीवन से जुड़ी लीलाओं के भी होंगे दर्शन**

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने जानकारी साझा की है कि मंदिर के चारों ओर परकोटा (प्राचीर) का नवीनतम वर्तमान दृश्य इसकी चौड़ाई 14 फीट आयातकार है। जिसमें पिंक सैंड स्टोन से परकोटे का निर्माण किया जा रहा है। सुंदर कलाकृतियों से परिपूर्ण यह परकोटा भक्तों के आकर्षण का केंद्र बनेगा। वहीं इस चौदह फिट परकोटे में भगवान श्रीराम के जीवन से जुड़ी लीलाओं के भी दर्शन होंगे, जो वर्तमान और आने वाली पीढ़ियों के लिए सुखद संदेश भी देगा।

### वर्किंग प्रोफेशनल प्रवेश के लिए करें आवेदन

**अयोध्या, अमृत विचार:** राजकीय महिला पॉलिटेक्निक अयोध्या में संचालित तीन वर्षीय डिप्लोमा इन आईटी पाठ्यक्रम में वर्किंग प्रोफेशनल (कामगारों) को वर्ष 2025-26 से प्रवेश के लिए एआईसीटीई से अनुमोदन प्रदान किया गया है। इसके तहत संस्था में संचालित डिप्लोमा पाठ्यक्रम, इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी में उन वर्किंग प्रोफेशनल (कामगारों) को सीधे द्वितीय वर्ष में प्रवेश दिया जाएगा। जो किसी भी उद्योग में एक वर्ष से कार्यरत हो और उद्योग राजकीय महिला पॉलीटेक्निक से 50 किलोमीटर की त्रिज्या में स्थित हों। इसके लिए शैक्षिक योग्यता हाई स्कूल/आईटीआई उत्तीर्ण हो। राजकीय महिला पॉलिटेक्निक के प्रधानाचार्य एलपी सिंह ने बताया कि पाठ्यक्रम की कक्षाएं सायंकालीन एवं साप्ताहिक अवकाशों में संचालित की जाएगी।

# योग हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग : डॉ. बिजेन्द्र

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** योग हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है, यह अनन्त काल से हमारी ज्ञान निधि है। योग हमारी सनातन परम्परा का ज्ञान है, जिसे हम साधना विज्ञान के रूप में प्रस्तुत कर रहे है। ये बातें सोमवार को डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति कर्नल डॉ. बिजेन्द्र सिंह ने कहीं। वह कौटिल्य प्रशासनिक सभागार में अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी योग एवं समग्र स्वास्थ्य का हाईबिड मोड में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति सर्वोच्च है। महावीर

**▸▸ गंभीर चुनौतियों का समाधान है योग : प्रो. दानपति**

**▸▸ योग करता है स्वस्थ्य मष्तिष्क का निमार्ण: डॉ. एलरिक**

स्वामी, भगवान बुद्ध के जीवन के उपदेश की अलग-अलग मुद्राएं जिनसे अलग-अलग भाव उत्पन्न होते हैं, वह योग है। इससे शरीर की तंत्रिका तंत्र एवं प्रमुख अंगों को व्यवस्थित करने में सहायता मिलती है। प्रभारी कुलपति ने कहा कि सूर्य नमस्कार 12 आसनों का समूह है। जो हमारे शरीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए पर्याप्त है। इसी के साथ प्राणायाम सांसों पर आधारित अभ्यास है। जो विचारों को नियंत्रित करता है। हमें आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान करता है।



कौटिल्य प्रशासनिक सभागार में बैठक लेते प्रभारी कुलपति डॉ. बिजेन्द्र सिंह।

ऋषियों के हजारों वर्ष की तप-साधना का प्रतिफल योग है। योग साधना से ही संत माइनस डिग्री तापमान पर कन्दराओं में आज भी तपस्या करने में समर्थ है।

संगोष्ठी के मुख्य अतिथि एवं वक्ता कामता प्रसाद सुंदर लाल साकेत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. दानपति तिवारी ने कहा कि मानव जीवन कई गंभीर चुनौतियों से परिपूर्ण है। इसका समाधान सिर्फ योग है। वर्ष 2014 से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने योग की जो ज्योति जलाई है, वह सतत प्रज्वलित हो रही है। आज विश्वभर में लगभग 300 मिलियन लोग योग से सतत जुड़ रहे है। योग का मूल उद्देश्य जीवात्मा एवं परमात्मा का मिलन है। योग जीवन में संतुलन पैदा करता है। योग जीने की प्रमुख कला है। अमेरिका से जुड़े योग वैज्ञनिक डॉ. एलरिक ने कहा कि शोध अध्ययन में जिन छात्र-छात्राओं को नियमित योगाभ्यास कराया गया था, वे मानसिक, बौद्धिक व शारीरिक रूप से ज्यादा सक्षम एवं स्वस्थ्य पाये गये। योग से स्वस्थ्य मष्तिष्क का निमार्ण होता है, इससे सामाजिक एवं पारिवारिक परिवेश स्वस्थ्य रहता है। अमेरिका की डॉ. सिंथिया ने योग को भारत की सांस्कृतिक शक्ति बताते हुए कहा कि योग मष्तिष्क को अत्यधिक ऊर्जावान बना देता है। यह कई शोध अध्ययनों से प्रमाणित हो चुका है।

तकनीकि सत्र की अध्यक्षता करते हुए संयोजक प्रो. एसएस मिश्र ने कहा कि योग से व्यक्ति स्वयं की चेतना से जुड़ जाता है। वेद हमारे ज्ञान के भंडार हैं। जिससे हमारी संस्कृति विकसित हुई है। गीता के अध्याय चार का उल्लेख करते हुए प्रो. मिश्र ने कहा कि यह एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में हस्तान्तरित हुआ है। हर व्यक्ति में ईश्वर का अंश है, स्वयं को समझना ही योग है।

अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का संचालन डॉ. अनुराग सोनी एवं आलोक तिवारी ने किया। कार्यक्रम का समापन शान्ति पाठ से हुआ। अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के अवसर पर प्रो. शैलेन्द्र कुमार वर्मा, प्रो. गंगाराम मिश्रा, प्रो. सुरेन्द्र मिश्रा, वाह्य आमन्त्रित योग विशेषज्ञ राजपाल यादव, रामसुफल, सौरभ गुप्ता, डॉ. अर्जुन सिंह, गायत्री वर्मा, स्वाति उपाध्याय, कुमार मंगलम, आदि लोग उपस्थित रहे। ऑनलाइन मोड में लगभग 170 लोग देश-विदेश से जुड़े रहे।

## सार-संक्षेप



पब्लिक सेवा संस्थान द्वारा फादर्स डे पर सम्मानित लोग, साथ में अतिथि अभिषेक मिश्र।

### फादर्स-डे पर किया भव्य आयोजन

**अयोध्या, अमृत विचार :** पब्लिक सेवा संस्थान द्वारा बीएन एकेडमी स्कूल पहाड़गंज शिवनगर में फादर्स-डे के उपलक्ष्य में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने दीप प्रज्वलन कर की। कार्यक्रम में आए अतिथियों को अंगवस्त्र और राम दरबार दे कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पिता के सम्मान और उनके योगदान को याद करते हुए समाज में उनके महत्व को रेखांकित किया गया। इस अवसर पर संस्था के मुख्य ट्रस्टी राकेश श्रीवास्तव, प्रदेश अध्यक्ष राहुल श्रीवास्तव, मंडल उपाध्यक्ष प्रतिभा यादव, जिला अध्यक्ष तथास्तु सिंह, जिला को-ऑर्डिनेटर रामकुमार, महासचिव बबीता यादव आदि मौजूद रहे।

### भारतीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क में कृषि विवि को 27 वीं रैंक

**कुमारगंज, अयोध्या। अमृत विचार :** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय को उत्कृष्ट कार्यों के चलते एक बार फिर बड़ी सफलता हाथ लगी है। कृषि विश्वविद्यालय ने आईआईआरएफ (भारतीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क) रैंकिंग में 27 वीं रैंक हासिल की है। झोली में यह उपलब्धि आते ही विश्वविद्यालय के कर्मचारियों, शिक्षकों एवं वैज्ञानिकों में खुशी की लहर दौड़ गई। कुलपति ने विश्वविद्यालय परिवार को बधाई देते हुए कहा कि आने वाले समय में इस रैंकिंग को इकाई के अंक में लाने का प्रयास करना होगा। आईक्यूएसी (आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ) के निदेशक डॉ. सुशांत श्रीवास्तव का कहना है कि पिछले वर्ष कृषि विवि नैक मूल्यांकन में उच्च ग्रेड पाने वाला पहला कृषि विवि बना। आईआईआरएफ रैंकिंग छात्रों को अपने पसंदीदा संस्थानों का चयन करने में मदद करती है।

### सिंधुपति महाराजा दाहर की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**अयोध्या, अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय स्थित अमर शहीद संत कँवरराम साहिब सिंधी अध्ययन केंद्र के मानद निदेशक प्रो. अनूप कुमार, सलाहकार ज्ञानप्रकाश टेकचंदानी, सहायक आचार्य व समस्त स्टाफ ने पुष्पराज चौराहे पर स्थित सिंधुपति महाराजा दाहर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके उनके बलिदान को शिद्दत से याद किया। प्रो. अनूप कुमार ने कहा कि विदेशी आक्रांताओं से सबसे पहले सिंधी वीरों ने ही लोहा लिया था। स्त्री अस्मिता की रक्षा के लिए विश्व का पहला जौहर सिंधुपति दाहर की पत्नी रानी लाडी ने किया था। प्रो. अनूप ने यह भी कहा कि सिंधी समुदाय मूल रूप से वीर था, किंतु समय के थपेड़ों ने उसे व्यापारी बना दिया।

### घर-घर अलख जगाएंगे नारों के साथ चल रही रथ यात्रा

**अयोध्या, अमृत विचार :** घर-घर अलग जगाएंगे, हम बदलेंगे जमाना, अपना सुधार ही संसार की सबसे बड़ी सेवा आदि नारों के साथ ज्योति कलश रथ यात्रा गायत्री शक्तिपीठ रामकोट अयोध्या के नेतृत्व में बड़ी देवकाली से शुरू होकर अशिवनीपुरम, सरयू विहार कॉलोनी, शंकरगढ़ भ्रमण करते हुए रीडगंज गुरु सदन पर पहुंची। वजीरगंज सरयू विहार कॉलोनी में नीलम मिश्रा के आवास पर रथ यात्रा में चल रहे लोगों का गायत्री मंत्र से तिलक लगाकर कर पुष्प वर्षा करते हुए स्वागत किया गया। जोन समन्वयक देश बंधु तिवारी ने लोगों से सात्विक जीवन जीने और नशा छोड़ने की अपील की। यात्रा में सरिता मिश्रा, आलोक तिवारी, रमेश मिश्रा, विनोद सिंह, माधुरी तिवारी आदि गायत्री परिजन शामिल रहे।

### देवांश ने पहले ही प्रयास में नीट में पाई सफलता



**पूराबाजार, अमृत विचार :** ब्लॉक के ऐमी आलापुर निवासी देवांश तिवारी ने पहले ही प्रयास में नीट परीक्षा उत्तीर्ण कर ली। मेधावी देवांश ने 554 अंक प्राप्त किये हैं। एमबीबीएस में चयन हुआ। देवांश तिवारी ने अपनी सफलता का श्रेय पिता गणेश तिवारी, माता सौभाग्यवती तिवारी व बड़े पिताजी अधिवक्ता हरिशंकर तिवारी व गुरुजनों को दिया। देवांश तिवारी ने हाई स्कूल व इंटरमीडिएट की शिक्षा अवध इंटरनेशनल स्कूल दर्शन नगर से की है।

### शक्ति केन्द्रों पर आयोजित की विकसित भारत संकल्प सभा

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 साल पूरे होने पर भाजपा द्वारा जिले के विभिन्न शक्ति केंद्रों पर विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने देश की उपलब्धियों को गिनाते हुए 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प दिलाया। विधानसभा रूदौली में पूर्व सांसद लल्लू सिंह व विधायक रामचन्दर यादव, मिल्कीपुर में विधायक चन्द्रभानु पासवान, बीकापुर में जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, चौरे बाजार में राघवेन्द्र पाण्डेय ने सभा को संबोधित किया। पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि मोदी सरकार के 11 साल भारत के नव निर्माण का आधार हैं। अब हमारा लक्ष्य 2047 तक भारत को विश्व शक्ति के रूप में स्थापित करना है। विधायक रामचंदर यादव ने कहा कि यह संकल्पसभा देश के भविष्य को मजबूत करने का प्रयास है। विधायक चंद्रभानु पासवान ने कहा कि विकसित भारत का सपना मोदी जी के साथ देश के 140 करोड़ लोगों का है। सभी ने विकसित भारत निर्माण के लिए सक्रिय भूमिका निभाने की शपथ ली। सभाओं में जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, विजय लक्ष्मी जायसवाल, बब्लू पासी, विजय बहादुर पासी सहित कार्यकर्ता और लोग मौजूद रहे।

### लापता बुजुर्ग किसान का मिला शव

**सोहावल, अयोध्या : अमृत विचार।** रौनाही थाना क्षेत्र के लहरापुर गांव में 14 जून से लापता बुजुर्ग किसान का शव सोमवार सुबह उनके खेत में मिला। शरीर पर चोट के निशान थे, जिससे हत्या करने की संभावना जताई जा रही है। लहरापुर निवासी अमित पांडेय ने बताया कि उनके पिता राम नरेश पांडेय (70) 14 जून की शाम खेत में पानी लगाने गए थे, रात में नहीं लौटे। घरवालों का अंदाजा था कि वह खेत पर ही सो गए हो। सुबह घर न आने पर उनकी खोजबीन शुरू की गई लेकिन कुछ पता नहीं चला। जिसके बाद उन्होंने थाना रौनाही पर पिता के गुमसुदगी की सूचना दर्ज कराई। बताया कि सोमवार सुबह वह खेत पर गया हुआ था, जहां खेत के बीच में उनके पिता का औंधे मुंह पड़ा हुआ शव मिला। उनके शरीर पर कई जगह चोट के निशान थे। रौनाही थाना पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। एसपी ग्रामीण बलवंत चौधरी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण स्पष्ट होंगे। वहीं, जांच कर रही पुलिस को गांव में स्थित पोलट्री फार्म के सीसीटीवी में एक एसयूवी का आना और जाना कैद हुआ था। फुटेज के आधार पर पुलिस आरोपियों की खोजबीन कर रही है।

# तनावपूर्ण जीवन में योग व आयुर्वेदिक आहार पद्धति की भूमिका अहम्

कुमारगंज, अयोध्या

**अमृत विचार:** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में योग एवं आहार चिकित्सा से मानसिक विकारों के उपचारज विषय पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन सोमवार को किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्वलन व जल भरो के साथ किया। कार्यक्रम में वियतनाम और स्पेन से भी वर्चुअल माध्यम से जुड़कर अतिथि वक्ताओं ने अपने विचार साझा किया। अतिथियों ने इस विषय पर आधारित एक पुस्तक का

**▸▸ योग एवं आहार चिकित्सा से मानसिक विकारों के उपचार विषय पर संगोष्ठी**

विमोचन किया। अध्यक्षता कर रहे कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने कहा कि आज के तेज़ रफ्तार और तनावपूर्ण जीवन में योग एवं आयुर्वेदिक आहार पद्धति एक प्रभावशाली और सुलभ वैकल्पिक चिकित्सा प्रणाली बन चुकी है। मुख्य वक्ता मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान के वरिष्ठ योग चिकित्सक डॉ. विनय कुमार भारती ने कहा कि नियमित योगाभ्यास और उचित आहार मानसिक विकारों जैसे अवसाद, चिंता और अनिद्रा को नियंत्रित करने में अत्यंत सहायक है। भारतीय दूतावास, मैड्रिड, स्पेन की प्रो. अपेक्षा भागवत ने यूरोपीय देशों में योग के प्रति बढ़ती जागरूकता को बताया।

साओ पाउलो, ब्राज़ील में भारतीय दूतावास सत्येंद्र कुमार सिंह ने कहा कि योगाभ्यास में निरंतरता और धैर्य का होना बहुत जरूरी है। डॉ. ऋतु मेहता ने छात्रों एवं युवाओं में बढ़ते मानसिक तनाव के समाधान के लिए वैज्ञानिक योग पद्धतियों की आवश्यकता बताई। योग विशेषज्ञ डॉ. बृजेश सिंह व वियतनाम के नंद किशोर भारती ने भी योग की सफलता और महत्वता पर विस्तार से प्रकाश डाला।

# पर्चा लगा शौच को गए मरीज से अभद्रता का आरोप, की शिकायत

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** दर्शननगर स्थित राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में वार्ड बॉय द्वारा एक मरीज से अभद्रता किए जाने का मामला सामने आया है। मरीज ने जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे व प्राचार्य डॉ.सत्यजीत वर्मा से इसकी शिकायत की। प्राचार्य ने मरीज से बात की और बार्ड बॉय पर कार्रवाई का आश्वासन देते हुए मरीज का इलाज कराया। मिल्कीपुर के सुधांशु पांडे पुत्र अशोक पांडे सोमवार सुबह 114 ओपीडी में पर्चा जमा कर शौच के लिए चले गए। लौट के आने के बाद उन्हें पता चला कि उनका नंबर बहुत पहले ही आ चुका था। इसके बाद वह वार्ड बॉय द्वारा डॉक्टर साहब को अपने को दिखाने के लिए बोले और अपना पर्चा मांगे। आरोप है कि वार्ड बॉय ने गालियां देते हुए डॉक्टर को दिखाने से मना कर दिया। सुधांशु ने आरोप लगाया कि जो वार्ड बॉय को जानने वाले या पैसा देने वाले हैं उनको पहले दिखा दिया जाता है। इसका विरोध किया तो वार्ड बॉय ने अभद्रता की। प्राचार्य डॉ. सत्यजीत वर्मा ने बताया कि उसका इलाज करा दिया गया है। वह संतुष्ट होने के बाद धन्यवाद ज्ञापित करते हुए एक पत्र भी लिखकर गया है।

# मंदिरों को संरक्षित करने के लिए धर्म रक्षा मंच का गठन



भवदीया स्कूल में आयोजित बैठक में मौजूद संघ प्रचारक कौशल व संत महंत।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** रामनगरी अयोध्या में बने जातीय व छोटे मंदिरों को संरक्षित करने के लिए राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने धर्म रक्षा मंच का गठन किया है। जिसमें अयोध्या के सभी मंदिरों के संत महंतों को जोड़ते हुए इन मंदिरों को संरक्षित करने की योजना बनाई जा रही है। इसके लिए प्रत्येक एकादशी पर अलग-अलग मंदिरों में अखंड सुंदरकांड पाठ के साथ विभिन्न धार्मिक आयोजन आयोजित किया जाएगा। इसको लेकर सोमवार को अयोध्या में संघ प्रचारक कौशल के नेतृत्व में भवदीया स्कूल में जातीय मंदिरों के संत महंतों की बैठक संपन्न हुई। इस में मंदिरों की संरक्षण के साथ धर्म रक्षा के लिए

**▸▸ संघ प्रचारक ने जातीय मंदिरों के संतों के साथ की बैठक**

देशव्यापी अभियान के तहत कार्यक्रम किए जाने पर मंथन किया गया। बावन मंदिर के महंत वैदेही बल्लभ शरण ने बताया कि इस बैठक में धर्म रक्षा मंच के तहत सभी जाति और संप्रदाय के मंदिरों के संत महंतों को इस बैठक में आमंत्रित किया गया था। बताया कि प्रत्येक एकादशी को एक-एक मंदिरों पर सुंदरकांड का पाठ किया जाएगा। बताया कि इस मंच के माध्यम से अवध प्रांत में राम भक्तों को जागृत कर जगह जगह सुंदरकांड का पाठ कराने की योजना है। इसके लिए प्रत्येक गांव गांव से लोगों को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।


**सूचना**

सूचित हो कि मेरा एग्रीमेंट और बैनामा की मूल प्रति खो गयी है, जिसका विवरण निम्नवत है। 1– बैनामा EStam- IN- UP540488483966136W, बैनामा आवेदन नं0– 202400905008221, बैनामा दिनांक– 21/05/2024, विक्रेता–दुर्गेश कुमारी पत्नी राम सरन, निवास क्रेता–नवनीत गौरव सिंह पुत्र सुरेन्द्र प्रताप सिंह, एग्रीमेंट सटिफिकेट नं0– ESTAM- IN-UP825265 28171480W, दिनांक– 12/09/2024, आवदेन नं0– 202400205015017, एग्रीमेंट होल्डर नाम– नवनीत गौरव सिंह पुत्र सुरेन्द्र प्रताप सिंह एवं राम नयन यादव पुत्र राम देव यादव

प्रार्थी–
नवनीत गौरव सिंह पुत्र सुरेन्द्र प्रताप सिंह।

स्वच्छ रिसिया — सुन्दर रिसिया

**कार्यालय आदर्श नगर पंचायत रिसिया जनपद बहराइच**
सरस्वतीनगर रिसिया, बहराइच पिन –271875
Email : risiaeo@gmail.com

संख्या : 74/ न.प.रि. / 2024 — दिनांक – 13/06/2025

**निविदा सूचना**

एतत् द्वारा अर्ह फर्म / ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर बहराइच में वार्ड संख्या 01 मोहल्ला गायत्रीनगर में निर्मित गौशाला संचालित है। वित्तीय वर्ष 2025–26 में उक्त गौशाला में रखे गये गौवंशों के भरण पोषण हेतु भूसा, चूनी, चोकर, गुड नमक संग्रहित किया जाना है। भूसा, चूनी, चोकर, गुड नमक की आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्म / ठेकेदार दिनांक 16/06/2025 से दिनांक 23/06/2025 तक को सायं 02 बजे तक सील बन्द लिफाफे में जी0एस0टी0 आधार कार्ड पैन कार्ड लेटर पैड पर नाम, पता, मोबाइल नम्बर सहित निविदा में प्रतिभाग कर सकते हैं। जो दिनांक 23/06/2025 को सायं 04 बजे अधोहस्ताक्षरी के समक्ष खोले जायेगें। सशर्त निविदा स्वीकार नही की जायेगी। किसी भी निविदा / समस्त निविदा को निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा ।

| क्र0 | आपूर्ति का विवरण | दर |
|---|---|---|
| 01 | भूसा | |
| 02 | चूनी | |
| 03 | चोकर | |
| 04 | गुड | |
| 05 | नमक | |

उपजिलाधिकारी सदर / अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत रिसिया बहराइच — अध्यक्ष, नगर पंचायत रिसिया बहराइच

स्वच्छ रिसिया — सुन्दर रिसिया

**कार्यालय आदर्श नगर पंचायत रिसिया जनपद बहराइच**
सरस्वतीनगर रिसिया, बहराइच पिन –271875
Email : risiaeo@gmail.com

संख्या : 75/ न.प.रि. / 2024 — दिनांक – 13/06/2025

**सार्वजनिक सूचना**

एतत् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत रिसिया द्वारा मोहल्ला राजेन्द्रनगर में नवनिर्मित 1 दुकान व मोहम्मदनगर में नवनिर्मित 1 दुकान को किराये पर उठाने हेतु धरोहर धनराशि की खुली नीलामी दिनांक 30/06/2025 को कार्यालय में 01 बजे से की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति कार्यालय से शर्तो व दुकानों का अवलोकन कर मु0–25,000/ रू0 (प्रति दुकान ) अग्रिम जमा कर नीलामी में भाग ले सकते हैं। बिना कारण बताये नीलामी निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा ।

उपजिलाधिकारी सदर / अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत रिसिया बहराइच — अध्यक्ष, नगर पंचायत रिसिया बहराइच

**राम खेलावन जगन्नाथ पी0जी0 कॉलेज सरैया छतिरवा अयोध्या (उ. प्र.)**
(सम्बद्धः डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय)

में आवश्यकता है

स्नातक स्तर पर बी0ए0 पाठ्यक्रम में (गृहविज्ञान, भूगोल, प्राचीन इतिहास, हिन्दी, राजनीतिशास्त्र, शिक्षाशास्त्र एवं अंग्रेजी) तथा बी.एससी. पाठ्यक्रम में (वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, भौतिक विज्ञान, जन्तु विज्ञान) प्रत्येक विषय में प्रवक्ता–02 पद
परास्नातक स्तर पर एम0ए0 पाठ्यक्रम में (भूगोल, गृहविज्ञान, हिन्दी, उर्दू एवं समाजशास्त्र) प्रत्येक विषय में प्रत्येक विषय में प्रवक्ता–02 पद
**योग्यता एवं वेतनमान** – यू0जी0सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
इच्छुक अभ्यर्थी 07 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों को दो स्व–हस्ताक्षरित प्रतियों एवं दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ एवं दो स्वपता लिखे लिफाफे के साथ महाविद्यालय के उपरोक्त पते पर आवेदन करें।

भवदीय– बैजनाथ वर्मा
मो0नं0–9956864353


# कार्यालय नगर निगम अयोध्या जोन – अयोध्या धाम

पत्रांक : 177 /न0नि0अयो0 जो0अयो0 / 2025–26 — दिनांक 16 जून 2025

**सार्वजनिक – सूचना**

नगर निगम अयोध्या के कर अनुभाग में नामान्तरण के लिए निम्नलिखित भवनों के सम्बन्ध में आवेदन पत्र प्राप्त हुए है इन भवनों पर पूर्व में दर्ज भवन स्वामी हितबद्ध को सूचित किया जाता है कि इस नामांतरण पर यादि किसी को आपत्ति हो तो अपने प्रमाणित साक्ष्य के साथ प्रकाशित तिथि से 15 दिवस के अन्दर अपाति पत्र प्रस्तुत करे अन्यथा की स्थिति में नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जायेगी जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व आपका होगा जिसका विवरण निम्नवत है।

| क्र0 सं0 | भवन सं0 | पूर्व से दर्ज भवन स्वामी / खारिज होने वाले नाम | दर्ज होने वाले नाम | नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|
| ऋणमोचनघाट वार्ड सं0–1 | | | | |
| 1 | 1/2/230 | राम चन्द्र पुत्र नौरंग | जग प्रसाद, सोनू पुत्रगण स्व0 राम चन्द्र | वरासतन |
| सीताकुण्ड वार्ड सं0 24 | | | | |
| 2 | 6/5/83A | अमरावती तिवारी पुत्री नन्दलाल श्री करूणाकर तिवारी | रेखा तिवारी पत्नी मधुकर तिवारी | रजि0 बैनामा |
| बृहस्पति कुण्ड वार्ड सं0–8 | | | | |
| 3 | 8/1/58 | स्वर्ण लता श्रीवास्तव ओम प्रकाश श्रीवास्तव | प्रियांक श्रीवास्तव पुत्र स्व0 ओम प्रकाश श्रीवास्तव | वरासतन |
| देवकाली वार्ड सं0 15 | | | | |
| 4 | 15/7/281 | कुमकुम देवी बेवा सुनील | सरजू गौड़ पुत्र स्व0 सुनील, अंशू गौड़, अंजलि गौड़ | वरासतन |
| लक्ष्मणघाट वार्ड सं0 31 | | | | |
| 5 | 31/4/10 | दासी पद्मावती चेली रघुनन्दन शरण | करूणेश पुत्र रघुनन्दन दास | वरासतन |
| 6 | 31/2/135 | प्रहलाद | राम प्रकाश, रामनरेश पुत्रगण स्व0 प्रहलाद | वरासतन |
| मीरापुर वार्ड सं0 48 | | | | |
| 7 | 48/1/18 | युगुल किशोर दास चे0 मुरली दास | राम दास चे0 जुगुल किशोर दास | रजि0 वसीयत |
| मं0 रामचन्दर दास परमहंस नगर वार्ड सं0 6 | | | | |
| 8 | 49/4/21 | राजेश झॉ पुत्र स्व0 श्रीधर झॉ | लक्ष्मी सिहं पत्नी हरिशंकर सिंह | रजि0 बैनामा |
| रामकोट वार्ड सं0 54 | | | | |
| 9 | 54/1/3 | पार्वती देवी | कुसुम सिहं पत्नी स्व0 राम शंकर सिंह | वरासतन |
| 10 | 54/2/227, 54/2/152A, 54/2/222 | राम सहारे दास चे0 श्री दुर्बल दास | राम दास चे0 दीनबन्धु दास, राजन दास चे0 जनार्दन दास | रजि0 महज्जरनामा |
| 11 | 10/2/66 | राजेन्द्र कृष्ण उपाध्याय पुत्र वंशीधर उपाध्याय | कुसुम उपाध्याय पत्नी स्व0 राजेन्द्र कृष्ण उपाध्याय | वरासतन |
| 12 | 18/2/20 | हीरा | मोहनी देवी पत्नी मुनीश चन्द्र पुत्री स्व0 हीरालाल | वरासतन |
| 13 | 24/7/42A | अभिषेक कुमार पुत्र श्री सल्टूराम | लाल विक्रम सिंह पुत्र राम जनम सिंह | रजि0 बैनामा |
| 14 | 48/3/151 | सरोजलता पाण्डेय पत्नी सूर्यनाथ | कृष्णावती देवी पत्नी बच्चा तिवारी | रजि0 बैनामा |

**कर अधीक्षक**
नगर निगम अयोध्या

**सहायक नगर आयुक्त**
नगर निगम अयोध्या


अमृत विचार — एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

सूचित हो सूरज पुत्र चन्द्रभूषण निवासी– डी 2/4 कानपुर रोड, एल0डी0ए0 कालोनी आशियाना लखनऊ की पुत्री अयंती तिवारी है जो कि त्रुटिवश दस्तावेजों में अनिका तिवारी हो गया है। भविष्य में उसे अयंती तिवारी के नाम से लिखा, पढ़ा एवं समझा जाए।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मैं अपने पुत्र नूर मोहम्मद व पुत्रवधू शमा का चाल चलन ठीक ना होने के कारण अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी असवैधानिक कार्यो का वह स्वयं जिम्मेदार होंगे मेरा और मेरे परिवार का कोई वास्ता नहीं होगा। **मन्ना पुत्र मकबूल निवासी ग्राम दसौली, बसहा, बी0के0टी0, लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226028**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा बड़ा पुत्र मो.अकरम मेरे कहने सुनने में नहीं है परिवार के दायित्व को भी नही निभाता और मनमानी करता है इसलिए मैं मो अकरम को अपनी चल अचल संपत्ति और परिवार से बेदखल करता हूं। **इम्तियाज अहमद पुत्र स्व. सिराजुद्दीन निवासी चौक शहजादपुर थाना व तहसील अकबरपुर जिला– अम्बेडकरनगर।**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **दीपा मौर्या पुत्री धर्मराज मौर्य नि व गांधी नगर कस्बा बहुआ तहसील वा जिला फतेहपुर** । मेरी पत्नी उषा से एक पुत्री दीपा मौर्या का जन्म 03/01/2012 को घर पर ही हुआ था जानकारी के अभाव में उसका जन्म प्रमाण पत्र नहीं बन सका अत: मेरी पुत्री दीपा मौर्या की जन्म तिथि 03/01/12 का पंजीकरण कर जन्म प्रमाण पत्र जारी किया जाय।

**सूचना**

सूचित हो कि श्रेया श्रीवास्तव पुत्री दिनेश कुमार निवासी गांधी नगर कस्बा बहुआ तहसील वा जिला फतेहपुर मेरी पत्नी मिथलेश कुमारी श्रीवास्तव से एक पुत्री श्रेया श्रीवास्तव का जन्म 03/08/2010 को घर पर ही हुआ था जानकारी के अभाव में उसका जन्म प्रमाण पत्र नहीं बन सका अत: मेरी पुत्री श्रेया श्रीवास्तव कि जन्म तिथि 03/08/2010का पंजीकरण कर जन्म प्रमाण पत्र जारी किया जाय।

**सूचना**

सूचित हो कि **श्रद्धा श्रीवास्तव पुत्री दिनेश कुमार निवासी गांधी नगर कस्बा बहुआ तहसील वा जिला फतेहपुर** मेरी पत्नी मिथलेश कुमारी श्रीवास्तव से एक पुत्री श्रद्धा श्रीवास्तव का जन्म 03/08/2010 को घर पर ही हुआ था जानकारी के अभाव में उसका जन्म प्रमाण पत्र नहीं बन सका अत: मेरी पुत्री श्रद्धा श्रीवास्तव कि जन्मतिथि 03/08/2010का पंजीकरण कर जन्म प्रमाण पत्र जारी किया जाय।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम पहले TAUSIF KHAN था लेकिन अब मैने अपना नाम बदल कर TAUSIK KHAN कर लिया है अब मुझे भविष्य में TAUSIK KHAN के नाम से जाना व पहचाना जाये। **तौसिक खान पुत्र रफीक खान, निवासी– ग्राम मुसलावाँ, पोस्ट– बछौली, थाना– औरास, तहसील हसनगंज, जनपद– उन्नाव, उत्तर प्रदेश, पिन कोड 241503**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **सुमिरता पत्नी माता प्रसाद ग्राम पूरे लोधी, पोस्ट सेमरौता जिला अमेठी** की निवासी हूं। भारतीय जीवन बीमा निगम की पॉलिसी संख्या 214505793 में मेरा नाम श्यामा देवी पत्नी माता प्रसाद अंकित है। जबकि आधार कार्ड और बैंक खाता में मेरा नाम सुमिरता दर्ज है। सुमिरता और श्यामा देवी दोनों मेरे ही नाम है। मुझे दोनों नामों से जाना और पहचाना जाता है।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **शान्ती देवी पत्नी स्व. राम प्यारे ग्राम कस्बा बदलू पोस्ट नीबी थाना सरेनी, तहसील लालगंज जिला रायबरेली** की निवासी हूं। मेरे चार पुत्र और एक पुत्री क्रमशः धर्मेन्द्र कुमार, वीरेन्द्र कुमार, जीतेन्द्र कुमार, देशराज उर्फ गुड्डू व रोशनी है। वीरेन्द्र कुमार अविवाहित, बाकी सभी शादीशुदा हैं। छोटा पुत्र देशराज उर्फ गुड्डू और उसकी पत्नी शिवानी उर्फ गुड़िया आए दिन परिजनों से मारपीट और गालीगलौज करते है। उनके कृत्यों से तंग आकर छोटे पुत्र और उसकी पत्नी के अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। भविष्य में उनके द्वारा किए गए कृत्यों का दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे।


लाभार्थी को मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण की चाभी देते मुख्यमंत्री। अमृत विचार


लोगों का अभिवादन स्वीकार करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व अन्य। अमृत विचार


भगवान श्रवण के समाधि स्थल पर पूजा-अर्चना करते मुख्यमंत्री।

# कुछ लोगों को पसंद नहीं है विकास: मुख्यमंत्री

## सीएम ने 1 हजार 184 करोड़ की 198 परियोजनाओं का किया शिलान्यास, चिकित्सकों को वितरित किया नियुक्ति पत्र

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को जनपद के दौरे पर रहे। विधानसभा उपचुनाव के बाद मुख्यमंत्री का यह पहला दौरा है। मुख्यमंत्री ने अकबरपुर नगर के शिवबाबा धाम में पूजा-अर्चना कर जनसभा को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कृषक दुर्घटना बीमा योजना के लाभार्थियों को चेक वितरित किया। उन्होंने 1 हजार 184 करोड़ रुपये की 198 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया। जिनमें 102 परियोजनाओं का लोकार्पण और 92 परियोजनाओं का शिलान्यास शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त चिकित्सकों, आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को नियुक्ति पत्र भी वितरित किए।

शिवबाबा धाम में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अंबेडकरनगर में कृषक बीमा योजना का लाभ दिया जा रहा है। हमारी सरकार किसान के साथ बटाईदार, कृषि श्रमिक और किसान के परिवार को भी पांच लाख रुपये की कृषक बीमा योजना का लाभ देगी। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला को निर्देशित किया कि यहां पर जो भी निराश्रित महिलाएं हैं, जिन्होंने अपने परिवार के कमाऊ सदस्य को खोया है, उन निराश्रित महिलाओं के लिए निराश्रित महिला पेंशन और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का भी लाभ समयबद्ध रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अंबेडकरनगर को 1 हजार 184 करोड़ की योजना का लाभ देने के लिए मैं स्वंय आपके पास आया हूं। शिव बाबा धाम में विकास के कार्य हो रहे हैं, कुछ हो चुके हैं। जनपद के राजकीय मेडिकल कॉलेज में 50 बेड का क्रिटिकल केयर सेंटर और ग्रामीण स्टेडियम का निर्माण हो रहा है। किसानों को सिंचाई की व्यवस्था मिले इसके लिए भी व्यवस्था की गई है। पुलिस भर्ती में अंबेडकरनगर के युवाओं ने भी भाग लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी में अगर कोई प्रदेश की बेटी और व्यापारी के लिए खतरा पैदा करेगा तो कानून का डंडा उसको ऐसा चपेटे में लेगा, जैसा की उसने कभी सोचा भी नहीं होगा। आने वाले समय में उसकी सात पीढ़ियां याद करेंगी कि कानून के साथ खिलवाड़ करने और गरीब को परेशान करने की कीमत क्या होती है। कुछ लोग हैं, जिन्हें विकास पसंद नहीं। उन्हें बस अपने परिवार का विकास सही लगता है। वह परिवार के नाम पर जाति को निशाना बनाते हैं। जाति के नाम पर सत्ता में आते हैं, फिर नग्न तांडव करते हैं। जाति के नाम पर समाज को बांटते हैं। हमें ऐसे लोगों को बेनकाब करना है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, प्रभारी मंत्री गिरीश चंद्र यादव, एमएलसी हरिओम पांडेय, विधायक धर्मराज निषाद, जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा साधु वर्मा, पूर्व सांसद रितेश पांडेय, जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी, पूर्व विधायक त्रिवेणी राम, संजू देवी, अनिता कमल सहित अन्य जनप्रतिनिधि, मंडल आयुक्त गौरव दयाल, आईजी प्रवीण कुमार, जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला, पुलिस अधीक्षक केशव कुमार सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

श्रवण धाम मातृ-पितृ भक्ति का है प्रतीक : कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों की मांग पर विचार करते हुए कहा कि अकबरपुर बस स्टैंड का नामकरण शिवबाबा धाम बस स्टैंड होना चाहिए। साथ ही उन्होंने टांडा बस स्टैंड का नामकरण स्वर्गीय जयराम वर्मा बस स्टैंड करने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि हम लोग श्रवण धाम कोई एक अच्छे विरासत के विकास के साथ जोडने का काम करेंगे, श्रवण धाम मातृ-पितृ भक्ति का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रवण धाम को रामायण काल से पूर्व के धाम के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने शिव बाबा धाम में विधिवत दर्शन-पूजन कर प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की।


शिवबाबा धाम में कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

### शिवबाबा और श्रवण धाम के पर्यटन विकास पर जोर

मुख्यमंत्री ने शिवबाबा धाम और श्रवण धाम के पर्यटन विकास पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि शिव बाबा धाम में कई कार्य पूरे हो चुके हैं और शेष कार्य प्रगति पर हैं। श्रवण धाम को मातृ-पितृ भक्ति के अनुपम केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए सरकार कार्य कर रही है। इसके अतिरिक्त, तहसील भीटी में अग्निशमन केंद्र और फायर ब्रिगेड यूनिट की स्थापना को मंजूरी दी गई है। जिसके शिलान्यास की तैयारी करने को कहा। इन प्रयासों से क्षेत्र में पर्यटन और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

### मुख्यमंत्री ने पर्यटन के कार्यों का किया निरीक्षण

मुख्यमंत्री ने श्रवण क्षेत्र धाम पहुंचकर सर्वप्रथम भगवान श्रीराम की भव्य प्रतिमा, भगवान शंकर की प्रतिमा और हनुमान जी की प्रतिमा का दर्शन पूजन और पुष्प अर्पण किया। इसके उपरांत मुख्यमंत्री ने भगवान श्रवण के समाधि स्थल मंदिर पर पुष्प अर्पण किया। उन्होंने श्रवण धाम मुख्य मंदिर में पूजा-अर्चना, जलाभिषेक तथा दुग्धाभिषेक किया। इसके उपरांत मुख्यमंत्री ने अन्य मंत्री और विधायक के साथ श्रवण क्षेत्र धाम परिसर में त्रिवेणी वृक्ष तथा नवग्रह वाटिका का रोपण किया। मुख्यमंत्री ने पर्यटन के कार्यों का निरीक्षण और पर्यटन विकास के कार्य योजना का अवलोकन किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।


भगवान राम की मूर्ति के समझ पूजा-अर्चना करते मुख्यमंत्री।

### नौकरी के लिए लगती थी बोली : मुख्यमंत्री

साल 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में क्या हालत थी, नौकरी के लिए बोली लगा करती थी। एक परिवार का बोल-बाला होता था, लेकिन अब योग्यता के आधार पर प्रदेश के हर नौजवान को नौकरी मिल रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने 60 हजार 244 नियुक्ति पत्र पुलिस भर्ती के जारी किए हैं। जिसमें 12 हजार केवल बेटियां भर्ती हुई हैं। हमने रोजगार का रास्ता उपलब्ध करवाया है। आज विरासत और विकास का संगम हमारे प्रदेश को पहचान दे रहा है। एक गरीब को न्याय मिले, हर बेटी सुरक्षित हो, हर व्यापारी सुरक्षित हो, सरकार इसको प्रभारी ढंग से लागू करने का काम कर रही है।

### लाभार्थियों को वितरित किया चेक, आयुष्मान कार्ड

मुख्यमंत्री ने कृषक दुर्घटना बीमा के लाभार्थियों, जिसमें गीता देवी, अकीला खातून, सितारा देवी, शांति देवी, रेखा शुक्ला, कुमारी शालू, ज्योति, वंदना भारती, रुकमिणी, शिम्मू वर्मा, संगीता, शशिकला, कुसुम, अनीता और सबीना शामिल को पांच-पांच लाख का डेमो चेक दिया। इसके अतिरिक्त विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चेक, चाबी और नियुक्ति पत्र वितरित किए। जिनमें अंकिता पाठक, पीयूष साहू, जीशान हैदर को चिकित्सक नियुक्ति पत्र, अंजली, मयंक और हिमांशु को पंचायत सहायक का नियुक्ति पत्र, किरण, अंतिमा, सरिता को आशा नियुक्ति पत्र, संगम वर्मा, रितु, नम्रता वर्मा, जानकी वर्मा और प्रियंका त्रिपाठी को आंगनबाड़ी नियुक्ति पत्र वितरित किया। रूपा देवी, कांति, कृष्ण कुमार, अश्विनी कुमार को अन्य योजनाओं के लिए डेमो चेक और आयुष्मान कार्ड दिए। मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण की लाभार्थी दुर्गा देवी, कुसुमा देवी, एनआरएलएम के लिए गायत्री देवी, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना शेर बहादुर यादव और कस्टम हायरिंग इनसी योजना से बच्चा राम यादव को मुख्यमंत्री ने योजना से लाभान्वित किया।

## एक नजर

### बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**आजमगढ़ :** जिले के देवगांव कोतवाली क्षेत्र के सोफीपुर-चिरकिटि मार्ग पर पकड़ी खुर्द मोड़ के पास रविवार की रात बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। ग्रामीणो की सूचना पर पहुंची पुलिव ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार देवगांव कोतवाली क्षेत्र के पकड़ी खुर्द गांव निवासी 32 वर्षीय नागेंद्र यादव रविवार को बाजार गया था। देर रात में वह बाइक से घर लौट रहा था। सोफीपुर-चिरकिहिट मार्ग पर पकड़ी खुर्द मोड़ पर पहुंचा था। इस दौरान बोलेरो ने सामने से टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद बोलेरो चालक वाहन छोड़ कर फरार हो गया। घायल नागेंद्र को लेकर लोग लालगंज अस्पताल पहुंचे, जहाँ डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद परिजन शव लेकर घर चले गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### धोखाधड़ी के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जलालपुर, अंबेडकरनगर :** मालीपुर पुलिस ने धोखाधड़ी और जालसाजी से सम्बंधित मुकदमे में वांछित अभियुक्त को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। बता दें कि बीते वर्ष उसरपुर थाना मालीपुर निवासी राम मधुर ने पुलिस से शिकायत किया था कि अरविंद पुत्र मनीराम ने उसे रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर पांच लाख रुपए की ढगी कर ली थी। शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी और मुकदमा दर्ज होने के एक वर्ष बाद सोमवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर उक्त मुकदमें से सम्बंधित अभियुक्त अरविंद कुमार निवासी दुबखर रुदाइन थाना सम्मनपुर को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है।

## रिमझिम बारिश से भीषण गर्मी से मिली राहत

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार:** जनपद के कई इलाकों में रिमझिम बारिश से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। सुबह से आसमान में छाए काले बादलों के बाद गरज-चमक के साथ बारिश शुरू हुई। बारिश से तापमान में गिरावट आई है।

बता दें कि पिछले कुछ दिनों से जारी तीखी धूप और उमस के बाद आसमान में बादल छाए हुए हैं। मौसम विभाग के अनुसार तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। रुक-रुक कर हो रही बारिश से जनपद की कुछ सडक़ों पर जलभराव हुआ है। हालांकि यातायात सामान्य रूप से चल रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में किसान खरीफ की बुआई की तैयारी शुरू करने की योजना बना रहे हैं। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार अगले एक-दो दिन मौसम ऐसा ही रहेगा। बारिश के साथ तेज हवाएं भी चल रही हैं। मौसम विभाग ने पूरे सप्ताह हल्की या मध्यम स्तर की बारिश का पूर्वानुमान जताया है। बारिश से जून माह की गर्मी से लोगों को राहत मिलने की संभावना है।


बसखारी क्षेत्र में हुई रिमझिम बारिश। अमृत विचार

## सर्राफा व्यापारी से महिला और उसके साथियों ने की धोखाधड़ी

टांडा, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार:** इब्राहिमपुर थाना क्षेत्र के केदारनगर निवासी सर्राफा व्यापारी प्रमोद कुमार के साथ एक महिला और उसके साथियों ने धोखाधड़ी की। महिला ने पहले व्यापारी की दुकान पर आभूषण खरीदने का बहाना बनाया और फिर फोन पर संपर्क बनाए रखा। रामलीला कार्यक्रम के दौरान महिला ने व्यापारी को चाय पिलाने के बहाने अपने घर बुलाया। वहां पहले से मौजूद दिलीप और दो अन्य व्यक्तियों ने फर्जी मुकदमा दर्ज कराने की धमकी दी। डर के मारे व्यापारी ने महिला को डेढ़ लाख रुपए नकद और कुछ ज्वैलरी दे दी। जनवरी 2025 में दोनों पक्षों ने लिखित समझौता भी किया। कुछ दिनों बाद महिला ने फिर से दो लाख रुपये की मांग की। व्यापारी ने 10 हजार रुपये दिए, लेकिन महिला लगातार धमकी दे रही है। प्रमोद का आरोप है कि यह महिला पहले भी कई लोगों को अपना शिकार बना चुकी है। व्यापारी ने 4 जून को थाने में शिकायत की। कार्रवाई न होने पर 12 जून को पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाई। एसपी के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## नदी में डूबे दो भाइयों के शव बरामद, गांव में पसरा मातम

जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार:** जहांगीरगंज थाना क्षेत्र के ग्रामसभा फरीदपुर में रविवार को सरयू नदी में डूबे दो सगे भाइयों के शव सोमवार को बरामद कर लिए गए हैं। मृतक बालकों की उम्र 11 और 10 साल थी।

बता दें दृघकि जहांगीरगंज थाना पुलिस ने सोमवार सुबह 11:30 बजे बड़े भाई आदर्श 11 वर्ष का शव घटनास्थल के पास से बरामद किया। वहीं दोपहर 2:30 बजे के करीब छोटे भाई आयुष 10 वर्ष का शव राजेसुलतानपुर थाना क्षेत्र के बंगालपुर गांव के पास नदी से बरामद किया गया। पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटनास्थल पर जहांगीरगंज थानाध्यक्ष अजय प्रताप यादव और विड़हर चौकी प्रभारी धीरेंद्र स्रह्ममार आजाद समेत पुलिस बल मौजूद रहा। सैकड़ों ग्रामीण, जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता भी वहां पहुंचे। ग्रामीणों ने नाराजगी जताई कि घटना के 24 घंटे बाद भी एनडीआरएफ की कोई टीम नहीं पहुंची। शवों की तलाश स्थानीय तैराकों और पुलिस की मदद से की गई। दो बालकों की मौत से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ पड़ी है। ग्रामीणों ने पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता और घाट पर सुरक्षा के इंतजाम की मांग की है।

## खून से लथपथ मिले युवक के शव की हुई शिनाख्त

जलालपुर, अंबेडकरनगर

**युवक के भाई ने लगाया हत्या का आरोप**

**अमृत विचार:** जैतपुर थाना क्षेत्र के मझुई नदी के किनारे खून से लथपथ मिले युवक के शव की शिनाख्त हो गई है। जैतपुर थानाध्यक्ष वन्दना अग्रहरि ने बताया कि शव की पहचान रविश पुत्र कमरुद्दीन 24 वर्ष निवासी ग्राम अरसिया थाना सरपतहा जनपद जौनपुर के रूप में हुई है। शव का अभी पोस्टमार्टम नहीं हुआ है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद युवक की मौत का कारण स्पष्ट होगा।

बता दें कि सोमवार को थाना जैतपुर पहुंचे मृतक के भाई अब्दुल करीम ने भाई की हत्या किए जाने की बात कही। उसने बताया कि मृतक बीते 14 जून को घर से दोस्तों के साथ कह कर निकला था और शाम तक वापस नहीं लौटा तो सरपतहा थाना में पुलिस को सूचित भी किया। इस बीच वह रविवार को अखंड नगर गायब भाई की तलाश में आया था, जहां जैतपुर में अज्ञात शव मिलने की बात पता चली और जब जानकारी लिया तो शव उसके भाई मो. रविश की ही थी। मृतक के भाई ने बताया कि उस के भाई की हत्या की गई है। परिजनों ने पोस्टमार्टम के बाद तहरीर देने की बात कही है। रविवार सुबह आजमगढ सीमा पर स्थित सेहरी गांव के निकट मझुयी नदी के किनारे झाड़ियों में एक अज्ञात युवक का शव ग्रामीणों ने देखा था। शव के सर व शरीर पर चोट के निशान थे और वह पूरी तरह से खून में लथपथ था। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था और शव की पहचान के लिए सोशल मीडिया समेत अन्य माध्यमों से प्रयास शुरू कर दिया था। जिस क्रम में युवक की शिनाख्त सोमवार को हो गई। एसओ जैतपुर वंदना अग्रहरि ने बताया कि अभी तहरीर प्राप्त नहीं हुई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट होगा।

समस्या

**चार बार सर्वे होने के बाद भी नहीं शुरू हुआ बाईपास का निर्माण, 50 हजार से अधिक आबादी प्रतिदिन जाम के संकट से होती है प्रभावित**

# जाम से निजात के लिए बाईपास की बांट जोह रहा जलालपुर नगर

जलालपुर, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार:** जाम से निजात दिलाने के लिए जलालपुर नगर को चार किलोमीटर लंबे बाईपास की जरूरत है। चार बार सर्वे होने के बाद भी निर्माण न होने से नगरवासियों को जाम से निजात नहीं मिल पा रही है। इससे जाम की समस्या जस की तस बनी हुई है। जाम के संकट से प्रतिदिन जलालपुर नगर की 50 हजार से अधिक की आबादी जूझ रही है।

बता दें कि समय के साथ नगर की आबादी बढ़ रही है। यातायात का दबाव भी तेजी से बढ़ता जा रहा है। बाहरी यात्रियों का यहां प्रतिदिन आवागमन बना रहता है। इसके बावजूद सडक़ों के विस्तार में उतनी तेजी नहीं दिख रही है। जिसके चलते मौजूदा समय में जलालपुर नगर सुबह से लेकर शाम तक जाम से जूझता रहता है। नगर का पोस्ट ऑफिस, जमालपुर चौराहा, यादव चौराहा, रजिस्ट्री मोड़ और सब्जी मंडी मोड़ सहित अन्य स्थान प्रतिदिन जाम की चपेट में रहते हैं। नगरवासियों की मांग पर तीन बार जलालपुर-अकबरपुर मार्ग स्थित किशोर किंग कॉलोनी से महमदपुर हमजा, सुरहपुर मार्ग, जमोली मार्ग, लारपुर, रामगढ़ रोड पर गौरा कमाल तक सर्वे हुआ। हालांकि अब तक इसके निर्माण को हरी झंडी नहीं मिल सकी। नगर में लगने वाले जाम से छुटकारा नहीं मिल पा रहा है। शहर में जाम न लगे इसके लिए प्रतिदिन पुलिसकर्मियों द्वारा प्रयास किया जाता है।

वहीं इस संबंध में उप जिलाधिकारी पवन जायसवाल ने बताया कि जाम की समस्या को देखते हुए शासन को अवगत कराया जा रहा है।


जलालपुर नगर में लगा भीषण जाम। अमृत विचार

### लोगों ने की बाईपास की मांग

लोगों की समस्या लेकर भाजपा पिछड़ा वर्ग के पूर्व जिलाध्यक्ष शत्रुघ्न सोनी, कृष्ण गोपाल कसौधन, केशव प्रसाद श्रीवास्तव का कहना है कि यदि बाईपास का निर्माण हो जाए तो शहर में जाम का संकट काफी हद तक खत्म हो जाएगा। अकबरपुरए शाहगंज, सुल्तनपुर व टांडा की तरफ से आने वाले लोगों को यदि शहर में काम नहीं होगा तो वह बाईपास से ही आगे निकल जाएंगे। बाईपास न होने के चलते सभी वाहन नगर से होकर गुजरते हैं। इसके चलते जाम का संकट खड़ा होता है। बाईपास निर्माण आदि की प्रक्रिया के लिए जिला प्रशासन को रिपोर्ट भेजी जाएगी।



कृष्ण गोपाल कसौधन व केशव प्रसाद।

## सार-संक्षेप

### एक जुलाई को होगा श्रीजगन्नाथ रथ यात्रा का आगमन

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** श्री जगन्नाथ रथ यात्रा की तैयारी बैठक सोमवार को शहजादपुर स्थित अमन मेहरोत्रा के निवास पर संपन्न हुई। जिसमें यात्रा से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई। जिसमें मुख्यरूप से आगामी एक जुलाई मंगलवार को होने वाली यात्रा में बड़ी संख्या में सम्मलित होने वाले भक्तों को किसी प्रकार की कठनाई न हो इसके लिए मार्ग प्रबंधन व भक्तों की सुरक्षा पर विशेष बल दिया गया। इस्कॉन अकबरपुर के चेयरमैन श्याम दास ने बताया कि जनपद में जगन्नाथ रथ यात्रा का तीसरा वर्ष है। पर्याप्त प्रचार-प्रसार के कारण इस बार भक्तों की संख्या में इजाफा होने की संभावना है। उक्त यात्रा पहली जुलाई को दोपहर दो बजे नई सडक़ से निकल कर कोल्ड स्टोरेज शहजादपुर होते हुए जीके जेटली विद्यालय, रामजानकी मंदिर, चौक, फौव्वारा तिराहा से निकलकर नई सडक़ स्थित होटल शशांक पर भक्तों के प्रसाद के बाद रथयात्रा का समापन होगा। बैठक में यात्रा समिति से जुड़े अमन मेहरोत्रा, राममणि मिश्रा, रितेश मेहरोत्रा, अखिलेश ओझा, रुद्रनारायण पटेल, शेषनाथ जायसवाल, श्याम चौरसिया, विवेकानंद पांडेय, अभिमन्यु, वैभव आदि शामिल थे।

### बेटियों के सपनों को मजबूत पंख देना है हमारा प्रयास



कार्यशाला का समापन पर मौजूद बच्चे, जयदेव परिदा और संघमित्रा परिदा।

**टांडा, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** एनटीपीसी टांडा की नैगम सामाजिक दायित्व सीएसआर पहल के अंतर्गत आयोजित एक माह की नि :शुल्क आवासीय बालिका सशक्तीकरण कार्यशाला का समापन समारोह सोमवार को सरगम सभागार में संपन्न हुआ। समारोह का शुभारंभ एनटीपीसी टांडा के कार्यकारी निदेशक जयदेव परिदा और गरिमा महिला मंडल की अध्यक्षा संघमित्रा परिदा ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इस अवसर पर अजय सिंह यादव महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण, परियोजना के वरिष्ठ अधिकारी, महिला मंडल सदस्याएं, प्रतिभागी बालिकाएं और उनके अभिभावक, प्रधानाचार्य, शिक्षक और ग्राम प्रधान आदि उपस्थित रहे। कार्यशाला में चयनित 10-12 वर्ष की बालिकाओं को एक माह के आवासीय प्रशिक्षण के दौरान शिक्षा, कला, आत्मरक्षा, योग और व्यक्तित्व विकास का प्रशिक्षण दिया गया। उन्हें सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण में रहने, भोजन, स्वास्थ्य व मनोरंजन की सभी सुविधाएं दी गईं। समापन कार्यक्रम में बालिकाओं द्वारा कथक, योगा आदि विषयों पर सुंदर व सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं गईं। परिदा ने इस पहल को क्षेत्र की बेटियों के समग्र विकास की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम बताया। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास बेटियों के सपनों को मजबूत पंख देने का रहा है। धन्यवाद ज्ञापन रजनीश खेतान अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन ने किया। कार्यक्रम का सफल संयोजन उप महाप्रबंधक मानव संसाधन अनुराग सिन्हा व संचालन श्रीमती निष्ठा सिंह ने किया।

### सांसद 17 से 19 जून तक लोगों की सुनेंगे समस्याएं

**जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** संतकबीरनगर से समाजवादी पार्टी के सांसद लक्ष्मीकांत निषाद 17 से 19 जून तक आलापुर विधानसभा क्षेत्र का दौरा करेंगे। पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ जनपद अंबेडकरनगर के जिलाध्यक्ष जितेंद्र निषाद ने यह जानकारी दी है। सांसद तीन दिन के दौरे में विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा करेंगे। वह ग्रामीणों की समस्याएं सुनेंगे। संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के समाधान के लिए निर्देश देंगे। इस दौरान वे पिछले दिनों हुई घटनाओं में प्रभावित परिवारों से मिलकर शोक संवेदना भी व्यक्त करेंगे। जितेंद्र निषाद ने बताया कि जो जीत उन्हें मिली हैं वह एक एक समाजवादी पार्टी के हर वर्ग के कार्यकर्ताओं की हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं को आश्वस्त किया है कि उनके मान-सम्मान से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। साथ ही आलापुर के विकास में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।

### तीन दिवसीय वार्षिक उर्स कार्यक्रम कल से

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** आस्ताना शम्सुल औलिया पेवाड़ा-मीरानपुर में शाह शम्सुद्दीन मियां शेरी और शाह फैजुद्दीन मियां शेरी की स्मृति में 82वां तीन दिवसीय वार्षिक उर्स एवं नातिया मुशायरा कार्यक्रम आगामी 18 से 20 जून तक सुबह से देर रात्रि तक निरंतर जारी रहेगा। जिसका आगाज बुधवार को मोहम्मद राशिद शेरी द्वारा तिलावते कुरान पाक से होगा। मौलाना मुफ्ती फैजुल हक आजमी बतौर मुख्य वक्ता शामिल होंगे। आयोजन मंडल के पदाधिकारी फसीहुद्दीन मियां शेरी के मुताबिक सज्जादा नशीन दरगाह मौलाना मोईनुद्दीन मियां शेरी के संरक्षण तथा सूफी सलाहुद्दीन मियां शेरी की अध्यक्षता व फसीहुद्दीन मियां शेरी के संचालन में आयोजित होने वाले उक्त भव्य कार्यक्रम में शायरे इस्लाम गौहर अशरफी, एहसान शाकिर, हेलाल अहमद टांडवी, मुम्ताज टांडवी, यूसुफ आरजू, सलीम रजा, शराफत कदीरी जैसे नामी गिरामी शायर सम्मिलित होंगे।

### किशोरी से दुष्कर्म, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** कटका थाना क्षेत्र में एक किशोरी से दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस में तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। बता दें कि कटका थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने पुलिस से शिकायत करते हुए बताया कि बीते दस जून को उसकी पुत्री को अरुन निषाद पुत्र मदन निषाद निवासी मुंडेरा थाना कटका बहला-फुसलाकर रात में घर से भगा ले गया और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया। पीडित पिता ने बताया कि मेरी पुत्री ने घटना की रात ही बेरमा गांव के पास से डायल 112 को सूचित किया और पुलिस ने बेटी को घर पहुंचाया। पीडित का आरोप है कि उसने घटना के बाद बीते 12 जून को ही कटका पुलिस को तहरीर थी। जब कि एसओ कटका प्रेमचंद ने बताया कि रविवार को मामला संज्ञान में आया और मुकदमा दर्ज करनें की कार्रवाई शुरू कर दी गयी है। जल्द ही आरोपी सलाखों के पीछे होगा।

### पुलिस ने जुआरियों के खिलाफ की कार्रवाई, 13 लोग गिरफ्तार

**संवाददाता, आज़मगढ़, अमृत विचार :** जिले शहर कोतवाली पुलिस ने जुआरियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए सरायमंदराज गांव में हरैया के तरफ जाने वाले कच्चे रास्ते के किनारे गली में स्थित एक मकान पर दबिश देकर फड़ से 13 जुआरियों को गिरफ्तार कर नकदी व 15 मोबाइल फोन बरामद किया है। शहर कोतवाली पुलिस को जरिये मुखबिर से सूचना मिली की ग्राम सरायमंदराज में हरैया के तरफ जाने वाले कच्चे रास्ते के किनारे गली में स्थित सुरेन्द्र चौहान के मकान में हार जीत की बाजी लगाकर बड़े पैमानें पर कई लोग जुआं खेल रहे हैं। यदि जल्दी किया जाये तो पकड़े जा सकते हैं। सूचना मिलते ही शहर कोतवाली पुलिस ने छापेमारी कर मौके से सुरेन्द्र चौहान पुत्र दामोदर चौहान, शोभनाथ सैनी पुत्र कमलेश सौनी निवासीगण एटलस टैंक कोडर अजमतपुर, पवन कुमार पुत्र सुदर्शन राम निवासी हीरापट्टी ,दीपक गौड पुत्र त्रिभुवन राम,नीरज प्रजापति पुत्र मुन्नीलाल प्रजापति निवासीगण कुण्डीगढ़, विशाल जायसवाल पुत्र राजेश जायसवाल निवासी चांदपट्टी थाना रौनापार, राजकुमार प्रजापति पुत्र विनोद प्रजापति, राशिद पुत्र इस्लाम, इमरान पुत्र मुन्नू कुरैशी निवासीगण बदरका , मोहम्मद युसूफ पुत्र मोहम्मद शफीक निवासी गुलामी का पुरा, खुशीचन्द पुत्र शिवकुमार निवासी हरैया ,अमित मौर्या पुत्र रामबचन मौर्या निवासी कोडर अजमतपुर और विष्णू कुमार पुत्र शंकर राम निवासी हीरापट्टी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 13,170 रुपये मालफड़, 820 रुपये, 2 तास की गड्डी, 14 स्मार्ट फोन व कई बाइकें भी बरामद हुईं हैं।

## एक नजर

### करंट लगने से किसान की मौत

गोंडा, अमृत विचार : कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में सिंचाई के दौरान एक किसान की करंट लगने से मौत हो गई। पुलिस ने उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के दुरगोडवा गांव के निवासी 40 वर्षीय पप्पू तिवारी पुत्र ननकऊ शनिवार शाम खेत की सिंचाई कर रहा था। सिंचाई के दौरान ही अचानक करंट लग गया।जिससे उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया।

### दिल का दौरा पड़ने से वृद्ध की मौत

गोंडा, अमृत विचार : कोतवाली नगर क्षेत्र के पाठक पुरवा गांव के निवासी 60 वर्षीय श्रवण पुत्र दया राम चौहान गोंडा रेलवे स्टेशन पर अचानक दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। पुलिस ने उस के शव को पोस्टमार्टम को भेजा है।

### विश्व हिंदू महासंघ ने की प्रकोष्ठ अध्यक्षों की घोषणा

बलरामपुर। विश्व हिंदू महासंघ उत्तर प्रदेश ने अपने प्रकोष्ठों के अध्यक्षों की घोषणा की है। प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति ने राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत सुरेंद्रनाथ अवधूत से राय परामर्श के बाद इन नियुक्तियों को मंजूरी दी है। सोशल मीडिया प्रदेश अध्यक्ष गंगा शर्मा कौशिक ने बताया कि नियुक्त अध्यक्षों में आचार्य डॉ. श्री महंत हरिओम पाठक धर्माचार्य प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष बनाए गए हैं। इसके अलावा काजल किरण जी किन्नर प्रकोष्ठ, संतोष मिश्र मातृशक्ति, प्रवीण दुबे गोरक्षा प्रकोष्ठ, रुद्रकुमार पाठक अधिवक्ता प्रकोष्ठ और राकेश श्रीवास्तव सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष बनाए गए हैं।

### तालाब में डूबने से युवक की मौत

करनैलगंज : ग्राम मुंडेरवा में रविवार देर शाम दर्दनाक हादसे में एक किशोर की मौत हो गई। जिला पंचायत सदस्य विवेक सिंह ने बताया कि मुंडेरवा निवासी शिवकुमार का 18 वर्षीय पुत्र आशीष गांव के समीप स्थित तालाब के किनारे खेल रहा था, तभी अचानक उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चला गया। पुलिस व ग्रामीणों की मदद से किशोर के शव को तालाब से बाहर निकाला गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। कोतवाल तेज प्रताप सिंह ने बताया कि शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए गोंडा भेजा गया है। आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।



### दो माह से मीटर रीडिंग प्रक्रिया ठप

मनकापुर : विद्युत उपभोक्ता इन दिनों बिजली विभाग की लापरवाही से परेशान हैं। पिछले दो महीने से घरों में मीटर रीडिंग नहीं की जा रही है, जिससे उपभोक्ताओं में चिंता का माहौल है। विभाग द्वारा स्मार्ट मीटर लगाए जाने की प्रक्रिया चल रही है, इसी कारण पुराने मीटरों की रीडिंग लेना लगभग बंद कर दिया गया है। उपभोक्ताओं का कहना है कि बिना रीडिंग के बिजली बिल आने की संभावना है, जो अनुमान के आधार पर मनमाने ढंग से भेजा जा सकता है। पिछले दो महीनों से कोई कर्मचारी मीटर की रीडिंग लेने नहीं आया। अब डर है कि कहीं अधिक बिल न थमा दिया जाए। उपभोक्ताओं ने मांग की है कि जब तक स्मार्ट मीटर पूरी तरह सक्रिय न हों, तब तक नियमित मीटर रीडिंग की जाए ताकि बिलिंग पारदर्शी और उपयुक्त हो सके। इस संबंध में उपखंड अधिकारी आशीष राहुल ने बताया कि स्मार्ट मीटरिंग की प्रक्रिया जारी है, कुछ तकनीकी कारणों से देरी हुई है लेकिन जल्द ही सब सामान्य हो जाएगा। फिलहाल, उपभोक्ता असमंजस की स्थिति में हैं और स्पष्ट दिशा-निर्देश की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

### गोंडा-लखनऊ पैसेंजर फिर शुरू करने की मांग

गोंडा : सामाजिक संस्था इंकलाब फाउंडेशन के अध्यक्ष अविनाश सिंह के नेतृत्व में केंद्रीय रेल मंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय में सौंपा गया। डॉ अरुण सिंह, केबी सिंह, मोहित सिन्हा, प्रमोद पांडे, धीरू ने मांग की है कि गोंडा लखनऊ पैसेंजर ट्रेन का संचालन जल्द शुरू किया जाए। गोंडा से लखनऊ के बीच वर्षों तक सुचारू रूप से चलने वाली पैसेंजर ट्रेन का संचालन लंबे समय से बंद है, जिससे क्षेत्र की हजारों जनता को भारी असुविधा हो रही है। यह ट्रेन गोंडा, करनैलगंज, जरवल रोड, बहराइच और अन्य स्टेशनों के यात्रियों के लिए एकमात्र सस्ती, सरल और सुविधाजनक साधन थी ट्रेन बंद होने से छात्र, नौकरीपेशा लोग, छोटे व्यापारी, मरीज, किसान व मजदूर प्रतिदिन आने-जाने में परेशान हो रहे हैं। लखनऊ जैसे शहर में रोजाना हज़ारों लोग शिक्षा, चिकित्सा, न्याय और नौकरी के लिए आते हैं।

# बलरामपुर में सुबह की बारिश से लोगों को मिली राहत

संवाददाता, बलरामपुर

**बदला मौसम**
- दोपहर की धूप और उमस ने फिर किया बेहाल
- ठंडी हवा चलने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई

अमृत विचार। सोमवार को मौसम ने अचानक करवट ली। सुबह-सुबह कहीं रिमझिम तो कहीं झमाझम बारिश हुई। जिससे लोगों को चिलचिलाती गर्मी और तपते सूरज से कुछ राहत जरूर मिली। बारिश के बाद मौसम सुहाना हो गया। ठंडी हवा चलने लगी और तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। कई इलाकों में सड़कों पर पानी भर गया तो कहीं-कहीं लोगों ने खुले आसमान के नीचे बारिश में भीगने का लुत्फ उठाया।

लेकिन यह राहत ज्यादा देर नहीं टिकी। दोपहर होते-होते आसमान साफ हो गया और सूरज ने फिर से अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए। चटक धूप के साथ जैसे-जैसे दिन चढ़ा उमस भी बढ़ती गई। गर्मी और नमी ने मिलकर ऐसा असर डाला कि लोग पसीने से तरबतर हो गए। लोगों का कहना है कि सुबह की बारिश ने उन्हें गर्मी से राहत जरूर दी लेकिन दोपहर बाद फिर वही हालात बन गए।

सभी की निगाहें मानसून की पूरी तरह से सक्रियता पर टिकी हैं ताकि गर्मी और उमस से निजात मिल सके। किसानों ने जरूर बारिश से थोड़ी राहत महसूस की लेकिन उमस ने उन्हें भी परेशान कर दिया।

स्थानीय मौसम विभाग के अनुसार आने वाले कुछ दिनों तक मौसम का यही मिजाज बना रह सकता है। रुक-रुक कर हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई गई है लेकिन तेज धूप और उमस भी बरकरार रहने के आसार हैं।



सोमवार सुबह बलरामपुर नगर में हो रही बारिश के बीच गुजरते लोग। अमृत विचार

### आज तीन घंटे बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

132/33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र बलरामपुर से जुड़े क्षेत्रों में आज विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। भारत सरकार की आरडीएसएस योजना के अंतर्गत 11 केवी लिफ्ट कैनाल फीडर के बाईफरकेशन से जुड़े अपूर्ण कार्यों को पूरा करने के लिए दोपहर 12:00 बजे से 3:00 बजे तक आपूर्ति रोकी जाएगी। संयुक्त जिला चिकित्सालय परिसर, डीएम आवास, इंडस्ट्रियल एरिया धर्मपुर, रामपुर, खगईजोत, गनेशपुर, महेशभारी, महादेव मिश्र, आरटीओ ऑफिस क्षेत्र, गोंदीपुर, कटिया, भगवानपुर, मधवाजोत, रानीजोत, दुबौलिया व अन्य निकटवर्ती ग्राम की आपूर्ति बाधित रहेगी।

# 223 लाभार्थियों को मिली 5 लाख की सहायता राशि

## मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के लाभार्थियों ने सुना मुख्यमंत्री का वर्चुअल संबोधन

संवाददाता, बलरामपुर

अमृत विचार। मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन जी द्वारा जनपद अंबेडकर नगर से विभिन्न विकास परियोजनाओं के शिलान्यास एवं लोकार्पण तथा मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत पूरे प्रदेश में 11,690 आश्रित परिवारों को 561.86 करोड़ करोड़ रुपये की सहायता राशि का वितरण किया गया।

इस अवसर पर जनपद में जनपद स्तर एवं तहसील स्तर पर मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें की आश्रित परिवारों/लाभार्थियों को 05 लाख रुपये की सहायता राशि का वितरण किया गया। जनपद स्तर पर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री का वर्चुअल संबोधन सुना।



पीड़ित परिवारों को किसान दुर्घटना बीमा का चेक प्रदान करते जनप्रतिनिधि व डीएम। अमृत विचार

इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी, डीएम पवन अग्रवाल, जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा, अध्यक्ष नगर पालिका बलरामपुर श धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू मौजूद रहें। अतिथियों द्वारा मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के आश्रित परिवारों / लाभार्थियों को 05 लाख की सहायता राशि का चेक पर प्रदान किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्याम मनोहर तिवारी, ब्लॉक प्रमुख बलरामपुर ,एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, एसडीएम सदर हेमंत कुमार गुप्त व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

तहसील बलरामपुर सदर में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत 90 आश्रित परिवारों को 05 लाख रुपये की सहायता राशि का वितरण किया गया। तहसील तुलसीपुर में आयोजित कार्यक्रम में विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ला द्वारा मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के लाभार्थियों को 05 लाख रुपये की सहायता राशि का वितरण किया गया।

तहसील तुलसीपुर में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत 67 आश्रित परिवारों को 05 लाख की सहायता राशि का वितरण किया गया। तहसील उतरौला में जन प्रतिनिधिगण की उपस्थित में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत 66 आश्रित परिवारों को 5 लाख की सहायता राशि का वितरण किया गया। मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत जनपद में 223 आश्रित परिवारों / लाभार्थियों को 11 करोड़ 15 लाख रुपये की सहायता राशि का वितरण किया गया।

# मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना से 904 बच्चों को मिला संबल

संवाददाता, बलरामपुर

- तीन लाख तक आय वाले परिवार कर सकते हैं योजना के लिए आवेदन

अमृत विचार। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से संचालित मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना उन बच्चों के लिए वरदान बनकर सामने आई है जिन्होंने अपने माता-पिता में से एक या दोनों को खो दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऐसे बच्चों के भविष्य को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी स्वयं उठाई है।

इस योजना के अंतर्गत जिले में अब तक 904 बच्चों को शामिल किया जा चुका है। इन सभी बच्चों को हर महीने 2500 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। जिससे वे न सिर्फ शिक्षा से जुड़ सके बल्कि उन्हें बाल श्रम और भीख जैसी मजबूरियों से भी मुक्ति मिल सके।

इस धनराशि का उपयोग बच्चों के भरण-पोषण, शिक्षा और अन्य आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए किया जाता है। योजना के लिए तीन लाख रुपये तक की वार्षिक आय वाले पात्र परिवार आवेदन कर सकते हैं। योजना का क्रियान्वयन जिला प्रोबेशन विभाग के माध्यम से किया जा रहा है ताकि जरूरतमंद बच्चों को समय पर सहायता मिल सके और उनका भविष्य उज्ज्वल बन सके।

### ग्राम सचिवालयों को मिलेंगी अत्याधुनिक सुविधाएं

बलरामपुर, अमृत विचार। जिले की 793 ग्राम पंचायतों में संचालित सचिवालयों को अब जल्द ही अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जाएगा। सचिवालयों में कार्यरत पंचायत सहायकों (डाटा एंट्री ऑपरेटर) के लिए कंप्यूटर, फर्नीचर, बिजली, इंटरनेट, स्टेशनरी और पेयजल जैसी मूलभूत आवश्यकताओं को शीघ्र उपलब्ध कराने की दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं। अब तक केवल पंचायत सहायकों की नियुक्ति कर कार्य प्रारंभ कर दिया गया था लेकिन बुनियादी संसाधनों के अभाव में उनके काम में व्यवधान उत्पन्न हो रहा था। इस समस्या को लेकर पंचायत सहायकों ने डीपीआरओ से लेकर वरिष्ठ अधिकारियों तक कई बार ज्ञापन सौंपा। पंचायत सहायक यूनियन की प्रदेश महामंत्री शिवानी गिरि व ब्लॉक अध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि इंटरनेट और बिजली की अनुपलब्धता के कारण कार्यों का डिजिटलीकरण बाधित हो रहा था।

# बारात लेकर वापस लौट रही जीप में लगी आग

खरगूपुर, गोंडा, अमृत विचार: रविवार को दोपहर में आई बारात रात में वापस लौट रही थी। खरगूपुर थाने के सामने जैसे ही बोलेरो जीप पहुंची उसमें अचानक आग लग गई और वह धूंधू कर जलने लगी। सवार बारातियों ने किसी तरह कूदकर अपनी जान बचाई।

खरगूपुर- इटियाथोक मार्ग पर थाने के सामने बोलेरो में अचानक आग लग गई। जिससे वह जल गया। वाहन इटियाथोक थाना के चमरढार गांव से बारात लेकर वापस विशुनापुर जा रही थी। वाहन में सवार अब्दुल रज्जाक (55), इजहार(15), फातिमा(3), रेहान(12) को सुरक्षित बचाया गया। आग लगने के तुरंत बाद थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह पुलिस बल के साथ पहुंचकर आग पर काबू पाया और सभी को बोलेरो से सुरक्षित बाहर निकाला। बताया गया कि रविवार को दोपहर बिशनापुर बाजार से रिजवान की बारात इटियाथोक के चावंडर गांव में सबरू खान के यहां गई थी। वहां से बारात वापस होने पर चलते बोलेरो वाहन में खरगूपुर थाना गेट के सामने अचानक आग लग गई। थाना अध्यक्ष प्रदीप सिंह सहित कई दरोगा तथा आरक्षी के अलावा आसपास के लोगों के अथक प्रयास से आज पर जहां काबू पाया। वहीं वहां में मौजूद सभी लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया। घटना के बाद काफी देर तक मार्ग पर आवागमन बाधित रहा।

# दूध चोरी पकड़ने पर फैक्ट्री में हमला, सेंटर इंचार्ज व कुक की पिटाई

संवाददाता, करनैलगंज, गोंडा

- दूध चोरी पकड़ने पर फैक्ट्री में हमला, सेंटर इंचार्ज व कुक की पिटाई, हवाई फायरिंग
- हमलावरों की करतूत सीसीटीवी में कैद, तीन नामजद व 25 अज्ञात पर मुकदमा दर्ज

अमृत विचार : दूध की चोरी और हेराफेरी पकड़े जाने पर नाराज़ होकर हमलावरों ने फैक्ट्री पर धावा बोल दिया। चार वाहनों से पहुंचे करीब दो दर्जन से अधिक लोगों ने सेंटर इंचार्ज और कुक को जमकर पीटा और कट्टे से हवाई फायरिंग कर दहशत फैलाई। घटना फैक्ट्री परिसर में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई है।

मामला रविवार रात लगभग 10 बजे ग्राम पिपरी स्थित गज्जूपुरवा मार्ग पर श्वेतधारा मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी का है। फैक्ट्री सेंटर इंचार्ज शिवांश सिंह ने बताया कि तीन वाहनों में दूध चोरी की सूचना पर जांच की गई थी, जिसमें चोरी की पुष्टि हुई। इसी बात से नाराज़ होकर वाहन चालक रविवार देर रात चार वाहनों से कई लोगों को लेकर फैक्ट्री पहुंचे और एरिया मैनेजर व सुपरवाइजर के बारे में पूछताछ करने लगे। जानकारी न मिलने पर उन्होंने मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में कुक बृजेश कुमार यादव और सेंटर इंचार्ज को बुरी तरह पीटा गया। इसी दौरान एक व्यक्ति ने कट्टा लहराते हुए तीन राउंड हवाई फायर कर दिया।

शोरगुल के बीच सभी हमलावर गाली-गलौज और धमकी देते हुए फरार हो गए।घटना की जानकारी पुलिस को वीडियो फुटेज के साथ दी गई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने बब्लू सिंह निवासी इस्माइलपुर उमरी बेगमगंज, अभिषेक सिंह निवासी सोनौली उमरी, बेगमगंज, श्रवण तिवारी निवासी बैजपुर, परसपुर समेत 25 अज्ञात के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाल तेज प्रताप सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है और आरोपियों की तलाश जारी है।

**तैयारी** 2225 रुपये प्रति क्विंटल के भाव से खरीदा जाएगा मक्का, 31 जुलाई तक चलेंगे केंद्र

# किसानों से मक्का खरीदने के लिए खुल गए सरकारी क्रय केंद्र

संवाददाता, गोंडा

अमृत विचार : जिले में मक्का किसानो की उपज खरीदने के लिए पांच क्रय केंद्रो का संचालन शुरू कर दिया गया है। इस बार मक्का खरीदने की जिम्मेदारी खाद्य विभाग को मिली है। सोमवार को केंद्र खुल गए और प्रभारी मक्का किसानों का आने का इंतजार करते देखे गए। फिलहाल पहले दिन किसी भी केंद्र की बोहनी नहीं हुई है।

जिले के तीन तहसीलों में मक्के की खेती व्यापक रूप से की जाती है। इन तहसीलों में तरबगंज करनैलगंज तथा सदर हैं। सरकार की ओर से इस बार मक्का क्रय केंद्र नहीं खुलना था। जबकि जिले में मक्का की पैदावार ठीक-ठाक हुई है। मजबूरी में किसान मंडी के व्यापारियों को कम दामो पर अपनी उपज बेच रहे थे। मूल्य समर्थन योजना के तहत मक्के का मूल्य 2225 रुपये प्रति क्विंटल घोषित किया गया है, लेकिन व्यापारी किसानों से 2 हजार रुपये के आसपास के भाव से मकई की खरीद कर रहे थे। पश्चिम के कुछ जिलों में मक्का केंद्र न खुलने से नाराज किसानों की ओर से प्रदर्शन भी किया गया था, जिसके वजह से सरकार ने मक्का क्रय केंद्र खोलने का निर्देश प्रदेश के 22 जिलों को दिया। इन 22 जिलों में स्थानीय जिला भी है। जिला खाद्य विपणन अधिकारी की ओर से पांच केंद्र खोले जाने का अनुमोदन जिलाधिकारी को भेजा गया। अनुमोदन मिलने के बाद क्रय केंद्र का संचालन भी शुरू कर दिया गया है। तीन तरह केंद्र को बहराइच रोड स्थित कृषि उत्पादन मंडी समिति गोंडा में ही खोले गए हैं, जबकि एक क्रय केंद्र करनैलगंज तथा एक नवाबगंज मंडी में संचालित किया जा रहा है। कृषि उत्पादन मंडी समिति गोंडा में खोले गए तीनों क्रय केंद्र के प्रभारी संदीप सिंह, राजकुमार चौधरी तथा नितेश सिंह है। क्रय केंद्र पर बैनर लगा दिया गया है । किसानों के आने का इंतजार किया जा रहा है।



> शासन की ओर से मक्का खरीद केंद्र खोले जाने का निर्देश मिला था। जिले में पांच क्रय केंद् संचालन शुरू कर दिया गया है। मूल्य समर्थन योजना के तहत 2225 रुपये प्रति क्विंटल के भाव से मक्का की खरीद की जाएगी। किसानों से मक्का खरीदने को लेकर केंद्र प्रभारी तैयार हैं। सारे केंद्र संचालित हो रहे हैं। मक्का खरीद के नोडल अधिकारी अपर जिलाधिकारी हैं। क्रय केंद्र का संचालन 31 जुलाई तक किया जाएगा।
>
> -प्रज्ञा मिश्रा, जिला खाद्य विकास अधिकारी

## सार-संक्षेप

### कैंची धाम स्थापना दिवस पर हुआ रामायण पाठ व भंडारा



भंडारे में मौजूद विधायक राम प्रताप वर्मा। अमृत विचार

उतरौला, बलरामपुर, अमृत विचार। श्री कैंचीधाम के स्थापना दिवस पर नगर के मुंशफी रोड पर दो दिवसीय अखंड रामायण पाठ आयोजन के पश्चात रविवार देर शाम विधायक रामप्रताप वर्मा ने प्रसाद का वितरण कर भंडारे का शुभारंभ किया। भंडारे के भजनों का सिलसिला चलता रहा। भंडारे में सदर विधायक पल्टूराम, भाजपा जिलाध्यक्ष रवि मिश्र, चेयरमैन प्रतिनिधि अनूप गुप्त, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह, राकेश सिंह चंद्रप्रकाश सिंह, बिंदू विश्वकर्मा, सुधीर श्रीवास्तव, संदीप वर्मा, रमेश जयसवाल,फणीन्द्र गुप्त, देवानंद गुप्त, कृष्ण कुमार गुप्त, राहुल व रोहित तथा आयोजक विकास गुप्त समेत भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

### योग वाटिका के बारे में दी गई उपयोगी जानकारी

बलरामपुर। विश्व योग दिवस 21जून के उपलक्ष्य में माँ पाटेश्वरी विश्व विद्यालय के तत्वावधान में चल रहे कार्यक्रम की शृंखला में एम एल के कॉलेज प्राणि विज्ञान विभाग के सामने के उद्यान में योग वाटिका :प्रकृति और शांति का आशियाना विषय के संदर्भ में योग वाटिका की उपयोगिता पर मनमोहन सिंह ने विषय की रूपरेखा को प्रस्तुत किया किया। इस अवसर पर प्रकृति में वाटिका की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुएडॉ पंकज गुप्ता जी ने बताया कि एक मनमोहक पार्क का विकास कैसे किया जाय विभिन्न प्रकार के वनस्पति का चुनाव कैसे हो औषधि युक्त एवम सौंदर्य के लिए वृक्षों का चुनाव कैसे किया जाय इस पर विस्तृत प्रकाश डाला और संरक्षण की प्रक्रिया को भी समझाया ।नोडल अधिकारी प्रो राघवेंद्र सिंह ने कहा कि विभिन्न जड़ी बूटी, वनस्पति, युक्त वाटिका में योग आसान प्रणायाम् करने शारीरिक,अध्यात्मिक उन्नति होतीहै ।डॉ के के सिंह एवम डॉ आशीष लाल ने ताड़ासन ,अधिचक्र कटि आसान, उत्कट आसान बज्र आसान ,अनुलोम विलोम भ्रामरी आदि का सामूहिक अभ्यास किया इस अवसर पर प्रो पी के सिंह, डॉ लवकुश पाण्डे, डॉ देवेंद्र चौहान व श्री नारायण सिंह, अमन, शिव प्रसाद उपस्थित रहे।

### उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष बने शरद सिंह

गोंडा : उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने जिले के मुजेहना शिक्षा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय कौरहे के प्रधानाध्यापक शरद सिंह को जिले का नया जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। शरद के साथ ही संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील कुमार पांडेय ने वजीरगंज के कंपोजिट विद्यालय रामपुर खरहटा के सहायक अध्यापक आशीष कुमार द्विवेदी को मंत्री तथा बेलसर के प्राथमिक विद्यालय लबंरदारपुरवा के प्रधानाध्यापक देवेंद्र प्रताप सिंह को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया है। साथ ही जिले में नई कार्यकारिणी गठन किए जाने का निर्देश दिया है। संघ के नए जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में सोमवार को संगठन के प्रतिनिधि मंडल ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अतुल तिवारी से मुलाकात की और उन्हे अपना मनोनयन पत्र सौंपा। इस दौरान शिक्षक समस्याओं पर भी चर्चा हुई। बीएसए ने नए जिलाध्यक्ष को बधाई देते हुए शिक्षक समस्याओं के निराकरण में उनका सहयोग करने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर शिवाकांत वर्मा, राजीव कुमार, रक्षाराम, जुग्गी लाल वर्मा, शिवचन्द्र वर्मा, शिवकुमार वर्मा , लखेश्वरी वर्मा, रामप्रीत, संतोष कुमार सहित अनेकों शिक्षक उपस्थित रहे।

### मोबाइल कोर्ट में दिव्यांगजनों की सुनवाई 20 जून को

बलरामपुर। दिव्यांगजनों की समस्याओं के निराकरण के लिए मोबाइल कोर्ट का आयोजन 20 जून 2025 को किया जाएगा। यह आयोजन विकास भवन सभागार में प्रात: 10:00 बजे से होगा। मोबाइल कोर्ट का उद्देश्य दिव्यांगजनों को उनके अधिकारों और सुविधाओं के प्रति जागरूक करना है, साथ ही उनकी शिकायतों और समस्याओं का त्वरित निस्तारण करना है। दिव्यांगजन समाज कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग, ग्राम विकास विभाग, परिवहन विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, लोक निर्माण विभाग, रेल विभाग, पुलिस प्रशासन, पंचायतीराज, श्रम विभाग, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, नगर विकास विभाग, राजस्व विभाग, बिजली विभाग आदि से संबंधित अपनी शिकायतें दर्ज करा सकते हैं। दिव्यांगजन अपनी शिकायतों के साथ 20 जून 2025 को प्रात: 10:00 बजे विकास भवन सभागार में आयोजित मोबाइल कोर्ट में भाग ले सकते हैं।

### पंच परिवर्तन व्यवस्था लागू करने को करना होगा प्रयास

गोंडा : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अवध प्रांत द्वारा एस. सी.पी.एम आयुर्वेदिक एवं मेडिकल कॉलेज में चल रहे अभ्यास वर्ग का सोमवार को समापन हो गया। अवध प्रांत के 17 प्रशासनिक एवं 27 सांगठनिक जिलों से आए प्रतिनिधियों ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के मूल सिद्धांतों के बारे में सीखने का प्रयास किया। संगठन की तमाम प्रकार की गतिविधियों के बारे में विषय वार सत्र तथा गटश: चर्चा के माध्यम से जानकारी स्वयं का साक्षात्कार का किया। भारतीय संविधान के 75 वर्ष शिक्षा का बदलता स्वरूप व हमारी भूमिका पर कार्यकर्ताओं को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ अवध प्रांत के प्रांत प्रचारक कौशल किशोर ने विचार व्यक्त किए। प्रांत प्रचारक ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विद्यार्थियों में विश्व का सबसे बड़ा संगठन है जो कि अपने स्थापना काल 9 जुलाई 1949 से ही विद्यार्थियों के सतत विकास के लिए कार्य करता है, जिसका हमेशा से यही उद्देश्य रहा कि हम न सिर्फ विद्यार्थियों से संपर्क करेंगे बल्कि उनको अपने परिवार की तरह समझेंगे और उनकी किसी भी प्रकार की समस्या के उन्मूलन का प्रयास करेंगे। इसी वर्ष विजय दशमी को संघ का शताब्दी वर्ष पूर्ण होने वाला है। उन्होंने कहा कि पंच परिवर्तन में कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी जीवन शैली स्व का जागरण और नागरिक कर्तव्य एवं नागरिक अनुशासन को व्यवहार में उतारना होगा। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की स्थापना 2 अक्टूबर 1925 में विजय दशमी के दिन हुई थी, जिसकी स्थापना की 100 वर्ष पूर्ण होने पर बहुत ही गौरव की बात है, आज राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के 40 से अधिक संगठन अपनी अपनी भूमिका बनाकर मां भारती की सेवा करने में लगे हुए हैं। अभाविप के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व विशेष आमंत्रित सदस्य प्रो नागेश ठाकुर व क्षेत्रीय संगठन मंत्री पूर्वी उत्तर प्रदेश घनश्याम शाही ने सामूहिक रूप से उपस्थित प्रतिनिधियों से संवाद किया तथा समस्या के उन्मूलन में उपस्थित प्रतिनिधियों का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय छात्रा कार्य प्रमुख प्रो मनु कटारिया, राष्ट्रीय मंत्री अंकित शुक्ल, थिंक इंडिया के अखिल भारतीय संयोजक सुमित पांडे, अवध प्रांत की अध्यक्ष प्रो नीतू सिंह, उपाध्यक्ष प्रो मंजुला उपाध्याय, प्रो अल्का सिंह, प्रांत मंत्री पुष्पेंद्र बाजपाई सहित अवध प्रांत के 27 संगठनात्मक जिलों से अभ्यास वर्ग में उपस्थित रहे।

### आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का आवासीय प्रशिक्षण सम्पन्न



गोंडा : बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग तथा दीन दयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के लिए सात दिवसीय आवासीय आधारभूत प्रशिक्षण का आयोजन जिला ग्राम्य विकास संस्थान, झंझरी गोंडा में किया गया। यह प्रशिक्षण 10 जून से 16 जून 2025 तक आयोजित हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ 10 जून को जिला विकास अधिकारी श्री सुशील कुमार श्रीवास्तव द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि गर्भवती एवं धात्री माताओं तथा 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान करने में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने प्रतिभागियों से प्रशिक्षण को गंभीरता से लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए जिला प्रशिक्षण अधिकारी अभिषेक मणि त्रिपाठी ने बताया कि यह प्रशिक्षण नवचयनित सहायिकाओं को आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के रूप में दक्ष बनाने के लिए किया गया। प्रशिक्षण में आईसीडीएस, पोषण, स्तनपान, ऊपरी आहार, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, कुपोषण की निगरानी, आंगनबाड़ी केंद्र की व्यवस्था, टीकाकरण, समावेशी शिक्षा, अभिभावक सहभागिता आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रशिक्षण सत्रों में कुमारी वंदना सीडीपीओ गोंडा, चंदन सैनी ब्लॉक समन्वयक, तथा मास्टर ट्रेनर सोमनाथ शर्मा ने मुख्य वक्ता के रूप में प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन अवसर पर 16 जून को सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र, परिचय पत्र तथा समूह फोटो प्रदान कर संस्थान से कार्यमुक्त किया गया। कार्यक्रम में सत्र प्रभारी अभिषेक कुमार, एकाउंटेंट रहीम उल्लाह, कंप्यूटर ऑपरेटर अमित कुमार तथा प्रशिक्षण समन्वयक सरोजनी सिंह का विशेष योगदान रहा।

## एक नजर

### नदी में नहाने गया किशोर लापता, तलाश जारी

**धानेपुर** : गुमड़ी घाट जंगल के कुआनो नदी में स्नान करने गया रेतवागाड़ा निवासी किशोर लापता हो गया है। मां की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है। धानेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रेतवागाड़ा की रहने वाली महिला गुड़िया देवी पत्नी करीम के मुताबिक उसका 12 साल का लड़का जान मोहम्मद शनिवार को इलाके के गुमड़ी घाट जंगल के पास से होकर बह रही कुआनों नदी में नहाने गया हुआ था जहां से लापता हो गया है। घर पर शाम तक नहीं लौटने पर खलबली मच गई। रविवार को तहरीर दी गई है। प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर बरामदगी का प्रयास किया जा रहा है।

### रंजिश में युवक को पीटा

**धानेपुर** : धानेपुर के ग्राम पंचायत गूंगी देई गांव के रहने वाले रोहित सिंह के मुताबिक उसके चचेरे भाई बृजेश सिंह इंदिरा नगर में बेकर्स की दुकान करते हैं। आरोप लगाया है कि पुरानी रंजिश को लेकर रविवार की शाम को उसके गांव के रहने सूरज सिंह, धन्नजय सिंह, सर्वेश सिंह व दिलीप सिंह दुकान पर आये और चचेरे भाई बृजेश को अपशब्द कहते हुए मारने पीटने लगे हल्ला मचाने पर कुछ लोग आ गए तब जान बची जिस पर जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कराया गया है और अन्य विधिक कार्रवाई प्रचलित है।

### मारपीट मामले में चार लोगों पर केस दर्ज

**करनैलगंज, अमृत विचार** : मामूली विवाद में पिता व तीन पुत्रों ने मिलकर पिता पुत्री को पीट दिया। ग्राम कपूरपुर छेदी पुरवा निवासी नंदकिशोर की तहरीर पर गांव के ही राम प्रहलाद व उनके तीन पुत्रों बब्बन, बबलू, सौरभ के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है जिसमें कहा गया है कि मामूली बात में चारों लोगों ने नंदकिशोर और उनकी पुत्री चंचल को लाठी डंडा से मारपीटा। जिसमें काफी चोटें आईं। उसके बाद सभी लोगों ने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दिया। कोतवाल तेज प्रताप सिंह ने बताया कि मारपीट का मामला था। रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### सरयू रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**करनैलगंज** : सरयू रेलवे स्टेशन पर एक युवक की ट्रेन से गिरकर मौत हो गई। जीआरपी ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जीआरपी के इंस्पेक्टर बांकेलाल के मुताबिक सोमवार की भोर लखनऊ से गोरखपुर जाने वाली ट्रेन से एक युवक सरयू रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर गिर गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। स्टेशन से सूचना मिलने पर शव को कब्जे में लिया गया। उसकी मोबाइल के जरिए संपर्क करके शव की शिनाख्त की गई। मृतक बृजराज गौड 30 वर्ष पुत्र रामकृष्ण गौड निवासी गोरखपुर के रूप में हुई। परिजनों को सूचना देकर बुलाया गया तथा शव को मृतक के भाई ऋषिराज को सौंपा गया है।

# मानसून की पहली बरसात ने दी राहत, खेती का काम तेज

## नगर में गली मोहल्ले सब पानी-पानी, बारिश के दौरान कई क्षेत्रों में बिजली गुल हुई

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार** : भीषण गर्मी का दंश झेल रहे लोगों की सोमवार की सुबह खुशगवार दिखी। जिले के कई क्षेत्रों में रात से ही बारिश शुरू हो गई और गोंडा नगर में सुबह छह बजे से नौ बजे तक हुई बारिश से गली मोहल्ले सब लबालब भर गए। वहीं लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली और किसानों की खेती का काम शुरू हो गया। हालांकि कटरा बाजार व करनैलगंज में नाममात्र ही बारिश हुई है। बताया जा रहा है कि एक दो दिनों में बारिश अपने शबाब पर होगी।

सुबह बारिश होते ही लोगों में गर्मी की बेचैनी से आजादी मिल गई। हालांकि बारिश के चलते कई क्षेत्रों की बिजली गुल हो गई। गोंडा नगर के सीतापुर आंख अस्पताल व गन्ना सहकारी समिति कालोनी के मार्ग में पानी भर गया। कालोनी निवासी सुमित अग्रवाल ने बताया कि जल निकासी का कोई मार्ग न होने से नालियों का पानी भी उफनाने लगा। जिला अस्पताल परिसर में भीषण जलभराव हो गया। यहां भी जल निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है। मरीजों व तीमारदारों को इसी जलभराव के बीच जांच कराने व डाक्टर को दिखाने के लिए जाना पड़ा। बारिश न होने के कारण किसानों के खेतों में बेड़न नहीं पड़ पाए थे। जिन लोगों बेड़न लगाया था उनकी फसल को पानी मिल गया और अन्य किसान बेड़न लगाने की जुगत करते दिखे।



मेडिकल कॉलेज परिसर में भरा पानी। अमृत विचार



गन्ना समिति कालोनी में भरा पानी। अमृत विचार

### घरों में उतरा करंट, पति पत्नी घायल

**तरबगंज**। सिगहा चंदा गांव में रविवार की रात करीब 2 बजे तेज हवाओं के साथ हुई बारिश के दौरान शॉर्ट सर्किट से करंट उतरने से तीन बकरियों की मौत हो गई। पति पत्नी घायल हो गए हैं।

गांव वालों के अनुसार करीब 15 घरों के बिजली के मीटर, केबल, बोर्ड, पंखे, झटका मशीन और चार्जर जलकर खाक हो गए हैं व तीन बकरियों की मौत हो गई है घायल हुए पति पत्नी का इलाज अस्पताल में चल रहा है। स्थानीय लेखपाल पवन तिवारी ने बताया कि बीती रात में आंधी तूफान आने से बिजली का तार टूटकर गिर गया था जिसकी चपेट में गांव के गिन्ने पुत्र इंसान अली व उनकी पत्नी मीना चपेट में आ गई और घायल हो गई हैं जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। वहीं गिन्ने की 2 बकरी व बकरी का बच्चे की मौत हो गई। एसडीओ तरबगंज ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही लाइनमैन को मौके पर भेजा गया है। वहीं स्थानीय तहसील क्षेत्र के कोयली जंगल में आकाशीय बिजली गिरने से एक भैंस की ही मौत हो गई है। स्थानीय लेखपाल ने रिपोर्ट तहसील में भेजी है। लेखपाल रामसेवक ने बताया कि सोमवार की सुबह छह बजे बारिश हो रही थी उसी समय बिजली गिरने से रानी पत्नी मुन्ना की भैस चपेट में आ गई जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई है।

### इटियाथोक में बिजली की बदहाली जारी, उपभोक्ता परेशान

**इटियाथोक, गोंडा**। इटियाथोक क्षेत्र में बिजली की समस्या खत्म होने की जगह दिनों दिन समस्याएं बढ़ती जा रही है। पहले बिजली बलरामपुर से आई थी, फिर उसके बाद में बेंदुली से आने लगी। लेकिन समस्याएं खत्म नहीं हो रही हैं। 18 घंटे बिजली देने में विभाग के पसीने छूट रहे हैं। कम से कम डेढ़ सौ बार ट्रिपिंग होती है। रात में हल्की सी बरसात होने पर बिजली व्यवस्था खराब हो गई है। रात से ही बिजली नहीं है। इस बारे में अवर अभियंता अजय कुमार गुप्ता से बात करने का प्रयास किया गया बमुश्किल उनसे बात हो पाई तो उनका कहना है कि बिजली आएगी तब हम दे पाएंगे। पूर्व प्रधान दिनेश कुमार शुक्ला ने एसडीओ को ज्ञापन देकर विद्युत समस्याओं पर ध्यान आकर्षित कराया था।

## आकाशीय बिजली गिरने से दो युवकों की मौत

**गोंडा, अमृत विचार** : रविवार आधी रात से शुरू हुई मूसलाधार बारिश के बीच आकाशीय बिजली गिरने से दो युवकों की मौत हो गयी है। पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और अन्य विधिक कार्रवाई में जुटी है।

पिछले कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी के बाद रविवार की रात मौसम में बदलाव देखने को मिला। आधी रात के बाद शुरू हुई मूसलाधार बारिश से जहां गर्मी से राहत मिली वहीं आकाशीय बिजली गिरने से दो लोगों की जान चली गयी। नगर कोतवाली क्षेत्र के दत्तनगर विसेन गांव का रहने वाला कुणाल शर्मा (18) सोमवार की सुबह घर से बाहर निकला था कि अचानक आकाशीय बिजली की चपेट में आ गया। कुणाल की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी।



कुणाल शर्मा (फाइल फोटो)।

वहीं देहात कोतवाली क्षेत्र के काजीदेवर गांव के सैदवापुर के रहने वाले रामदेव यादव (45) भी सोमवार की सुबह आकाशीय बिजली की चपेट में आ गये और उनकी भी मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि आकाशीय बिजली गिरने से सदर तहसील में दो लोगों की मौत हुई है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पीड़ित परिवारों को आपदा प्रबंधन कोष से सहायता देने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं। डीएम ने कहा कि इस तरह की घटनाओं से बचाव के लिए प्रशासन लगातार लोगों को जागरुक कर रहा है। समय समय पर चेतावनी भी जारी की जाती है। इस तरीके की घटना पर अंकुश लगे इसके लिए लोगों को जागरूक करने का प्रसास किया जा रहा है।

## मूसलाधार बारिश में फुंके ट्रांसफार्मर, गिरे विद्युत पोल

**मनकापुर, अमृत विचार**: रात भर हुई मूसलाधार बारिश और आकाशीय बिजली ने क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था को पूरी तरह से चरमरा कर रख दिया। तेज बारिश के साथ गिरी आकाशीय बिजली के कारण कई स्थानों पर ट्रांसफॉर्मर फुंक गए और बिजली के खंभे गिर गए, जिससे पूरे क्षेत्र में अंधकार छा गया। देर रात करीब 4 बजे तेज गरज-चमक के साथ बारिश शुरू हुई। उसी दौरान कुछ स्थानों पर तेज धमाके के साथ बिजली गिरने की आवाजें सुनी गईं। कई मोहल्लों और गांवों की बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई।

नगर के मोहल्ला शास्त्री नगर, मछ्ली गांव, मिर्जापुर रामनाथ, मऊ सहित कई गांवों में ट्रांसफॉर्मर जलने और बिजली के खंभे गिरने की सूचना है। खेतों के किनारे लगे खंभे धराशायी हो गए है। बिजली गुल होने से लोगों को भीषण गर्मी और उमस का सामना करना पड़ रहा है। पेयजल आपूर्ति भी बाधित हो गई है, क्योंकि अधिकांश हैंडपंपों और मोटरों की निर्भरता बिजली पर है। बिजली विभाग की ओर से कुछ जगहों पर मरम्मत कार्य शुरू कर दिया गया है। एक्सईन मोहम्मद कमर फरुख ने बताया कि बिजली गिरने से ट्रांसफॉर्मर समेत कई उपकरण जल गए हैं, प्रयास किया जा रहा है कि जल्द से जल्द आपूर्ति बहाल हो सके।



पेड़ गिरने से टूटा बिजली का पोल व तार।

## सरयू नदी के किनारे मिली युवक का शव

**नवाबगंज, अमृत विचार** : सरयू नदी के किनारे पानी में संदिग्ध परिस्थितियों में एक तीस वर्षीय युवक का शव पड़ा हुआ मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर शिनाख्त कराने में जुटी।

गोरखपुर -लखनऊ फोरलेन हाइवे पर सरयू पुल के नीचे नदी में महेशपुर गांव के पास सोमवार की सुबह सरयू नदी के किनारे पानी में एक तीस वर्षीय युवक का शव पड़ा हुआ स्थानीय लोगों ने देखा। सूचना पर मौके पर पहुंची सरयू घाट चौकी की पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर शिनाख्त कराने में जुटी। चौकी प्रभारी संजीव सिंह ने बताया कि मृतक के पास एक मोबाइल फोन बरामद हुआ है। फोन में मिले नंबर पर फोन किया गया है। फोन रिसीव करने वाले ने बताया कि वह बहराइच जिले के विशेश्वरगंज का निवासी है। उन्होंने बताया कि शव की पहचान के लिए उन्हें बुलाया गया है। पहचान होने के बाद शव की शिनाख्त हो सकेगी।

## घटिया निर्माण पर डीएम सख्त ठेकेदार पर एफआईआर दर्ज

संवाददाता, करनैलगंज, गोंडा

- चौपाल में आई शिकायत पर तत्काल कार्रवाई, लोगों ने की सराहना

**अमृत विचार** : करनैलगंज नगर पालिका क्षेत्र में ठेकेदार द्वारा मानक विहीन नाले का निर्माण कराने की शिकायत पर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। जिलाधिकारी नेहा शर्मा के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई है।

बीते 13 जून को करनैलगंज क्षेत्र में आयोजित ग्राम चौपाल 3.0 के दौरान मौर्य नगर वार्ड-11 में सीवरेज व जल निकासी योजना के अंतर्गत बनाए जा रहे नाले की गुणवत्ता पर सवाल उठे थे। नगर पालिका परिषद द्वारा मौर्य नगर चौराहा से जेपी स्कूल तक सीसी नाला निर्माण का कार्य मास्टर इंटरप्राइजेज, प्रोप्राइटर मो. इबरार को सौंपा गया था। निर्धारित मानकों के तहत सीमेंट-कंक्रीट से बनने वाले इस नाले को ठेकेदार ने ईंटों से बनाना शुरू कर दिया। अवर अभियंता दिवाकर प्रजापति ने कार्य को रुकवा भी दिया, लेकिन ठेकेदार ने न तो सुधार किया और न ही दोबारा कार्य शुरू किया। चौपाल में क्षेत्रीय नागरिकों की शिकायत पर डीएम नेहा शर्मा ने तत्काल जांच के निर्देश दिए। जांच में आरोप सही पाए जाने पर उन्होंने ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने को कहा। निर्देश पर अवर अभियंता ने कोतवाली करनैलगंज में तहरीर दी, जिसमें सरकारी धन के दुरुपयोग और मानकों की अनदेखी की बात कही गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। डीएम ने स्पष्ट किया है कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा। सभी संबंधित अधिकारियों को नियमित जांच के निर्देश दिए गए हैं।

## सार-संक्षेप

### मनमानी फीस वसूली पर डीएम से मिला छात्रों का प्रतिनिधिमंडल



डीएम को ज्ञापन देते छात्र संगठन के सदस्य व पदाधिकारी। अमृत विचार

**गोंडा** : राष्ट्रीय छात्र पंचायत के कार्यकर्ता जिलाधिकारी नेहा शर्मा से प्राइवेट स्कूलों की फीस मनमानी को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल मिला। राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवम् पाण्डेय ने जिलाधिकारी से वार्ता करते हुए बताया कि गोंडा जनपद में 38 दिनों से गांव गांव जाकर चौपाल लगाकार हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें क़रीब 30, हज़ार लोगों ने समर्थन में हस्ताक्षर किया है। सबने ये बताया है कि प्राइवेट स्कूलों के द्वारा किताब के नाम पर, ड्रेस के नाम पर स्कूल किट, क्रीड़ा शुल्क आदि के नाम पर हर वर्ष धन की उगाही की जा रही है। लेकिन इन पर अंकुश लगाने वाला कोई नहीं हैं। जनपद में तय दुकान से ही किताब व ड्रेस ले सकते हैं। इसके पश्चात जिला अधिकारी ने यह आशवासन दिया है कि एक कमेटी गठित कर के स्कूलों की जाँच कराई जाएगी व स्कूलों की एक साथ मीटिंग बुलाकर इसमें कार्रवाई की जाएगी। इसका नए सत्र से छात्रों को ऊपर प्रभाव नहीं पड़ेगा पड़ेगा। इस प्रतिनिधिमंडल में जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र शुक्ल, रंजीत पांडेय, शैलू सिंह, आदित्य प्रताप सिंह, राजन सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

### कैंडल मार्च निकाल विमान दुर्घटना के मृतकों को दी श्रद्धांजलि




**रुपईडीह, गोंडा**। बीते गुरुवार को अहमदाबाद विमान दुर्घटना में मारे गये लगभग 250 लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए कस्बा आर्यनगर में देर शाम कैंडल मार्च निकाला गया। पूर्व प्रधान रामकरन चौबे के अगुवाई में सैकड़ों लोगों ने मार्च में हिस्सा लिया। ब्लॉक रुपईडीह मुख्यालय से आर्यनगर चौराहे तक मार्च किया गया। इस दौरान मारे गये लोगों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर शोक सभा भी आयोजित की गई। विवेक चतुर्वेदी, विकास पांडेय, मनोज चौबे, धवल, मुकीम, राजकुमार, नरेंद्र, वासुदेव, अंकित तिवारी, ओंकारनाथ, विनय, धीरेंद्र श्रीवास्तव, श्यामलाल, हरिओम, विवेक श्रीवास्तव, मुकेश, रवि, शनि, सोनू आदि लोग उपस्थित रहे।

### 'इक्कीसवीं सदी में साहित्य की दिशा' विषय पर हुई गोष्ठी



**गोंडा, अमृत विचार** : जानकीनगर कालोनी में घनश्याम अवस्थी के निवास पर एक साहित्यिक गोष्ठी आयोजित की गयी। गोष्ठी की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार डा सूर्यपाल सिंह ने की। लब्धप्रतिष्ठ साहित्यकार डा बजरंग बिहारी तिवारी, गणेश प्रसाद तिवारी एवं चिन्तक एसपी मिश्र ने विचार रखे। अभिकृति अवस्थी ने गोष्ठी के विषय एवं उप विषयों को साझा किया। इक्कीसवीं सदी में साहित्य की दिशा को उन्होंने कुछ उपविषयों में विभाजित किया और उन उप विषयों की पर्चियाँ लिखकर एक खुले पात्र में रखा था। सभी साहित्यकारों से एक-एक पर्ची उठाने को कहा गया। इस गतिविधि के द्वारा वक्ता-विशेष से अपेक्षा की गयी कि वे विचार-प्रस्तुति में आवंटित विषय को अवश्य शामिल करें। डा बजरंग बिहारी तिवारी ने इक्कीसवीं सदी के साहित्य की दिशा पर चर्चा की। राजेन्द्र तिवारी ने साहित्य में कविता को पहचानने का टूल 'लयात्मकता की उपस्थिति' माना। गणेश प्रसाद तिवारी 'नैश' ने इक्कीसवीं सदी के साहित्य में आत्मकथात्मक रूझान एवं आत्मनिवेदन को अपने जीवनानुभवों से सोदाहरण स्पष्ट किया। एस पी मिश्र ने कहा कि जाग्रत् होते समाज में व्यवस्था-परिवर्तन को कोई रोक नहीं सकता। जो किया है, सो भुगतना ही होगा। डा सूर्यपाल सिंह जी ने कहा कि आज समाज में सन्देह बढ़ रहा है। महान व्यक्तित्वों में दोषान्वेषण की प्रवृत्ति पनप रही है। सामाजिक-पारिवारिक सम्बन्ध शिथिल हो रहे हैं। यह चिंताजनक है। इक्कीसवीं सदी में अनेक जनहित-समूहों ने अपनी-अपनी सीमाएँ बना ली हैं। स्त्री-विमर्श, दलित-विमर्श एवं थर्ड जेंडर-विमर्श-जैसे विमर्श एक ओर तो एक वर्ग-विशेष को तात्कालिक लाभ पहुंचाते हैं, दूसरी ओर समाज में उनकी पृथकता भी रेखांकित करते हैं। उन्होंने कहा कि हमें स्त्री, दलित तथा आदिवासी के बजाय 'वंचित' को केन्द्र में रखना होगा।

## दिव्यांगों के लिए कल लगेगी मोबाइल कोर्ट

संवाददाता, गोंडा

- राज्य आयुक्त करेंगे सुनवाई
- सुनवाई के दौरान दिव्यांगों की समस्याओं का होगा समाधान

**अमृत विचार**: दिव्यांगजनों को अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए अब विभाग के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। उनकी शिकायतों के समाधान के लिए राज्य आयुक्त दिव्यांगजन 18 जून को जिले में आयेंगे और जिला पंचायत सभागार में मोबाइल कोर्ट का आयोजन कर उनकी समस्याओं को सुनकर समाधान करेंगे।

दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम -2016 की मूल भावना के अनुसार दिव्यांगजनों को उनके अधिकार एवं सुविधाओं के लिए सरकार की तरफ से कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं लेकिन सुदूरवर्ती पिछडे क्षेत्रों व ग्रामीण इलाको में निवास करने वाले दिव्यांगजन इन योजनाओं एवं परियोजनाओं से जागरूक नहीं है। योजनाओं को लेकर जागरूकता बढ़ाये जाने, समाज में उनके साथ हो रहे भेदभाव को समाप्त कराने तथा पूर्ण एवं प्रभावी भागीदारी दिलाकर इस सम्बन्ध में उनकी शिकायतों व समस्याओं को त्वरित रूप से स्थानीय स्तर पर निस्तारित कराए जाने के उद्देश्य से 18 जून को जिला पंचायत सभागार में मोबाइल कोर्ट का आयोजन किया जायेगा। मोबाइल कोर्ट में राज्य दिव्यांगजन आयुक्त मौजूद रहकर दिव्यांगों की शिकायतें सुनेंगे और स्थानीय स्तर पर उनका समाधान कराया जायेगा। जिला दिव्यांगजन अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि मोबाइल कोर्ट के आयोजन को लेकर तैयारियां की जा रही है।

## नवागत समाज कल्याण अधिकारी ने संभाला कार्यभार

- मातहतों संग बैठक कर की योजनाओं की समीक्षा

**गोंडा, अमृत विचार**: जिले के नवागत जिला समाज कल्याण अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह ने अपना कार्यभार संभाल लिया। सोमवार को उन्होंने कार्यालय के मातहतों संग बैठक की विभागीय योजनाओं के प्रगति की जानकारी ली। बैठक के बाद उन्होंने कहा कि विभाग की कार्य पद्धति में जल्द ही बदलाव देखने को मिलेगा। अपने कार्य के लिए लाभार्थियों को विभाग के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

जिला समाज कल्याण अधिकारी रहे राजेश चौधरी का हाल ही में दूसरे जिले में तबादला किया गया है। उनके स्थान पर कन्नौज के जिला समाज कल्याण अधिकारी रहे सत्य प्रकाश सिंह को भेजा गया है।



सत्यप्रकाश सिंह।

बैठक में उन्होंने पारिवारिक लाभ योजना, वृद्धावस्था पेंशन, छात्रवृत्ति, सामूहिक विवाह योजना, भरण पोषण अधिकरण योजना व आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज होने वाली शिकायतों की समीक्षा की और उनके प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने संबंधित पटल कर्मियों को योजनाओं से संबंधित रजिस्टर बनाने और उनके संबंध में आने वाली शिकायतों के निराकरण का निर्देश दिया। उन्होंने कहा शिकायत निस्तारण करते समय शिकायत कर्ता से अवश्य बात करें और बातचीत का ब्योरा रजिस्टर पर दर्ज करें। उन्होंने कर्मचारियों को सुधार लाने का भी निर्देश दिया। बैठक के दौरान विभाग की तरफ से संचालित राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों की शिक्षा में सुधार पर उनका फोकस रहा।

**मदद** मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत जन प्रतिनिधियों व अधिकारियों ने बांटे चेक

# 151 परिवारों के 466 लोगों को मिली पांच-पांच लाख की सहायता

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार** : विभिन्न हादसों में अपनी दान गंवाने वाले किसानों के आश्रितों को सोमवार को सहायता राशि वितरित की गयी। कृषक दुर्घटना बीमा योजना के तहत जिले के जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने लाभार्थी परिवार के सदस्यों को पांच पांच लाख रुपये का चेक प्रदान किया। जिला पंचायत सभागार में आयोजित कार्यक्रम में विधायक सदर प्रतीक भूषण सिंह व जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने लाभार्थी परिवार के आश्रितों को चेक दिया। जिले की चारों तहसीलों के 151 परिवारों के 466 लोगों को सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया।

जिला पंचायत सभागार नें आयोजित मुख्य कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सदर विधायक प्रतीक भूषण सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों की उन्नति और सुरक्षा के लिए लगातार प्रतिबद्ध है। उन्होंने लाभार्थियों के आश्रितों को ढांढस बंधाया और भरोसा दिलाया कि सरकार उनके साथ खड़ी है।

जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने कहा कि प्रशासन द्वारा योजना के अंतर्गत लाभार्थियों की पहचान पूरी पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ की गई है। कार्यक्रम का संचालन उपजिलाधिकारी सदर गोण्डा अशोक कुमार गुप्ता ने किया।



किसानों के आश्रितों को चेक की प्रतिकृति देतीं डीएम व सदर विधायक। अमृत विचार

मनकापुर तहसील सभागार में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना अंतर्गत कार्यक्रम में 42 कृषक परिवारों के आश्रित को पांच पांच लाख का चेक दिया गया। कार्यक्रम में विधायक मनकापुर प्रतिनिधि वेद प्रकाश दुबे, केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री व सांसद के प्रतिनिधि यूपी सिंह तथा भाजपा नेता के के सिंह एडवोकेट ने चेक वितरण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी अवनीश त्रिपाठी ने की। संचालन प्रभारी तहसीलदार अनिल तिवारी ने किया। लाभ पाने वालों में झिनकना देवी, साधिका देवी, पिंकी सिंह, लक्ष्मी सिंह, दिव्यांशी श्रीवास्तव, और सावित्री देवी सहित 42 कृषक परिवारों के सदस्य शामिल रहे। इस अवसर पर ज्ञानदास, पुरुषोत्तम सिंह, राजकिशोर श्रीवास्तव, लेखपाल रामपूजन सिंह यादव, प्रेम शंकर, स्वामीनाथ शुक्ला आदि लोग उपस्थित रहे। करनैलगंज तहसील सभागार में सोमवार को मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत 25 मृतक किसानों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी गई। मुख्य अतिथि विधायक अजय सिंह ने लाभार्थियों को चेक वितरित किए। कार्यक्रम में एसडीएम यशवंत राव, तहसीलदार अनु सिंह, चेयरमैन प्रतिनिधि रामजीलाल मोदनवाल, शंकर प्रताप सिंह गुड्डू व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

जानीयात्प्रेषणेभृत्यान् बान्धवान्व्यसनाऽऽगमे।
मित्रं याऽऽपत्तिकालेषु भार्यां च विभवक्षये ॥

किसी महत्वपूर्ण कार्य पर भेजते समय सेवक की पहचान होती है । दुःख के समय में बन्धु-बान्धवों की, विपत्ति के समय मित्र की तथा धन नष्ट हो जाने पर पत्नी की परीक्षा होती है ।

## संपादकीय

# महत्वपूर्ण प्रक्रिया

देश में सोलहवीं जनगणना कराने के लिए सरकार ने सोमवार को अधिसूचना जारी कर दी। जनगणना एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है जो देश के विकास के लिए आवश्यक है। जनगणना का एलान स्वागत योग्य है। 2021 की जनगणना में देरी के कारण, 2025 की जनगणना का महत्व और भी बढ़ गया है। जनगणना लोगों की धारणा को इतना प्रभावित करेगी कि यह एक शताब्दी की घटना होगी क्योंकि कोविड-19 महामारी की वजह से 2021 में होने वाली दशकीय जनगणना में देरी हुई। आगामी जनगणना मोबाइल एप्लीकेशन का उपयोग करके डिजिटल माध्यम से की जाएगी। लोगों को स्व-गणना का प्रावधान भी उपलब्ध कराया जाएगा। जनगणना गतिविधियों के लिए लगभग 34 लाख गणनाकार और पर्यवेक्षक तथा लगभग एक लाख 30 हजार जनगणना कार्यकर्ता तैनात किए जाएंगे। स्पष्ट है कि भारत के पास दुनिया में सबसे बड़ा सांख्यिकीय सर्वेक्षण तंत्र है। महत्वपूर्ण है कि यह जनगणना न केवल जनसंख्या का सटीक आंकड़ा प्रदान करेगी, बल्कि सामाजिक-आर्थिक विकास योजनाओं और नीतियों के लिए एक महत्वपूर्ण डेटाबेस भी होगी। इस बार जनगणना में जाति गणना भी की जाएगी। जातिगत जनगणना को लेकर कुछ लोगों का मानना है कि जातिगत जनगणना से सामाजिक-आर्थिक असमानताओं को समझने और पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए नीतियों को बनाने में मदद मिलेगी। जबकि कुछ लोगों को डर है कि जातिगत जनगणना से सामाजिक विभाजन और संघर्ष बढ़ सकता है। विपक्षी दल कांग्रेस का कहना है कि जनगणना के लिए तेलंगाना का माडल अपनाया जाए, सिर्फ जातियों की गिनती ही नहीं बल्कि जातिवार सामाजिक और आर्थिक स्थिति से जुड़ी विस्तृत जानकारी भी जुटाई जानी चाहिए। यह महत्वपूर्ण है कि जातिगत जनगणना को सावधानीपूर्वक और सामाजिक न्याय के हित में किया जाए।

गौरतलब है कि जनगणना जनसंख्या के आकार, वितरण, और संरचना के बारे में जानकारी प्रदान करती है, जो सरकार को उचित योजना बनाने और नीतियां बनाने में मदद करती है। जनगणना के आंकड़ों का उपयोग विभिन्न सरकारी योजनाओं और कार्यक्रमों के लिए वित्तीय आवंटन के लिए किया जाता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि संसाधनों का वितरण न्यायसंगत हो। जनगणना के आंकड़े बुनियादी ढांचे के विकास, जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, और परिवहन, की योजना बनाने के लिए आवश्यक हैं। कुल मिलाकर नई जनगणना जनसांख्यिकीय परिवर्तनों के सामाजिक और राजनीतिक प्रभावों को तेज करेगी।

# पर्यावरण पर मरुस्थलीकरण और सूखे का गंभीर असर



योगेश कुमार गोयल
वरिष्ठ पत्रकार

देश का लगभग 70 प्रतिशत भूभाग (करीब 22.83 करोड़ हेक्टेयर) शुष्क माना गया है और इस शुष्क भूभाग की उत्पादकता काफी कम है। देश का करीब 7.36 करोड़ हेक्टेयर क्षेत्रफल मरुस्थलीकरण से प्रभावित है और भारत के कई इलाके तो प्राय: सूखे की चपेट में रहते हैं।

मरूस्थलीकरण और सूखे की बढ़ती चुनौतियों के मद्देनजर इससे मुकाबला करने हेतु लोगों को जागरूक करने के लिए संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 1994 में मरूस्थलीकरण रोकथाम का प्रस्ताव रखा था। अंतर्राष्ट्रीय सहयोग से वैश्विक स्तर पर मरूस्थलीकरण का मुकाबला करने के लिए जन-जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 1995 से प्रतिवर्ष 17 जून को 'विश्व मरूस्थलीकरण रोकथाम और सूखा दिवस' मनाया जा रहा है।

इस दिवस के जरिये लोगों को जल तथा खाद्यान्न सुरक्षा के साथ पारिस्थितिकी तंत्र के प्रति जागरूक करने, सूखे के प्रभाव को प्रत्येक स्तर पर कम करने के लिए कार्य करने और नीति निर्धारकों पर मरूस्थलीकरण संबंधी नीतियों के निर्माण के साथ उससे निपटने के लिए कार्ययोजना बनाने का दबाव बनाने का प्रयास किया जाता है।

इस वर्ष यह दिवस 'भूमि को पुनःस्थापित करें: अवसरों को खोलें' विषय के साथ मनाया जा रहा है, जो भावी पीढ़ियों के लिए हमारे ग्रह के महत्वपूर्ण भूमि संसाधनों को संरक्षित करने के लिए सामूहिक कार्रवाई के महत्व को रेखांकित करता है। विश्व का 95 प्रतिशत भोजन कृषि भूमि पर उत्पादित होता है, यही भूमि हमारी खाद्य प्रणालियों का आधार है लेकिन चिंता का विषय है कि इसमें से एक तिहाई भूमि वर्तमान में क्षरित हो चुकी है, जो दुनियाभर में 3.2 बिलियन लोगों को प्रभावित करती है, विशेष रूप से ग्रामीण समुदायों और छोटे किसानों को, जो अपनी आजीविका के लिए भूमि पर निर्भर हैं, जिससे भूख, गरीबी, बेरोजगारी और जबरन पलायन में वृद्धि होती है। जलवायु परिवर्तन इन मुद्दों को और गंभीर बना देता है, जिससे टिकाऊ भूमि प्रबंधन और कृषि के लिए गंभीर चुनौतियां उत्पन्न होती हैं तथा पारिस्थितिकी तंत्र का लचीलापन कमजोर हो जाता है।

जलवायु संकट सूखा, बाढ़, जंगलों में आग लगने की घटनाओं के जरिये मरुस्थलीकरण को बढ़ा रहा है। एक ओर जहां जलवायु का गहराता संकट मरुस्थलीकरण की समस्या को बढ़ा रहा है, वहीं दूसरी ओर मरुस्थलीकरण जलवायु संकट को और गंभीर बना रहा है अर्थात मरुस्थलीकरण और जलवायु संकट एक-दूसरे से परस्पर जुड़े हुए हैं। जलवायु संकट में भू-क्षरण का भी बहुत बड़ा योगदान है। पर्यावरणविदों के मुताबिक मिट्टी में वातावरण में मौजूद कार्बन से तीन गुना ज्यादा कार्बन है और पृथ्वी पर मौजूद कार्बन का सबसे बड़ा भंडार मिट्टी में ही है। कार्बन का उत्सर्जन मिट्टी से निकलकर वातावरण में पहुंचकर वैश्विक तापमान में बढ़ोतरी कर रहा है और मरुस्थलीकरण के कारण यह समस्या और ज्यादा बढ़ रही है। पृथ्वी का निरन्तर बढ़ता तापमान, सौर ऊर्जा और हवा की प्रकृति में भी बदलाव ला रहा है। सूखा मरुस्थलीकरण की प्रक्रिया को तेज कर देता है और भारत की आबादी का एक बहुत बड़ा भाग तो शुष्क इलाकों में ही रहता है।

> रेगिस्तानी इलाकों में चूंकि बारिश बहुत ही अनियमित ढ़ंग से होती है, ऐसे में ऐसे इलाकों में उपलब्ध पानी की बेहद सीमित मात्रा से कृषि उत्पादकता पर काफी असर पड़ता है। वैसे तो शुष्क इलाकों में वर्षा कम होती है लेकिन जो वर्षा होती है, वह काफी तेज और तूफानी किस्म की होती है, जिससे प्राय: ऐसे इलाकों में बारिश बाढ़ का रूप लेकर उपजाऊ मिट्टी को ही बहा ले जाती है और वहां बड़े-बड़े गड्ढ़े तथा नाले बन जाते हैं, जो प्राय: खेती के लिए बेकार हो जाते हैं। कई क्षेत्रों में इसी के चलते रेत के बड़े-बड़े टीले बन जाते हैं। एक अनुमान के अनुसार प्रतिवर्ष बंजर इलाकों में प्रति हेक्टेयर क्षेत्र से पानी के कटाव के कारण 16.35 टन मिट्टी बह जाती है।

देश का लगभग 70 प्रतिशत भूभाग (करीब 22.83 करोड़ हेक्टेयर) शुष्क माना गया है और इस शुष्क भूभाग की उत्पादकता काफी कम है। देश का करीब 7.36 करोड़ हेक्टेयर क्षेत्रफल मरुस्थलीकरण से प्रभावित है और भारत के कई इलाके तो प्रायः सूखे की चपेट में रहते हैं। शुष्क इलाकों का प्राकृतिक तंत्र मनुष्यों द्वारा डाले जाने वाले अनावश्यक दबाव के कारण चरमराने लगता है और इस विघटनकारी प्रक्रिया को नहीं रोके जाने की स्थिति में समूचा तंत्र रेगिस्तान की भेंट चढ़ जाता है। लकड़ी के लिए पेड़ों की अंधाधुंध छंटाई अथवा अत्यधिक चराई के कारण उस तंत्र में प्राकृतिक उपयोगी पौधों की संख्या काफी घट जाती है, जिनका स्थान अनुपयोगी और अखाद्य पेड़-पौधे ले लेते हैं, जिसका दुष्परिणाम यही होता है कि वह प्राकृतिक तंत्र पहले से भी बहुत कम संख्या में मनुष्यों और मवेशियों को पोषित कर पाता है और यही दुष्चक्र मरुस्थलीकरण को गति प्रदान करता है।

रेगिस्तानी इलाकों में चूंकि बारिश बहुत ही अनियमित ढ़ंग से होती है, ऐसे में ऐसे इलाकों में उपलब्ध पानी की बेहद सीमित मात्रा से कृषि उत्पादकता पर काफी असर पड़ता है। वैसे तो शुष्क इलाकों में वर्षा कम होती है लेकिन जो वर्षा होती है, वह काफी तेज और तूफानी किस्म की होती है, जिससे प्रायः ऐसे इलाकों में बारिश बाढ़ का रूप लेकर उपजाऊ मिट्टी को ही बहा ले जाती है और वहां बड़े-बड़े गड्ढ़े तथा नाले बन जाते हैं, जो प्रायः खेती के लिए बेकार हो जाते हैं। कई क्षेत्रों में इसी के चलते रेत के बड़े-बड़े टीले बन जाते हैं। एक अनुमान के अनुसार प्रतिवर्ष बंजर इलाकों में प्रति हेक्टेयर क्षेत्र से पानी के कटाव के कारण 16.35 टन मिट्टी बह जाती है। बार-बार आने वाला सूखा मरुस्थलीकरण की प्रक्रिया को तेज कर देता है। मिट्टी का कटाव होने का एक दुष्परिणाम यह भी है कि पानी के साथ बहकर आने वाली मिट्टी जलाशयों में भर जाती है, जिससे उनकी जलधारण क्षमता घट रही है और इस कारण बाढ़ की स्थिति काफी गंभीर हो जाती है। बीते कुछ वर्षों से देश के कई इलाकों में लाखों लोगों को बारिश के कारण बाढ़ का कहर झेलने को विवश होना पड़ रहा है, उसका सबसे बड़ा कारण यही है। यही नहीं, बड़ी-बड़ी पनबिजली परियोजनाओं के सरोवरों में मिट्टी भर जाने से उनसे निर्मित होने वाली बिजली की मात्रा भी घट जाती है।

जहां तक वातावरण में कार्बन कम करने का सवाल है तो तापमान में डेढ़ डिग्री सेल्सियस कमी के लक्ष्य को हासिल करने के लिए वातावरण से कार्बन को तेजी से सोखने की जरूरत है और पर्यावरणविदों के मुताबिक यह प्राकृतिक कार्बन सिंक की क्षमता में वृद्धि करके ही हो सकता है और जंगलों तथा कृषि की समस्या को कम करने वाले सिंक मैकेनिज्म से एक तिहाई से भी ज्यादा जलवायु आपदा कम की जा सकती है। इसका सबसे बेहतर तरीका यही माना जा रहा है कि कार्बन को वनों, चारागाह और मिट्टी में समेट दिया जाए, जो मरुस्थलीकरण से निपटने के लिए भी बेहद जरूरी है। वनीकरण, वनस्पति कवर में सुधार, जल का दक्षतापूर्ण उपयोग, मिट्टी के कटाव को बेहतर कृषि पद्धति के जरिये कम करना इत्यादि उपायों के जरिये मिट्टी में बायोमास उत्पादन और जैविक कार्बन कंटेंट में सुधार संभव है। पर्यावरणविदों का मानना है कि जंगलों का नुकसान रोककर और दोबारा लगाकर 2050 तक 150 बिलियन टन से भी ज्यादा कार्बन कम किया जा सकता है और इस अवधि में शुष्क क्षेत्रों में कृषि भूमि के अलावा 30-60 बिलियन टन कार्बन का संचय किया जा सकता है। बहरहाल, मरुस्थलीकरण की समस्या बढ़ते जाने से कृषि की उत्पादनशीलता में जो कमी आ रही है, उससे होने वाले नुकसान को करीब 25 हजार करोड़ रुपये आंका गया है। चिंताजनक स्थिति यह है कि भारत जैसे विकासशील देश में निरन्तर बढ़ती आबादी की मूलभूत जरूरतों की पूर्ति के लिए कृषि की उत्पादकता को बढ़ाने की जरूरत महसूस की जाती रही है लेकिन मरुस्थलीकरण के चलते इसमें आती कमी नीतियों में बड़े बदलावों की जरूरत पर जोर देती है।

## प्रसंगवश

# समाज और रिश्तों की अमानवीयता का कड़वा सच

हाल ही में सोनम रघुवंशी द्वारा हनीमून पर अपने पति राजा रघुवंशी की अपने प्रेमी और किराए के हत्यारों के साथ मिलकर की गई हत्या ने एक बार फिर रिश्तों और समाज पर सवाल खड़े कर दिए हैं। यह समाज और रिश्तों की अमानवीयता का ऐसा कड़वा सच है, जिसमें पुरुष और महिला अपराधी की सीमाएं टूट जाती हैं। बड़ा सवाल यह है कि क्या अमानवीयता की परिभाषा क्या केवल पुरुषों तक सीमित है? अमानवीयता का अर्थ होता है कि ऐसा व्यवहार, जो क्रूर, संवेदनहीन और अन्यायी हो। जब पुरुष स्त्री को मारता है, समाज उसे दरिंदा कहता है, लेकिन जब स्त्री पुरुष को प्रताड़ित करती है, तो उसे भावनात्मक कारण, मानसिक दबाव या आत्मरक्षा का नाम दे दिया जाता है। असल में तो वास्तविक नारीवाद का उद्देश्य स्त्री-पुरुष दोनों को समान अधिकार देना है। कुछ मामलों में तथाकथित फेमिनिज्म अब पुरुष विरोधी एजेंडा का रूप ले रहा है। अधिकार के नाम पर प्रतिशोध और लाभ की भावना ने कई रिश्तों को जहरीला बना दिया है। कुछ महिलाएं मैं औरत हूं, मुझे कुछ भी कहने का हक है जैसी मानसिकता से पुरुषों का दमन कर रही हैं।



डॉ. नीलू तिवारी
लेखिका

भारतीय समाज में विवाह को जीवन का पवित्रतम बंधन माना गया है। पति-पत्नी का रिश्ता विश्वास, प्रेम और सम्मान का आधार होता है। पति-पत्नी को अर्धांगिनी और जीवन साथी की संज्ञा दी जाती है। पुरुष, जो इस रिश्ते में प्रेम, समर्पण और जिम्मेदारी के साथ बंधता है, आज वह झूठे आरोपों, मानसिक प्रताड़ना और सामाजिक तिरस्कार का शिकार हो रहा है। विवाह की आड़ में कई बार महिलाओं द्वारा पुरुषों पर जो अमानवीय व्यवहार किया जा रहा है, वह एक गहरी चिंता का विषय बन गया है। हाल ही में सामने आ रही घटनाएं इस विश्वास को झकझोर रही हैं। अब विवाह केवल प्रेम का प्रतीक नहीं रहा। कुछ मामलों में वह पुरुषों के लिए मौत का दरवाजा बनता जा रहा है। पत्नियों द्वारा पतियों की हत्या के कुछ चिंताजनक और ताजा मामले बताते हैं विवाह संबंध में पुरुषों की जान तक जा रही है। एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार, साल 2022 में देश में कुल 28,522 हत्याओं की प्राथमिकी दर्ज की गई। प्रतिदिन लगभग 78 और प्रति घंटे तीन से अधिक हत्या हुई। इसमें से लगभग 70 प्रतिशत यानी करीब 19,966 लोग पुरुष थे। एनसीआरबी पत्नी द्वारा पतियों की हत्या को विशिष्ट रूप से रिकॉर्ड नहीं करता, लेकिन शोध बताते हैं कि 2022 में लगभग 275 पति हर वर्ष हत्या का शिकार हुए। ताजा मामले प्रदर्शित करते हैं कि पत्नियां भी योजना बनाकर हत्या करती हैं, जो एनसीआरबी के डाटा में शामिल नहीं होते। पुलिस और जांच एजेंसियां कई बार महिला के बयान को अंतिम सत्य मानकर पुरुष को दोषी ठहराती हैं। यदि पति मारा गया है और पत्नी का संदेह है, तो भी संदेह का लाभ अक्सर महिला को मिल जाता है। महिलाओं के लिए राष्ट्रीय महिला आयोग जैसी संस्थाएं हैं, जो कानूनी और सामाजिक सहायता देती हैं, लेकिन पुरुषों के लिए कोई भी केंद्रीय आयोग या समर्पित निकाय नहीं है। देश के अधिकांश घरेलू हिंसा संबंधी कानून जैसे भारतीय दंड संहिता की धारा 498-ए घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम (2005) पूरी तरह से महिलाओं के हित में बनाए गए हैं। परंतु यदि कोई पुरुष घरेलू हिंसा या मानसिक उत्पीड़न का शिकार होता है, तो उसके लिए कोई विशिष्ट कानून नहीं हैं। यदि कोई पुरुष शोषण, मानसिक प्रताड़ना या यहां तक कि जान से मारने की धमकी का सामना करता है, तो समाज अक्सर उसे हंसी का पात्र बना देता है। तू मर्द होकर रोता है? जरूर तूने ही कुछ किया होगा। एक औरत तुझे मार कैसे सकती है? ये संवाद समाज की पितृसत्तात्मक सोच का उलटा पक्ष हैं, जो पुरुषों को भी अमानवीयता के जाल में फंसाते हैं। जेंडर न्यूट्रल कानूनों की मांग में घरेलू हिंसा, उत्पीड़न, मानसिक प्रताड़ना को लैंगिक रूप से निरपेक्ष बनाना जरूरी है। एक स्वतंत्र पुरुष आयोग बने, जो पीड़ित पुरुषों की शिकायतों की सुनवाई कर सके और उन्हें उचित परामर्श व सहायता प्रदान कर सके। एनसीआरबी डाटा में श्रेणी सुधार होना चाहिए। पति की हत्या पत्नी द्वारा, पुरुष पीड़ित जैसी श्रेणियों को शामिल किया जाना चाहिए, ताकि नीति निर्माण में सहायता हो। पुरुषों के लिए विशेष परामर्श केंद्र, हेल्पलाइन और काउंसलिंग सुविधाओं का निर्माण होना चाहिए।

# असुरक्षित होती धार्मिक यात्राएं



प्रभुनाथ शुक्ल
वरिष्ठ पत्रकार

> उत्तराखंड पहाड़ी राज्य है यहां हम जितनी ऊंचाई पर जाते हैं ऑक्सीजन लेवल कम होता जाता है। कई लोगों की यात्रा के दौरान मौत भी हो जाती है।

भारत धर्म और आस्था का देश है, लेकिन यहां धार्मिक यात्राएं सुरक्षित नहीं हैं। जब चारधाम जैसी यात्रा भी सुरक्षित नहीं है तो दूसरे की बात छोड़िए। उत्तराखंड में आए दिन हेलीकॉप्टर दुर्घटनाएं सुर्खियों में हैं। मई और जून में अब तक पांच दुर्घटनाएं सिस्टम को हिलाकर रख दिया है। हादसों में चालक दल के साथ 14 लोग मारे जा चुके हैं। पवित्र चारधाम यात्रा के दौरान यह आम बात हो गई है। जून 2009 से जून 2025 तक 15 हेलीकॉप्टर क्रैश की घटनाएं हो चुकी हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबित 16 साल में इस तरह की दुर्घटनाओं में 45 लोगों की मौत हुईं है। रविवार 15 जून को गौरीकुंड के पास एक हेलीकॉप्टर की दुर्घटना में पायलट सहित 7 लोग मारे गए। चार धामयात्रा प्रबंधन ने इसके पूर्व हुईं दुर्घटनाओं से सबक नहीं लिया। 17 मई को केदारनाथ में एम्स ऋषिकेश की एक हेली एम्बुलेंस की इमरजेंसी लैंडिंग हुई जिसमें हेलीकॉप्टर का पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। एक अन्य रिपोर्ट के मुताबित 12 वर्षों में केदारनाथ में कुल 14 हेलीकॉप्टर दुर्घटनाएं हुई हैं, जिनमें 33 लोगों की मौत हुई। धार्मिक यात्रा के दौरान बढ़ता जोखिम हमारी व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर रहा है। नागरिक और उड्डयन मंत्रालय को इस तरह के हादसों पर गंभीर कदम उठाने की आवश्यकता है। निजी एविएशन कंपनियों पर नकेल कसने की जरूरत है। धार्मिक स्थलों पर बढ़ते हादसे हमारे विश्वास और आस्था पर चोट पहुंचाते हैं।

हम आस्था को लेकर अधिक भीरू हैं। जिसका खामियाजा हमें भुगतना पड़ता है। धार्मिक स्थलों पर भीड़ तो जरूर से ज्यादा जुटा ली जाती है, लेकिन उसके प्रबंधन के लिए कोई ठोस व्यवस्था नहीं की जाती है। आए दिन धार्मिक स्थलों पर मौत की खबरें सुर्खियां बनती हैं। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ में सबसे बेहतरीन व्यवस्था का दावा किया गया था, लेकिन भीड़ प्रबंधन में लापरवाही की वजह से बड़ा हादसा हो गया।

मंदिरों और सत्संग जैसे स्थलों पर आवश्यकता से अधिक भीड़ जुटा ली जाती है, लेकिन उसके नियंत्रण के लिए कोई व्यवस्था नहीं की जाती है। थके-हारे लोग किसी चमत्कार में पड़कर भगदड़ के शिकार हो जाते हैं। लेकिन हम घटनाओं के बाद सबक लेना नहीं चाहते। अपना प्रभुत्व दिखाने के लिए हम भीड़ अधिक से अधिक जमा कर लेते हैं, लेकिन उसके नियंत्रण के लिए हमारे पास कोई संसाधन उपलब्ध नहीं होते हैं। इसका नतीजा होता है कि भगदड़ या दूसरी स्थिति में काफी संख्या में लोग मारे जाते हैं।

उत्तराखंड में चल रही चारधाम यात्रा में देश भर से लाखों लोग पहुंचते हैं। उत्तराखंड को देवभूमि कहा जाता है। यहां की प्राकृतिक सुंदरता अतुलनीय है। दुर्गम पहाड़ियों की चढ़ाई से होते हुए लोग बद्रीनाथ केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री पहुंचते हैं। वहां की प्राकृतिक स्थिति बेहद जटिल है। तीर्थयात्रा के दौरान बुजुर्ग और बच्चों के साथ अस्वस्थ श्रद्धालुओं को चढ़ाई पर कठिन चुनौतियों से गुजरना पड़ता है। क्योंकि, पहाड़ों की कठिन चढ़ाई चढ़ने के बाद ही पवित्र मंदिरों तक पहुंचा सकता है। चढ़ाई दुर्गगम और कठिन होने से घोड़े, खच्चर या हेलीकॉप्टर की सुविधा लेनी पड़ती है।

उत्तराखंड पहाड़ी राज्य है यहां हम जितनी ऊंचाई पर जाते हैं ऑक्सीजन लेवल कम होता जाता है। कई लोगों की यात्रा के दौरान मौत भी हो जाती है। ऑक्सीजन की कमी से भी जूझना पड़ता है। जरूरत पड़ने पर ऑक्सीजन की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। लेकिन चारधाम की पूरी यात्रा जोखिम भरी होती है। जो लोग पैदल यात्रा पूरी नहीं कर सकते वे घोड़े, खच्चर या हेलीकॉप्टर की सुविधा लेते हैं। हेलीकॉप्टर जैसे महंगी सुविधा सभी यात्रियों के लिए उपलब्ध नहीं है। क्योंकि आम श्रद्धालुओं के लिए यह सस्ती और सुलभ नहीं है।

उत्तराखंड में चारधाम यात्रा के दौरान दुर्गम पहाड़ी इलाकों और मौसम की खराबी सबसे बड़ी समस्या बनती है। जिसकी वजह से आए दिन हेलीकॉप्टर क्रैश की दुर्घटनाएं होती रहती है। उड़ान को निर्देशित करने के लिए कोई एयर ट्रैफिक कण्ट्रोल की सुविधा उपलब्ध नहीं है। उड़ान के दौरान कोई रडार सिस्टम नहीं होता है। कभी उड़ान भरने के बाद अचानक मौसम बिगड़ जाता है जिसकी वजह से उड़ान में दिक्क़त हो जाती है। दुर्गम और सकरी घाटियों के साथ ऊंचे-ऊंचे वृक्ष।

मौसम खराब होने की स्थिति में लैंडिंग की कोई जगह नहीं होती है, जहां विषम स्थिति में हेलीकॉप्टर को उतार दिया जाय। इसके अलावा हर उड़ान के समय तकनीकी जांच होनी चाहिए, पता नहीं ऐसा होता भी रहा या नहीं। हेलीकॉप्टर हादसों के लिए जिम्मेदार लोगों की जबाबदेही तय होनी चाहिए। धार्मिक यात्रा को सुरक्षित बनाने के लिए हर संभव कदम उठाए जाने चाहिएं।

## सोशल फोरम

# देशभक्ति और विचारधारा

समतावादी विचारधारा अच्छी चीज है। देशभक्ति में भी क्या बुराई है? आखिर देश एक अपरिहार्य और ठोस आर्थिक इकाई भी तो है। इस इकाई के विभिन्न उत्पादन स्रोतों से प्राप्त कर की पूलिंग से (देश की सुरक्षा सहित) बड़ी लागत वाले आधारभूत ढांचे का निर्माण होता है जो किसी भी उद्योग की स्थापना के लिए अनिवार्य है। इस दृष्टि से यह आर्थिक इकाई हम सब के लिए परस्पर सहयोग और परस्पर निर्भरता से आर्थिक विकास में आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करती है। दुनिया की समस्याओं के समाधान का प्रयास किसी इकाई से ही शुरू हो सकता है। विचारधारा पूरे विश्व में एक झटके से तो लागू हो नहीं सकती। शुरुआत तो किसी देश से ही करनी पड़ेगी, जैसा कि अतीत में हुआ है। और देश मज़बूत नहीं होगा तो अन्य देश उसे विचारधारा के पथ पर चलने देंगे ?



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

तो राष्ट्र या देश महज़ भावात्मक और सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक नहीं है। इतिहास में लगातार कटती-पिटती राष्ट्रीय राज्यों की जो सीमाएं द्वितीय विश्व युद्ध और उपनिवेशवाद के अंत पर निर्धारित हुईं, वे तत्काल ठोस आर्थिक इकाइयों में तब्दील हो गईं। लेकिन विचारधारा और देशभक्ति (या राष्ट्रवाद) में पाखंडियों, नक़ली प्रगतिशीलों और नक़ली देशभक्तों को दाख़िल होने से रोकने के लिए ताला लगाने की कोई जुगत है? क्या है कि आदमी-आदमी की फ़ितरत, उसके स्वभाव व चरित्र की यह समस्या अनादि है। आप देशभक्ति के जेन्युइन जज़्बे से भरे हुए हैं तो इस मुगालते में मत रहें कि "देशभक्तों" के संगठन में आपको हाथोहाथ लिया जाएगा। या, आप पूंजीवाद के शोषण के ख़िलाफ़ दुनिया के मेहनतकश लोगों के संघर्ष और उनकी मुक्ति के लिए प्रतिबद्ध हैं तो किसी वैचारिक संगठन में पलक पांवड़े बिछाकर आपका इंतज़ार हो रहा है।

आप मानेंगे कि कौन, कहां, किस नीयत से घुसा और किस नीयत से जमा हुआ है, इसका सुराग़ लगाने की कोई तकनीक अभी तक तो ईजाद हुई नहीं। और आपको घूम फिर कर सारी समस्याओं का उत्स यहीं नज़र आएगा।

**-फेसबुक वॉल से**

# मगर चेत कौन रहा है

होमो सैपियेंस यानि हमारी प्रजाति धरती की किसी भी प्रजाति की तुलना में सबसे अधिक उग्र और लड़ाकू है। इतनी आक्रामक प्रजाति का हजारों वर्षों से अस्तित्व में बने रहना सचमुच आश्चर्यजनक है। तमाम दूसरी प्रजातियों को तो इसने विलुप्ति के कगार पर पहुंचा ही दिया है, पर्यावरण को तहस नहस कर डाला है और अब खुद अपनी ही प्रजाति के विरुद्ध आपस में लड़ रही है।



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

इतिहास के युद्धों और नरसंहार को छोड़ भी दीजिए तो अब ही कहां यह प्रजाति सकून और शांति से बैठी है। धरती पर अनेक सभ्यताएं युद्धनत हैं। यूक्रेन रुस भिड़े हुए हैं। पाकिस्तान-भारत के दो दो हांथ हो चुके हैं। और इजराइल को जैसे हमास को नेस्तनाबूद करने से पूरी शांति न मिली हो वह अब ईरान पर हमलावर है। ईरान और इजराइल ठीक इसी क्षण अब तक के सबसे भीषण यलगार में जुट गए हैं। आखिर क्या यह प्रजाति ऐसे ही आपस में लड़ते झगड़ते मर मिटेगी? फिर वह धरती पर शाश्वत काल तक एकक्षत्र राज्य कैसे करेगी? क्या इस असीम ब्रह्मांड में कोई सभ्यता/यें ऐसी भी है या हैं जो मनुष्य की इन अविवेकभरी कारगुजारियों को देख रही है और ऊब कर फैसला ले बैठे कि है मूर्खों चलो बहुत हो गया तुम लोग धरती पर राज करने के काबिल नहीं हो, सिंहासन छोड़ो अब हम आते हैं। और फिर शेष जीवन क्या हमें उनकी चाकरी में ही बिताना पड़ेगा। दरअसल जैवीय विकास में अनेक व्यवहार प्रतिरुपों-भावनाओं, भाववृत्तियो का भी क्रमिक विकास होता गया। तमाम भावनात्मक व्यवहारों-क्षेत्र रक्षण, वात्सल्य, मातृत्व, घृणा-स्नेह-प्रेम-लगाव-घनिष्ठता, स्वजाति रक्षण (ऐल्ट्रूईज्म) के साथ आक्रामकता भी पराकाष्ठा प्राप्त कर गई है। तमाम पशु पक्षी तो इन जैवीय वृत्तियों का शमन बस अपनी बोली भाषा में डांट डपट कर या अपने अंग प्रत्यंग के जरिये लड़ भिड़ कर कर लेते हैं। मगर मनुष्य तो इनके बहुत आगे बढ़ चुका है। खुद के अंग प्रत्यंग तक ही नहीं वह तो दूर सूदूर तक की लड़ाई अपने मिसाईलों, ड्रोन और न्यूक्लियर हथियारों से निपटा रहा है। वह धरती का सबसे खतरनाक प्राणी बन चुका है। उसने इतने उन्नत अस्त्र और शस्त्र बना लिए हैं कि अब उसके स्वअस्तित्व पर भी बन आई हैं। विनाश की टिक टिक सूई अब आखिरी पड़ाव पर पहुंचने ही वाली है। मगर कौन चेत रहा है। सबसे दुर्बुद्धिवाले ये राजनेता हैं जिन्हें न तो विचारकों और वैज्ञानिकों की परवाह है और न इस धरती की शांति की। वे दिन रात प्रलय के निकट मानव प्रजाति को अपने कुकृत्यों से पहुंचाते जा रहे हैं। भारत को अतिरिक्त सावधान रहना है। चीन चुप है। मोदी मौन हैं। शायद इन्हीं से वैश्विक शांति बहाली की कुछ उम्मीद शायद बची है।

# चर्चा में फ्लैप्स

अहमदाबाद दुर्घटना के संभावित कारणों में 'फ्लैप' की भूमिका चर्चा में रही है। इसीलिए जानते हैं कुछ विस्तार मेंहवाई जहाज क्षैतिज (हॉरिजॉन्टल) दिशा में चलता है किन्तु ऊपर उठ जाता है। इसे समझने के लिए उस पर काम करते तीन बलों को पहले देखना होगा। पहला है थ्रस्ट-क्षैतिज दिशा में लगता बल, जो यान को आगे की और धकेलता है। दूसरा है ड्रैग -क्षैतिज दिशा में लगता बल जो हवा के अवरोध से पैदा होता है और यान के आगे बढ़ने की गति को कम करता है। तीसरा है लिफ़्ट-नाम से स्पष्ट है यह थ्रस्ट या ड्रैग के परपेंडिकुलर दिशा में काम करता है और यान को ऊपर उठाता है।



सचिदानंद सिंह
मुंबई

थ्रस्ट का स्रोत इंजन है। ड्रैग और लिफ़्ट यान की आकृति पर निर्भर करते हैं। यान को डिज़ाइन करने वाले उसे ऐसा शेप देते हैं जिससे ड्रैग कम से कम हो और लिफ़्ट अधिक से अधिक मिले। स्कूल की भौतिकी में हमने बरनौली साहब का नाम सुना होगा। फ्लूइड (यानी द्रव या गैस) में चलते किसी पदार्थ के लिए डेनियल बरनौली ने एक सिद्धांत दिया है। फ्लूइड की गति और दबाव में व्युत्क्रमानुपाती संबंध है यानी गति यदि अधिक रहेगी तो दबाव कम रहेगा। यान के डैने ऐसे बनाए जाते हैं कि ऊपर की तरफ उनकी लंबाई अधिक हो और नीचे की तरफ कम। बहती हवा समझिये कि परतों (लेयर्स) में बहती है। इन परतों की प्रवृत्ति एक साथ रहने की होती है। जब यान आगे बढ़ता है तो हवा की एक परत विंग्स के नीचे हो जाती है और एक परत विंग के ऊपर से जाती है। विंग के ऊपर वाली परत को अधिक दूरी तय करनी पड़ती है, नीचे वाली परत की अपेक्षा। चूंकि उनकी प्रवृत्ति एक साथ रहने की है इसलिए ऊपर वाली परत अधिक तेजी से बहती है। बरनौली साहब के सिद्धांत के अनुसार ऊपर हवा का दबाव कम हो जाएगा नीचे की अपेक्षा और दबाव के इस फर्क से यान को लिफ़्ट मिलता है। अब फ्लैप्स। फ्लैप्स डैने के पीछे के एक अंग हैं जो जरूरत पड़ने पर बाहर निकाले जा सकते हैं और जरूरत नहीं रहने पर अंदर किए जा सकते है। फ्लैप्स के बाहर निकालने पर प्रभावी ढंग से डैने अधिक चौड़े हो जाते हैं, हवा की ऊपर वाली परत को अधिक दूरी तय करनी पड़ती है जिससे उसकी गति अधिक तेज होती है जिसके चलते दबाव अधिक कम होता है और यान को अधिक लिफ़्ट मिलता है। उड़ने के फौरन बाद फ्लैप्स बाहर निकाल दिए जाते हैं, यान के ऊपर उठने प्रयास में उनसे मिलता अतिरिक्त लिफ़्ट काम आता है। यान के नीचे जमीन पर उतरते समय भी फ्लैप्स बाहर निकाले जाते हैं जिससे कम रफ़्तार में भी यान को लिफ्ट मिलता रहे अन्यथा यान अधिक रफ़्तार में रनवे को छूएगा।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना*
05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharayodhya@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

## एक नजर

### रामबदन बने रूपईडीहा नगर पंचायत के ईओ

**रूपईडीहा बहराइच।** राम बदन को अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत रुपईडीहा बनाया गया है श्री बदन इससे पहले चित्रकूट धाम क्षेत्र के अधिशाषी अधिकारी थे।नवनियुक्त अधिशाषी अधिकारी ने सभासदों के साथ बैठक कर उन्होंने क्षेत्रीय समस्याएं जानी और जल्द ही समस्याओं पर कार्य करने का आश्वासन दिया । उनकी नियुक्ति पर सभासद नरेंद्र मद्धेशिया, मनोज प्रजापति, ध्रुव राज वर्मा जहीर अहमद आदि ने बैठक कर अधिशासी अधिकारी से एक दूसरे का परिचय प्राप्त किया। बैठक में बाबू गंगा प्रताप सिंह की उपस्थिति रहे।

### किशोरी के अपहरण का आरोपी जेल भेजा गया

**जरवलरोड, बहराइच।** हिंदू नाबालिग लड़की के अपहरण मामले में जरवलरोड पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई से आरोपी युवक को न्यायिक प्रक्रिया के तहत जेल भेज दिया है। सूत्रों के अनुसार, आरोपी युवक द्वारा लड़की का मानसिक रूप से शोषण कर जबरन निकाह कराने की तैयारी की जा रही थी, जिसे पुलिस की सक्रियता ने समय रहते नाकाम कर दिया। लड़की की काउंसलिंग वन स्टॉप सेंटर, बहराइच में महिला कल्याण विभाग की निगरानी में की जा रही है। चिकित्सकीय परीक्षण की रिपोर्ट का भी इंतजार किया जा रहा है, जिसके आधार पर आगे की विधिक कार्यवाही की जाएगी। थाना जरवलरोड पुलिस के द्वारा 24 घंटे तक तकनीकी सर्विलांस और दबिश के माध्यम से आरोपी को ट्रैस कर गिरफ्त में ले लिया।

### रूपईडीहा रोडवेज डिपो में कैंटीन का उद्घाटन

**रूपईडीहा बहराइच।** भारत-नेपाल सीमा पर यात्रियों की सुविधा के लिए रोडवेज डिपो रूपईडीहा में कैंटीन का शुभारंभ किया गया। कैंटीन का उद्घाटन नानपारा विधायक रामनिवास वर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक रामप्रकाश ने बताया कि कैंटीन की स्थापना यात्रियों को स्वच्छ और सस्ती खाद्य सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से की गई है। कैंटीन संचालक दीपक चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि यहां यात्रियों को भोजन, चाय, कॉन्फेक्शनरी, कॉफी आदि की सुविधाएं उचित मूल्य पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। उद्घाटन कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि सौरभ वर्मा, चमन चौरसिया सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### पांच वारंटी गिरफ्तार

**बहराइच अमृत विचार।** जिले के हरदी थाने की पुलिस द्वारा पुरे बस्ती के करैला पुरवा निवासी मुरली, सिपहिया प्यूली निवासी यज्ञ कुमार शुक्ला, बम्भौरी के वैरीशालपुरवा निवासी विजई, रिसिया पुलिस ने गौंदौरा निवासी हरिद्वार, रसूलपुर निवासी निवास कुमार को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। आरोपियों को कोर्ट से जेल भेजा गया है।

### कोर्ट से गैरहाजिर तीन आरोपी गिरफ्तार

**बहराइच अमृत विचार।** हुजूरपुर थाने की पुलिस ने नेवासी गांव निवासी किशोर कुमार, देहात कोतवाली पुलिस ने बैंकुठा के सेहरिया निवासी गौतम, नन्हे उर्फ दिनेश को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों को कोर्ट में पेश किए जाने पर जेल भेज दिया गया है।

### यातायात पुलिस द्वारा एक वाहन किया गया सीज

**बहराइच अमृत विचार।** यातायात निरीक्षक राम प्रकाश यादव के नेतृत्व में वाहन चेकिंग के दौरान एक वाहन को सीज किया गया। जबकि 319 वाहनों के चालकों पर ई-चालान किया गया।

# 42 लाभार्थियों को मिले 1 करोड़ 84 लाख रुपये

## मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत हुआ आयोजन

संवाददाता, पयागपुर बहराइच



तहसील पयागपुर सभागार में लाभार्थी को चेक देते विधायक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पयागपुर में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना अंतर्गत 42 लाभार्थियों को दुर्घटना कल्याण योजना के तहत तहसील पयागपुर सभागार में भाजपा विधायक सुभाष त्रिपाठी ने द्वारा चेक वितरण किया गया।

उक्त अवसर पर एसडीएम राकेश कुमार मौर्य तहसीलदार रवि कांत द्विवेदी और पयागपुर विधानसभा संयोजक निशंक त्रिपाठी,सहित तमाम पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता व लाभार्थी व स्थानीय लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित लाभार्थियों व कृषकों व मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा विधायक श्री सुभाष त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा सरकार सभी वर्गों के कल्याण के लिए कृत संकल्पित है।उन्होंने सरकार द्वारा गरीबों,और असहायों के लिए संचालित योजनाओं जैसे किसान सम्मान निधि, जन धन योजना ,दुर्घटना और चिकित्सा योजना सहायता की जानकारी लाभार्थियों और कृषकों को दी।कार्य क्रम में मृतक कृषकों की आश्रित पिंका देवी रुखसाना रमा जहूरा ,शोभा किशोरी ,संगीता शर्मा संजू देवी, प्रभावती पूजा शर्मा और निर्मला देवी सहित 42 लाभार्थियों को कुल एक करोड़ चौरासी लाख पचास हजार रुपए के चेक प्रदान किए गए। कार्यक्रम में मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा अमबेडकर नगर में आयोजित मुख्य मंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना और विकास कार्यों के शिलान्यास और लोकार्पण कार्यक्रम का सजीव भी उपस्थित लोगों ने देखा। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष, राम गोपाल शुक्ला मंगल प्रसाद शुक्ला और राम राम शुक्ला समाजसेवी कपीश कुमार सिंह,ददाऊ शुक्ला विनोद तिवारी,राम रंग शुक्ल,संजय सिंह,सहित दर्जनों क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

## 34 लाभार्थियों को मिले पांच-पांच लाख के चेक



लाभार्थी को चेक प्रदान करते मुख्य अतिथि गौरव वर्मा व ब्लाक प्रमुख अजीतसिंह ।

कैसरगंज ( बहराइच )। कैसरगंज तहसील सभागार में सोमवार को मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें 34 पात्र लाभार्थियों को पाँच-पाँच लाख रुपये की आर्थिक सहायता के चेक वितरित किए गए ।कार्यक्रम की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी अखिलेश कुमार सिंह ने की। मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा संयोजक गौरव वर्मा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख अजीत प्रताप सिंह उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि गौरव वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री दुर्घटना बीमा योजना प्रदेश सरकार की संवेदनशीलता का प्रतीक है, जो कठिन परिस्थितियों में आमजन को आर्थिक संबल प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने में जुटी है ।ब्लॉक प्रमुख अजीत प्रताप सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि जनकल्याणकारी योजनाएं अब जमीनी स्तर तक पहुँच रही हैं और इसका श्रेय प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भूमिका को जाता है। इस अवसर पर तहसीलदार प्रियंका त्रिपाठी, नायब तहसीलदार सचिन श्रीवास्तव, शिव सहाय सिंह, सुबेद वर्मा, शासकीय अधिवक्ता नीरज श्रीवास्तव, मंडल अध्यक्ष शिवानंद सिंह, कृष्ण पाल सिंह सीपी सहित कई गणमान्य व्यक्ति एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

# अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी का बाराबंकी हुआ तबादला

**संवाददाता, बहराइच,अमृत विचार।** जनपद में चर्चाओं में रहने वाले अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी का तबादला शासन द्वारा बाराबंकी कर दिया गया है। लगातार चर्चा में बने रहने वाले अधिकारी के तबादले के बाद अलग-अलग तरह से चर्चाएं भी हो रही हैं। जनपद के अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रहे संजय मिश्रा का तबादला शासन की ओर से पड़ोसी जनपद बाराबंकी कर दिया गया है।

पिछले करीब दो माह से उनके द्वारा मदरसों पर की जा रही कार्यवाही व निरीक्षण से चर्चा में बने रहे। निरीक्षण के दौरान अगर बात की जाए तो उनके द्वारा मदरसा में पढ़ने वाले छात्रों से सवाल पूछे जाने पर सही जवाब ना दे

**▸▸ जिले में कई अवैध मदरसों पर बड़ी कार्रवाई से रहे चर्चित**

पाने पर व जनपद में चल रहे अवैध मदरसों को सीज की कार्यवाही से भी लोग उनसे नाराज थे। उनके द्वारा अब तक करीब 10 से अधिक मदरसों को सीज किया जा चुका था और जो मदरसे बगैर दस्तावेज और सरकारी भूमि पर चल रहे थे उनके रजिस्ट्रेशन को भी रद्द कर दिया था। लगातार चर्चा में बने रहने वाले अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी का शासन द्वारा अचानक तबादला होने से कुछ लोगों में खुशी तो कुछ लोगों में गम भी है। शासन की ओर जारी आदेश के बाद नेपाल बॉर्डर पर बने मदरसों की जांच में बिजली चोरी भी पकड़ी थी। जिसको लेकर भी चर्चा में रहे थे।

# जर्जर अंडरपास दुर्घटनाओं को दे रहा दावत

संवाददाता, बाबागंज ( बहराइच )

**अमृत विचार ।** सीमावर्ती विकास खण्ड नवाबगंज क्षेत्र अंतर्गत ग्रामपंचायत सोरहिया के निकटवर्ती गांव गंगापुर में बना रेलवे अंडरपास पूर्ण जर्जर हो गई है। रेलवे अंडरपास के कई स्थानों से बरसात के पानी का रिसाव कर रहा है। जिसकी वजह से आएदिन अण्डरपास में भारी मात्रा में पानी व आस -पास के गड्ढे के संग्रहित हो जाता है। जो बड़ी दुर्घटना को दावत देने लगता है।

ग्रामीण वीरेंद्र यादव , रमेश , धनीराम , सोनू , राजू , राकेश आदि ने बताया कि जैतापुर के मजरा गंगापुर में बना यह अण्डरपास जब से निर्मित किया गया ।तब से अबतक यह विकट समस्या बनी हुई है। चूंकि यह अण्डरपास मानक विहीन बनाया



कुछ इस तरह बदहाल है अंडरपास

ही गया था। अंडरपास की सभी गिट्टी उखड़ चुके है। यह बड़े बड़े गड्ढो में तब्दील हो गया है। जिससे बाहरी जल रिसाव भी हो रहा है। लेकिन मरम्मत इसका अभी तक नही हुआ। जबकि इसे बने लगभग तीन वर्षों से अधिक हो रहे है। लेकिन अबतक न कोई जाँच अधिकारी आया न ही इसकी मरम्मत हुई। ज्ञात हो कि यह मार्ग गांव का मुख्य मार्ग है। तथा यह रामपुर ,गुरचाही, गनेशपुर, गोपालपुर सहित कई गांव को जोड़ता हुआ मुख्य मार्ग है। बरसात में जब इस अण्डरपास में भारी जल भराव हो जाता है तो जहाँ स्कूली बच्चो को विद्यालय जाने के लिए मशक्कत करना पड़ता है। वही दूसरी ओर गांव की इमरजेंसी सेवाएं भी पूर्ण रूप से बाधित हो जाती है। जिससे ग्रामीणों को जहाँ एक तरफ आवागमन ढप हो जाता है। वही दूसरी ओर कृषि व दैनिक जीवन भी प्रभावित हो जाती है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि इस संबंध में कई बार रेलवे विभाग के अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से समस्या के समाधान के लिए निवेदन किया लेकिन अभी तक किसी के कानों में जू तक रेंगता नही दिखा। जिससे समस्या ज्यो का त्यों बनी हुई है।

## सार-संक्षेप

### नर्सिंग होम में छात्र-छात्राओं ने किया योगाभ्यास



कॉलेज कैंपस में योगासन करतीं छात्राएं । अमृत विचार

**भगवानपुर, बहराइच।** डॉ . सर्वेश कुमार शुक्ला ग्रुप आफ इंस्टीट्यूटशंस सबलापुर में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें नर्सिंग प्राचार्य,शिक्षक समेत छात्र-छात्राओं ने योगाभ्यास किया। डा . प्रियंका शर्मा ने ताड़ासन, वज्रासन, त्रिकोणासन, भुजंगासन एवं शवासन समेत विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया और उनसे होने वाले लाभ भी बताएं ।नर्सिंग प्राचार्य हरीश नागर ने कहा कि आगामी 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। इसको लेकर 15 जून से योग सप्ताह मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं बल्कि स्वस्थ जीवन शैली का आधार है नियमित योग करने से शरीर स्वस्थ व मानसिक शांति भी मिलती है। इस मौके पर शिक्षक आलोक शुक्ला, फूलचंद्र डावरिया समेत अन्य मौजूद रहें।

### अन्तर्राष्ट्रीय व्यापारिक केंद्र का सांसद ने किया निरीक्षण



अंतर्राष्ट्रीय व्यापारिक केंद्र का निरीक्षण करते सांसद। अमृत विचार

**बहराइच अमृत विचार।** बहराइच लोकसभा क्षेत्र के भारत-नेपाल सीमावर्ती रूपईडीहा स्थित अन्तर्राष्ट्रीय व्यापारिक केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने लोगों के साथ क्षेत्र के विकास तथा व्यापार को बढ़ावा देने को लेकर भी चर्चा की । नेपाल सीमा से लगा भारत के रूपईडीहा में एक महत्वपूर्ण व्यापारिक केंद्र है। यहाँ भारत और नेपाल के बीच आवागमन व व्यापार के लिए एक प्रमुख मार्ग भी है । इस केन्द्र के माध्यम से लगभग 8,500 करोड़ रुपये का व्यापार प्रति वर्ष होता है। इस क्षेत्र भारत-नेपाल की सीमा खुली है ।जिससे दोनों देशों के बीच व्यापार और आवागमन में आसानी होती है ।रूपईडीहा का यह केन्द्र ही भारत और नेपाल के बीच वस्तुओं और सेवाओं के आदान-प्रदान का महत्वपूर्ण केंद्र है। नेपालगंज गंज रोड से होकर बडी संख्या में पर्यटकों का भी आवागमन होता है । यहाँ बहुउद्देशीय मैत्री हब और एकीकृत चेक पोस्ट जैसी योजनाएं चल रही हैं, जिससे व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा मिलता है ।इस दौरान उनके साथ जिला उपाध्यक्ष रणविजय सिंह,नगर पंचायत रूपईडीहा के अध्यक्ष उमाशंकर वैश्य, मानवेंद्र सिंह, कल्याण सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### देव स्थान पर अवैध अतिक्रमण का आरोप

**खैरीघाट ( बहराइच ) ।** जिले के खैरीघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत मटेरा कला ग्राम पंचायत के सरलीबाग में स्थित देवस्थान पर अवैध अतिक्रमण का मामला सामने आया है। अतिक्रमण के विरोध में ट्रैक्टर ट्राली से सैकड़ों ग्रामीण थाने पहुंचे। गांव निवासी लल्लन, देवतादीन, दयाराम, गरीबे, राजेंद्र, परवारी लाल, बुधई, मुंशी, केशव राम, रीना देवी, फुल कुमारी, बऊर, रेनू, कुंवारा, ननकुन्ना, दयाराम आदि सैकड़ों लोगों ने सामूहिक हस्ताक्षरित शिकायत पत्र थाने में देकर जांच एवं कार्यवाही की मांग की। इन सब का आरोप है, कि गांव में एक देवी स्थान है। जिसमें सभी ग्रामवासी पूजा पाठ व हवन सदियों से करते आ रहे हैं। गांव के ही कुछ लोगों के द्वारा देवी स्थान पर बना हवन कुंड तोड़कर ट्रैक्टर ट्राली से रात में मिट्टी पाट रहे थे। शोर सुनकर आसपास के लोग जगे और विरोध किया। तभी मिट्टी की ट्राली सड़क के किनारे पलट कर मौके से फरार हो गए। इससे पहले भी देवी स्थान पर लगे पेड़ को काटकर यह लोग उठा ले गए हैं। देवी स्थान की जमीन को हड़पने की नीयत से देवी स्थान की जमीन पर गुमटी व छप्पर भी डाल रखा है। क्षेत्रीय लेखपाल लल्लू प्रसाद ने बताया कि बहुत पुरानी गुमटी व छप्पर रखा हुआ है। आज रविवार है, कल सोमवार को टीम के साथ पहुंचकर जांच की जाएगी। प्रभारी थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि राजस्व टीम के साथ पुलिस फोर्स को मौके का जांच करने के लिए भेज गया है।

### वाहन को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित डीसीएम पलटा

**बहराइच, अमृत विचार।** बहराइच लखनऊ हाईवे के जरवल थाना के झुकिया गांव के निकट एकलव्य विद्यालय के सामने तेज रफ्तार डीसीएम के सामने अचानक वाहन आ गया। जिसे बचाने के प्रयास में अनियंत्रित डीसीएम सड़क किनारे पलट गई। वाहन पलटने से पूर्व चालक व खलासी ने कूद कर जान बचाई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

## जीवनपर्यंत लड़ूंगी गरीबों की लड़ाई : सावित्रीबाई

**बहराइच ।** भारतीय संविधान रक्षक सेना द्वारा मिहींपुरवा के ग्राम सर्राकला में संविधान आरक्षण बचाओ महा आन्दोलन परिचर्चा कार्यक्रम आयोजित किया गया । जिसकी मुख्य अतिथि पूर्व सांसद सावित्री बाई फुले रहीं । कार्यक्रम का संचालन संविधान सेना के संस्थापक अक्षयवर नाथ कनौजिया ने किया । कार्यक्रम की शुरुआत डा. भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व सांसद फूले ने कहा कि आरक्षण और संविधान तथा हर गरीब के रोटी कपडा मकान के लिए संघर्ष करती रहूंगी । साथ ही साथ कहा कि गरीबों की लड़ाई के लिए मैंने दिन - रात मेहनत किया है । आरक्षण और संविधान को बचाने के लिए मैंने सांसद पद का त्याग कर दिया । मै गरीबों की लड़ाई जीवन पर्यन्त लडती रहुंगी । डा. बाबा साहब भीमराव अंबेडकर द्वारा बनाये गये संविधान में बदलाव नहीं होने दूंगी इसके लिए मुझे चाहे जो कीमत चुकानी पड़े मैं पीछे नहीं हटुंगी । इस अवसर पर संगीता रागनी, अरून गौतम, श्रवण गौतम, पवन कुमार, हरिश्याम गौतम, ताराचन्द गौतम सहित काफी संख्या क्षेत्रिय महिला पुरूप उपस्थित रहे ।

# अपहरण व दुष्कर्म में युवक को दस साल कैद

**संवाददाता, बहराइच ,अमृत विचार।** अपर सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट दीप कांत मणि ने किशोरी के अपहरण व दुष्कर्म के मामले में दोषी युवक को दस वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई और 70 हजार के अर्थदंड दिया।

जिला शासकीय अधिवक्ता पाक्सो सन्त प्रताप सिंह ने बताया कि 10 जून 2016 को पयागपुर थाने के एक गांव की किशोरी को श्रावस्ती जिले के इकौना थाने के ग्राम जगदीशपुर का धर्मेन्द्र उर्फ गुरुबदले, इंद्रजीत के सहयोग से बहला फुसला कर भगा ले गया था। किशोरी के लापता होने के मामले में उसकी मां की ओर से 14 जून 16 को दी गई तहरीर पर तकालीन थाना गिलौला पुलिस ने दोनों के विरुद्ध अपहरण , रेप व पाक्सो एक्ट की धाराओं में केस दर्ज किया। पहले तो विवेचक ने इंद्रजीत दुबे व विक्रम दुबे के विरुद्ध कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया। फिर पुलिस ने किशोरी को बरामद कर डाक्टरी परीक्षण कराया और विवेचक ने मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दर्ज कराया तो घटनाक्रम में धर्मेन्द्र उर्फ गुरुबदले की भूमिका सामने आई। विवेचक ने साक्ष्य संकलन के उपरांत आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। न्यायाधीश ने मामले के विचारण व उभय पक्षों के तर्कों को सुनने के बाद अपहरण, रेप व पाक्सो एक्ट के मामले में दोषी धर्मेन्द्र उर्फ गुरुबदले को 10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई और 70 हजार रुपये का अर्थदंड अधिरोपित किया। साथ ही अर्थदंड की सम्पूर्ण धनराशि पीड़िता को देने का आदेश दिया। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक सन्तोष कुमार सिंह व सुरेन्द्र कुमार मौर्य ने पैरवी की।

# आज से घाघरा घाट पुल पर चलेगा मरम्मत कार्य

संवाददाता, जरवलरोड

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय राजमार्ग-927 पर स्थित घाघरा नदी का जर्जर पुल लंबे समय से क्षतिग्रस्त है इसके क्षतिग्रस्त एक्सपेंशन जॉइंट्स के मरम्मत का कार्य मंगलवार से शुरू किया जा रहा है इस दौरान यहां पर यातायात नियंत्रण को लेकर एनएचआई ने पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर सहयोग की अपेक्षा की है।

घाघरा घाट पुल के ज्वाइंट्स काफी समय से क्षतिग्रस्त थे जिससे यहां दुर्घटना की आशंका बनी हुई थी। इस गंभीर स्थिति की ओर

**खबर का असर**

'अमृत विचार' समाचार पत्र द्वारा खबर प्रकाशित कर जिम्मेदारों का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया गया। अमृत विचार समाचार पत्र की कटिंग को एनएचएआई के इंजीनियर विपुल श्रीवास्तव ने संज्ञान में लिया।

इसके बाद भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने तत्परता दिखाते हुए 17 जून से पुल की मरम्मत कार्य शुरू कराने का निर्णय लिया। मरम्मत कार्य के दौरान यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए बाराबंकी व बहराइच दोनों जिलों के पुलिस अधीक्षकों को पत्र भेजकर आवश्यक पुलिस बल उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है। एनएचएआई परियोजना निदेशक कर्नल शरद चन्द सिंह द्वारा भेजे गए पत्र की प्रतिलिपि जिलाधिकारी बहराइच बाराबंकी, अपर पुलिस अधीक्षक, उपजिलाधिकारी रामनगर, जरवलरोड थाना प्रभारी सहित अन्य अधिकारियों को भी भेजी गई है। पुल की मरम्मत तीन दिनों में पूरी की जाएगी। स्थानीय लोगों और वाहन चालकों ने इस त्वरित कार्रवाई का स्वागत किया है।

## वर्ग पहेली- 4

**बाएं से दाएं**

1 . 1 . तेज़ दौड़ने वाला 2 . फुरतीला।

3 . 1 . कमल, पद्म, कुईं 2 . कनकचंपा, कनिआरी 3 . सारस 4 . ( पुराण ) कुश द्वीप में स्थित एक पर्वत।

6 . 1 . रास्ता भूलना 2 . भ्रम में पड़ना 3 . व्यर्थ में इधर-उधर घूमते फिरना, मारे-मारे फिरना 4 . बहकना, गुमराह होना।

7 . न्योछावर करना, उत्सर्ग करना।

8 . 1 . नीति संबंधी, नीति का 2 . नीति के अनुसार होने वाला ( आचरण या व्यवहार )।

**ऊपर से नीचे**

2 . 1 . बचकाना, शिशुओं के समान 2 . शिशुओं को होने वाला

3 . 1 . किसी पदार्थ या चीज़ में नीचे की तरफ़ से कुछ निकालने के लिए ऊपर की परत को हटाना, खुरचना 2 . किसी कठोर सतह पर कुछ उत्कीर्ण करना, खरोंचना, उकेरना, उभारना 3 . लकड़ी

4 . परिवर्तन, बदलाव, क्रांति।

5 . 1 . जलबेंत 2 . एक प्राचीन माप ( परिमाण )।




### वर्ग पहेली -3 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 गुं | | 2 रि | | | | |
| ज | | 3 का | नू | न | गो | |
| न | | र् | | | | |
| | 4 मॉ | ड | लिं | 5 ग | | 6 मे |
| 7 लो | | | | 8 ज | मी | न |
| भी | | | | दं | | हो |
| | 9 ख़ु | रा | फ़ा | ती | | ल |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 17 जून, मंगलवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, षष्ठी-14 .46 तक तत्पश्चात सप्तमी।

**मेष:** आज आपके आसपास का वातावरण अत्यन्त सकारात्मक रहेगा। सामाजिक कार्यों में आप बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे। बच्चों के लिए कुछ उपहार ले सकते हैं। शेयर मार्केट और अन्य माध्यमों पर निवेश करना लाभकारी होगा। परिजनों की कुछ चिंता हो सकती है।

**वृष:** आज कारोबार में आ रही परेशानियों का हल हो जायेगा। अपनी जीवनशैली में परिवर्तन ला सकते हैं। किसी के प्रति मन में ईर्ष्या भाव न आने दें। विरोधी आपके आगे नतमस्तक रहेंगे। आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा।

**मिथुन:** आज कार्यक्षेत्र में सहकर्मी आपसे खुश नहीं है। पूजा-पाठ में आपकी विशेष रुचि रहेगी। पिता के स्वास्थ्य की कुछ चिंता हो सकती है। विद्यार्थियों को शिक्षा में बेहतरीन परिणाम प्राप्त होंगे। पति-पत्नी के रिश्तों के मध्य का तनाव कम होगा।

**कर्क:** आज पुराने अनुभवों का आज लाभ उठा सकते हैं। इसके कारण आपके अधिकारी आपसे नाराज हो सकते हैं। बातचीत के दौरान शब्दों की मर्यादा का ध्यान रखें। खानपान में असन्तुलन के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है। हाथ-पैरों में शिथिलता रहेगी।

**सिंह:** आज दांपत्य संबंध में मजबूती आयेगी। कारोबार में विस्तार करने के मौके मिलेंगे। रचनात्मक कार्यों में सफलता मिलेगी। पारिवारिक वातावरण थोड़ा भावुक रहेगा। कानूनी मामलों में आप विजयी हो सकते हैं।

**कन्या:** आज कार्यक्षेत्र में आपके काम की प्रशंसा होगी। दूसरों के मामलों में प्रतिक्रिया न दें। व्यवसाय में पार्टनर्स के साथ तालमेल की कमी हो सकती है। बेवजह के खर्चों पर अंकुश लगाएं। आपके कार्य समय पर पूर्ण नहीं होंगे। फिर भी आप काफी समझदारी से परिस्थितियों को संभाल लेंगे।

**तुला:** आज कार्यक्षेत्र में पदोन्नति होने के योग बन रहे हैं। मित्रों के साथ आपके रिश्ते और मजबूत होंगे। बच्चों की गलतियों को अनदेखा न करें। पेटदर्द की शिकायत हो सकती है। प्रेम संबंधों में तनाव की आशंका है। लोग आपके कार्यों में गलतियां निकाल सकते हैं।

**वृश्चिक:** आज दिन की शुरुआत थोड़ी सुस्त रहेगी। घुटनों में दर्द उभर सकता है। कार्यक्षेत्र में बार-बार रणनीति बदलना आपके लिए घातक हो सकता है। जब तक आपके काम पूरे न हों तब तक उससे पीछे न हटें। विधिक मामले आपके पक्ष में रहेंगे।

**धनु:** आज कार्यक्षेत्र को लेकर महत्वपूर्ण मीटिंग में सम्मिलित हो सकते हैं। दांपत्य संबंधों में प्रेम और समर्पण भाव बढ़ेगा। परिजनों के साथ किसी मनोरञ्जक यात्रा पर जाने की योजना बना सकते हैं। यात्राओं के लिए दिन बहुत शुभ है। दूरस्थ क्षेत्रों की यात्रा का विचार बनेगा।

**मकर:** आज धन की स्थिति कमजोर रहने वाली है। वाहन चलाते समय सावधानी रखें। प्रेमी जन से किसी कारणवश झगड़ा हो सकता है। विद्यार्थी पढ़ाई में कुछ लापरवाही कर सकते हैं। अजनबियों से अधिक संबंध न रखें। शत्रु आपके विरुद्ध सक्रिय हो सकते हैं।

**कुंभ:** आज कार्यक्षेत्र में आपकी सक्रियता बढ़ेगी। व्यवसाय में बड़ा आर्थिक लाभ हो सकता है। रियल एस्टेट से जुड़े लोगों को बड़े अनुबंध मिलने की संभावना बन रही है। करियर को लेकर उलझनें दूर होंगी। सहकर्मियों के साथ मित्रवत संबंध मजबूत होंगे।

**मीन:** आज आपके व्यवहार से सहकर्मी परेशान हो सकते हैं। शत्रु आपको नुकसान पहुंचाने का प्रयास करेंगे। विदेशी कंपनियों में जॉब कर रहे लोगों को उच्च पद मिल सकता है। पैरदर्द और मांसपेशियों में खिंचाव की समस्या हो सकती है।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**- उत्तर। **ऋतु**- ग्रीष्म।

चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुम्भ।

ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।

नक्षत्र-शतभिषा 18 जून 01 .01 तक तत्पश्चात पूर्व भाद्रपद।

## सुडोकू -11

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | | | 3 | | 4 | |
| | | 6 | | 9 | | | | 8 |
| 7 | | | 5 | | | | | |
| | | | 4 | | 7 | | 3 | 9 |
| | | 4 | | | | 6 | | |
| | 5 | | | | 1 | | | |
| | 3 | 9 | | | | | | 5 |
| | | | | 4 | | 2 | | |
| | | | 8 | | | | | 1 |

### सुडोकू - 10 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 7 | 3 | 9 | 8 | 6 | 5 | 4 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 6 | 1 | 2 | 7 | 9 |
| 6 | 9 | 4 | 5 | 7 | 2 | 1 | 3 | 8 |
| 7 | 6 | 9 | 8 | 1 | 5 | 4 | 2 | 3 |
| 8 | 5 | 3 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 6 |
| 4 | 1 | 2 | 7 | 3 | 6 | 8 | 9 | 5 |
| 5 | 7 | 1 | 6 | 4 | 3 | 9 | 8 | 2 |
| 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 9 | 5 | 4 | 7 |
| 9 | 4 | 8 | 2 | 5 | 7 | 3 | 6 | 1 |

## एक नजर

### एमए राजनीति विज्ञान की मौखिक परीक्षा 19 को

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** राणा प्रताप पी जी कॉलेज, एम ए चतुर्थ सेमेस्टर राजनीति विज्ञान विषय की मौखिक/प्रायोगिक परीक्षा 19 जून को महाविद्यालय में प्रात: 10 बजे से होगी। छात्र/छात्राएं अपने प्रवेश-पत्र, डिजरटेशन के साथ समय पर महाविद्यालय में उपस्थित रहें। परीक्षा छूट जाने पर सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं छात्र/छात्राओं की होगी। यह जानकारी विभागाध्यक्ष डॉक्टर अभय सिंह ने दी।

### बीए उर्दू की मौखिकी 19 को

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** राणा प्रताप पी जी कॉलेज के बीए षष्टम सेमेस्टर उर्दू विषय के रिसर्च प्रोजेक्ट की मौखिकी परीक्षा 19 जून को 11:30 बजे से सम्पन्न होगी। सम्बन्धित छात्र/छात्राएं अपने प्रवेश-पत्र एवं रिसर्च प्रोजेक्ट की फाइल के साथ उर्दू विभाग में निर्धारित तिथि एवं समयानुसार उपस्थित हों। यह जानकारी उर्दू विभागाध्यक्ष डॉ महमूद आलम खान ने दी।

### नकदी व आभूषण के साथ युवती फरार, केस दर्ज

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** लंभुआ थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ने थाने में तहरीर देकर गांव के ही युवक पर अपनी बहन के अपहरण का आरोप लगाया है। युवक ने बताया कि उसकी 24 वर्षीय बहन व उसके बुजुर्ग पिता घर पर रहते थे। आरोप है कि गांव के ही विमल प्रताप सरोज उसकी बहन को बहला फुसलाकर भगा ले गया। उसकी बहन अपने साथ नगदी व आभूषण भी ले गई है ।जिसमें आशीष कुमार सरोज भी शामिल हैं। जो आपराधिक प्रवृत्ति का है उस पर मुकदमे दर्ज हैं। लंभुआ कोतवाल अखिलेश सिंह ने बताया कि तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

### विद्यालय की गिरी बाउंड्रीवाल

**बल्दीराय, सुलतानपुर अमृत विचार :** बल्दीराय क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय पांडेयपुर में ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद पहले ही दिन एक हैरान करने वाली घटना सामने आई। सोमवार सुबह जब स्टाफ विद्यालय पहुंचा तो उन्हें स्कूल की बाउंड्रीवॉल क्षतिग्रस्त अवस्था में गिरी हुई मिली। प्रधानाध्यापक रमाकांत यादव ने तत्काल इसकी सूचना विभागीय अधिकारियों को दी। उनका कहना है कि यह क्षति बारिश या तेज तूफान जैसी प्राकृतिक आपदा के कारण हो सकती है, लेकिन उन्होंने यह भी आशंका जताई कि कुछ अराजक तत्वों की करतूत भी हो सकती है। फिलहाल 30 जून तक विद्यालय में छात्रों की उपस्थिति नहीं होगी, लेकिन स्टाफ नियमित रूप से कार्य हेतु मौजूद रहेगा। इस घटना से अभिभावकों और ग्रामीणों में सुरक्षा को लेकर चिंता जताई गई है।

# ट्रेलर ने ट्रक में मारी टक्कर, क्लीनर की मौत

## ट्रक खड़ी करके पीछे से पटरा ठीक कर रहा था क्लीनर, टांडा-बांदा राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुआ हादसा

गोसाईंगंज, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के द्वारिकागंज चौकी अंतर्गत टांडा-बांदा हाईवे पर कटका सेमरी रोड पर भारतीय खाद्य निगम की गोदाम के पास रविवार की रात एक भीषण हादसा हो गया। सड़क किनारे खड़ी ट्रक में पीछे से आ रही बेकाबू ट्रेलर ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे ट्रक पर पटरी ठीक कर रहा क्लीनर हादसे का शिकार हो गया और जिला अस्पताल पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने दुर्घटना कारित करने वाली ट्रेलर व चालक को हिरासत में लेकर विधिक कार्रवाई कर रही है।



दुर्घटनाग्रस्त वाहन व इनसेट में सनी प्रजापति की फाइल फोटो। अमृत विचार

घटना रविवार रात 11 बजे की है। टांडा-बांदा हाईवे पर सेमरी मोड़ कटका के पास यह हादसा हुआ है। यहां पीढ़ी से गिट्टी उतारकर आ रही एक ट्रक मजदूरों को उतारा और उसका क्लीनर पीछे लगे पटरे को ठीक कर रहा था। इसी बीच पीछे आ रही एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रेलर ने ट्रक में जोरदार टक्कर मार दी। जोरदार आवास सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने क्लीनर को गंभीर हालत में राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान सनी प्रजापति (18) पुत्र शीतला प्रजापति निवासी समहुता कला, थाना लंभुआ के रूप में हुई है। मृतक चार भाइयों में दूसरे नंबर पर था। कोतवाली नगर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। गोसाईंगंज प्रभारी राम आशीष उपाध्याय ने बताया तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### तेज रफ्तार वाहन ने साइकिल सवार को मारी टक्कर

**सुलतानपुर :** सोमवार सुबह करीब 11 बजे टांडा-बांदा राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक साइकिल सवार युवक हादसे का शिकार हो गया। माधवपुर गांव निवासी अरविंद पुत्र रामचंद्र साइकिल से सेमरी बाजार जा रहा था, तभी बौरा जगदीश गांव के पास महरुआ की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार वाहन ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर लगने से अरविंद सड़क किनारे गड्ढे में गिर पड़ा और उसकी साइकिल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने घायल अरविंद को तत्काल एक निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे बिरसिंहपुर रेफर कर दिया।

# मेडिकल कॉलेज में तोड़फोड़ मामले में दर्ज हुआ मुकदमा

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार:** राजकीय मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर में रविवार को इलाज में कथित लापरवाही से सर्पदंश पीड़ित युवक की मौत के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया और तोड़फोड़ की। घटना में इमरजेंसी सेवा बाधित रही, वहीं कुछ परिजन घायल भी हुए। इस मामले में इमरजेंसी मेडिकल अफसर की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

मूल रूप से अयोध्या के बीकापुर स्थित चौरे बाजार निवासी शिवम (21) को सांप ने काट लिया था। परिजन उसे कूरेभार सीएचसी लाए, जहां से गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। मृतक के भाई के अनुसार, इमरजेंसी में एक

**▸▸ इमरजेंसी मेडिकल अफसर की तहरीर पर हुई कार्रवाई**

डॉक्टर ने इंजेक्शन लगाकर छोड़ दिया। शिवम की हालत बिगड़ने पर स्टाफ से बार-बार गुहार लगाई गई, लेकिन कोई मदद नहीं मिली, और अंततः उसकी मौत हो गई। इसके बाद गुस्साए परिजनों ने इमरजेंसी वार्ड में खिड़कियां, दरवाजे और दस्तावेज फाड़ डाले। स्टाफ मौके से भाग निकला।

प्रिंसिपल के निर्देश पर ईएमओ डॉ. मोहम्मद गुफरान ने कोतवाली में शिकायत दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नगर कोतवाल धीरज कुमार ने बताया कि मामले में केस दर्ज किया गया है। जांच की जा रही है।

# कृष्णदेव हत्याकाण्ड के 2 आरोपियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी

## अदालत से

**▸▸ अमेठी जिले के सुन्दरपुर गांव में वर्ष 2021 में हुई कृष्णदेव की हत्या से जुड़ा मामला**

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** अमेठी जनपद के सुन्दरपुर गांव में वर्ष 2021 में हुई कृष्णदेव की हत्या के मामले में नामजद आरोपियों में से दो के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है। जनपद न्यायाधीश लक्ष्मीकांत शुक्ल ने पंकज यादव व डब्बू यादव की गैरहाजिरी पर यह आदेश जारी किया है। डीजीसी क्रिमिनल रामअचल मिश्र के अनुसार, शांति देवी पत्नी चंद्रिका ओझा निवासी सुन्दरपुर 19 मार्च 2021 को अपने बेटे कालू व नाती कृष्णदेव के साथ खेत की रखवाली करने गई थीं। इसी दौरान कालू भोजन के लिए चला गया, तभी गांव के विजयपाल, शेर सिंह तथा महेशपुर मोचवा निवासी पंकज यादव, डब्बू यादव सहित चार पांच अज्ञात लोगों ने कृष्णदेव की चाकू से हत्या कर दी। हमलावरों ने बचाव में दौड़ी शांति देवी को भी लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया था।

मामले में चार आरोपियों विजयपाल यादव, शेरसिंह यादव, पंकज यादव व डब्बू यादव के खिलाफ अदालत ने आरोप तय किए थे। इनमें से शेरसिंह यादव अदालत में उपस्थित रहा, जबकि पंकज व डब्बू की अनुपस्थिति के चलते जिला जज लक्ष्मीकांत शुक्ल ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया है।


दीवानी न्यायालय परिसर में अधिवक्ता व वादकारीगण। अमृत विचार

### हत्या के आरोपी ने किया कोर्ट में समर्पण, भेजा गया जेल

**संवाददाता, सुलतानपुर :** थानाक्षेत्र संग्रामपुर के टिकरिया गांव निवासी वेद प्रकाश ने हत्या के एक मामले में सोमवार को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) की अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया। सीजेएम नवनीत सिंह ने आरोपी को जेल भेजने का आदेश दिया। उल्लेखनीय है कि तीन जून को संग्रामपुर थाना क्षेत्र के पूरे रामा चौहान मजरे पुन्नपुर गांव में विनोद कुमार के 22 वर्षीय भतीजे सागर कोरी की धारदार हथियार से मारकर हत्या कर दी गई थी। उसका शव गांव के ही काशी सिंह की सरिया में हाथ-पैर बांधकर फेंका गया था। घटना के बाद अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस जांच के दौरान आरोपी के रूप में टिकरिया निवासी वेद प्रकाश का नाम प्रकाश में आया था, जिसके बाद उसने सोमवार को अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया।

इस केस के एक अन्य आरोपी विजयपाल यादव की मृत्यु 25 अगस्त 2023 को हो चुकी है।

### ऋषिकेश हत्याकांड में सुनवाई 2 जुलाई को

ऋषिकेश हत्याकांड में सोमवार को चश्मदीद अभिषेक सिंह से जिरह की कार्रवाई नही हो सकी। कोर्ट न्यायाधीश संध्या चौधरी ने जिरह के लिए दो जुलाई की तारीख तय की है । अभियोजन की तरफ से वादी के वकील अरविंद सिंह राजा की अर्जी पर कोर्ट ने कोतवाली नगर के नयानगर सिरवारा रोड निवासी चश्मदीद साक्षी अभिषेक सिंह उर्फ पंकज को गवाही के लिए तलब किया था जिनकी गवाही दर्ज हो चुकी है। बचाव पक्ष अगली नियत तारीख पर गवाह से जिरह करेगा। 9 फरवरी 2008 को कोतवाली नगर के नया नगर सिरवारा रोड निवासी ऋषिकेश सिंह उर्फ पिंटू की हत्या में मृतक के बड़े भाई राकेश सिंह ने लोलेपुर निवासी इरफान उर्फ जानी, मन्नान, आजाद, शहजाद, बाबुल व जयसिंहपुर थानाक्षेत्र के सौरभ मिश्र के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कराया था।

### चिकित्सक हत्याकांड में विवेचक की गवाही दर्ज

शहर के शास्त्री नगर मोहल्ले में बीते साल संविदा चिकित्सक घनश्याम तिवारी हत्याकांड में अपर सेशन जज संतोष कुमार की कोर्ट में सोमवार को विवेचक दरोगा राम आशीष उपाध्याय की गवाही दर्ज की गई। वादी निशा तिवारी के वकील संतोष पांडेय ने बताया कोर्ट में विवेचक की गवाही दर्ज की गई है। अगली नियत 19 जून की तारीख पर बचाव पक्ष विवेचक से जिरह करेगा। 23 सितंबर 2023 की शाम हुए हत्याकांड के मुख्य आरोपी अजय नारायण सिंह, उसके पिता जगदीश नारायण सिंह और ड्राइवर दीपक सिंह पर कोर्ट ने सामान्य आशय से हत्या, आपराधिक षड्यंत्र और दहशत फैलाने के आरोपों में मुकदमा चलाने के लिए आरोप तय किए थे जिनका ट्रायल जारी है। इसी मामले में एक आरोपी विजय नारायण सिंह की हत्या हो चुकी है वहीं आरोपी जगदीश नारायण की मृत्यु हो चुकी है। जिससे दोनों पर मुकदमा समाप्त हो गया है।

### संग्रह अमीन हत्याकांड में जिरह जारी

**▸▸ मुसाफिरखाना के भद्दौर निवासी संग्रह अमीन सुरेश यादव और उनके भतीजे बृजेश यादव की हत्या से जुड़ा मामला**

**संवाददाता, सुलतानपुर :** मुसाफिरखाना के भद्दौर निवासी संग्रह अमीन सुरेश यादव व उनके भतीजे बृजेश यादव की हत्या से जुडे मामले में सोमवार को वादी मुकदमा दुर्गेश यादव से बचाव पक्ष ने जिरह की। बचाव पक्ष के वकील संतोष पांडेय ने बताया कोर्ट ने शेष जिरह के लिए 18 जून की तारीख तय की है।। अमेठी जिले के मुसाफिरखाना के भद्दौर निवासी संग्रह अमीन सुरेश यादव व उनके भतीजे बृजेश यादव की 27 फरवरी 2023 को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में जलालुद्दीन, संजय यादव प्रधान, मनोज यादव, डब्बू यादव, मुइनुद्दीन, मुकेश यादव, राहुल यादव, अभय यादव, अंकित यादव, मनीष उर्फ कल्लू, हरीफूल शुक्ल, वसीर समेत कुल 13 आरोपियों के खिलाफ हत्या सहित गंभीर आरोपों में चार्जशीट दाखिल हुई थी। मामला अभियोजन साक्ष्य में विचाराधीन है।

### 7 वर्षों से विचाराधीन एलआईसी डकैती मामले में विवेचक की अनुपस्थिति पर अदालत सख्त, वेतन रोकने का निर्देश

**संवाददाता, सुलतानपुर :** कादीपुर स्थित भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) शाखा में वर्ष 2008 में हुई 13 .15 लाख रुपये की दिनदहाड़े डकैती के मामले में अब न्यायालय ने सख्त रुख अपनाया है ।न्यायालय में बार-बार तिथि तय होने के बावजूद विवेचक व साक्षी उपनिरीक्षक पंकज कुमार सिंह की उपस्थिति नहीं हो रही थी। मामले की सुनवाई कर रहे अपर सत्र न्यायाधीश संतोष कुमार ने इस संबंध में पुलिस अधीक्षक, जनपद गोण्डा को पत्र भेजते हुए सख्त निर्देश दिए हैं। पत्र में कहा गया है कि विवेचक पंकज कुमार सिंह, जो वर्तमान में पुलिस लाइन गोण्डा में तैनात हैं, को 20 जून 2025 को न्यायालय में अनिवार्य रूप से प्रस्तुत कराया जाए। न्यायालय ने यह भी निर्देश दिया है कि यदि उपनिरीक्षक पंकज कुमार सिंह आगामी तिथि को साक्ष्य देने हेतु उपस्थित नहीं होते हैं, तो उनके वेतन का भुगतान रोका जाए, जब तक कि वह न्यायालय में उपस्थित होकर अपना साक्ष्य अंकित न करा दें।

## सार-संक्षेप


लाभार्थियों को चेक वितरित करते एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह। अमृत विचार

### 165 लाभार्थियों को बांटे गए 8.60 करोड़ के चेक

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत पात्र लाभार्थियों का चेक वितरण कार्यक्रम एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता व जिला पंचायत अध्यक्ष ऊषा सिंह, जिलाधिकारी कुमार हर्ष, एडीएम प्रशासन गौरव शुक्ला की मौजूदगी में कलेक्ट्रेट के नवीन सभागार में वितरित किया गया। जनपद स्तरीय कार्यक्रम के साथ तहसीलों में भी कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका सजीव प्रसारण किया गया। एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह का एडीएम प्रशासन, जिला पंचायत अध्यक्ष का एसडीएम सदर ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह ने सरकार के इस योजना के लाभार्थियों को चेक वितरित किया। साथ ही सीएम योगी का आभार व्यक्त किया। वहीं डीएम से अनुरोध किया कि पात्र व्यक्तियों को सरकारी योजनाओं से ज्यादा से ज्यादा लाभान्वित करें। इस दौरान सीएम योगी का लाइव प्रसारण भी देखा गया।

### हिन्दी सलाहकार समिति में डॉ. केपी मिश्रा नामित

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** जिले के गोसाईगंज थाना क्षेत्र के गेड़ौरा गांव निवासी डा काशी प्रसाद मिश्र को भारत सरकार की हिन्दी सलाहकार समिति में नामित किया गया है। जिससे उनके गांव सहित जिले में हर्ष की लहर है। बताते चले कि डॉ केपी मिश्र मौजूदा समय में बाबू बनारसी दास इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में बीएड के विभागाध्यक्ष हैं। डॉ मिश्रा शैक्षिक प्रकोष्ठ विश्व हिंदी परिषद के अध्यक्ष है। वे लंबे समय से हिंदी के प्रचार प्रसार में सक्रिय हैं। गौरतलब हो कि हिंदी सलाहकार समिति में लोक सभा सांसद डॉ भोला सिंह, बांसुरी स्वराज, राज्य सभा सांसद डॉ सीमा द्विवेदी, बाबूराम निषाद सहित अन्य लोग शामिल हैं। काशी प्रसाद मिश्रा की इस उपलब्धि पर परिजनों ग्रामीणों व जिले के साथ शुभचिंतकों में हर्ष की लहर है।


डॉ. केपी मिश्रा।

### सगे भाई हर्ष व विशाल ने नीट में पाई सफलता

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** पंजाबी कॉलोनी निवासी राज नारायण गुप्ता एवं संगीता गुप्ता के पुत्र हर्ष गुप्ता और विशाल गुप्ता ने नीट 2025 की परीक्षा क्वालीफाई कर क्षेत्र और परिवार का नाम रोशन किया है। दोनों सगे भाइयों ने क्रमश: 11731 और 56688 ऑल इंडिया रैंक प्राप्त की है। इस सफलता पर कसौधन महासंघ के अध्यक्ष संजय लोहिया एवं महामंत्री गंगा प्रसाद कसौधन ने दोनों होनहारों को बधाई दी है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।


विशाल गुप्ता


हर्ष गुप्ता

### सीएम व डीजीपी से की हमलावरों की गिरफ्तारी की मांग

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** नगर कोतवाली क्षेत्र के गोराबारिक गांव में जमीन विवाद को लेकर भारतीय जनता पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष अजादार हुसैन पर जानलेवा हमला के मामले में नामजद आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। सोमवार को पीड़ित भाजपा नेता ने मुख्यमंत्री, डीजीपी व एसपी को प्रेषित शिकायती पत्र में बताया है गोराबरिक गांव में स्थित भूमि पर उनका आवासीय कमरा और इंटरलॉकिंग रास्ता बना हुआ है। आरोप है कि विपक्षीगण हसन मेहदी, अम्मार हुसैन, मो समरैन, मेहसर पठान, लईक अली सहित 4-5 अज्ञात व्यक्ति 10 जून की भोर में लगभग 3 बजे जेसीबी लेकर आए और इंटरलॉकिंग व बाउंड्रीवाल को तोड़ने लगे। पीड़ित जब कमरे से बाहर निकले तो उन पर धारदार हथियार से हमला किया गया था। अजादार की तहरीर पर पुलिस ने पांच नामजद व पांच अज्ञात के खिलाफ जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज किया था। आरोप है कि पुलिस विपक्षियों के प्रभाव में आकर गिरफ्तारी नहीं कर रही है। पीड़ित ने मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप कर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और जानमाल की सुरक्षा की मांग की है।

### दैवीय आपदा के लाभार्थियों को विधायक ने सौंपा चेक

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** बीते दिनों दैवीय आपदा में जान गवाने वाले मृतकों के परिजनों को सदर विधायक ने आर्थिक सहायता का तहसील परिसर में चेक सौंपा। सोमवार को जयसिंहपुर तहसील परिसर में बीते वर्ष दैवीय आपदा में जान गवाने वाले मृतकों के आश्रितों को चेक सौंपा। चेक लेने वालों में गोसाईगंज थाना क्षेत्र के फतेहपुर संगत गांव निवासी राजकुमारी, दोस्तपुर थाना क्षेत्र के कौशिल्यापुर गांव निवासी चिंता, धूंधूं गांव निवासी शहनाज, ढेमा गांव निवासी प्रवेशिका उपाध्याय, गोसैसिंहपुर निवासी रीता, परसा गांव निवासी केशा देवी, मीरपुर सरैया निवासी आराधना सिंह, बिझुरी निवासी अमरावती, सलारपुर निवासी मालती, लामा बनकटा निवासी नीता देवी, डीह ढग्गूपुर निवासी ज्योत्सना व बरौसा निवासी फूलकली को प्रमाण पत्र सौंपा। इस मौके पर एसडीएम जयसिंहपुर शिव प्रसाद, तहसीलदार मयंक मिश्रा, भाजपा नेता रत्नेश तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।


प्रमाण पत्र वितरित सदर विधायक। अमृत विचार

### बाइकों की टक्कर में दो युवक घायल, एक गंभीर

**भदैंया, सुलतानपुर, अमृत विचार :** धम्मौर थाना क्षेत्र के अमेठा गांव निवासी राजेश भार्गव (30) सराय अचल गांव में अपने एक रिश्तेदार के यहां से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही बाइक से उनकी आमने-सामने टक्कर हो गई। दूसरी बाइक पर सवार युवक की पहचान सोनू (25) के रूप में हुई है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना पर आसपास मौजूद राहगीर मौके पर पहुंचे और घायलों को तत्काल पास के एक निजी चिकित्सक के पास इलाज के लिए ले जाया गया। वहां से प्राथमिक उपचार के बाद राजेश भार्गव की हालत गंभीर होने पर परिजनों ने उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना मिलने पर पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है।



जमील अख्तर को पटका पहनाकर रालोद की सदस्यता दिलाते जिलाध्यक्ष बेलाल अहमद। अमृत विचार

### जमील अख्तर ने सपा छोड़ रालोद का दामन थामा

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** सोमवार को सपा की राजनीति करने वाले जमील अख्तर खान ने समर्थकों के साथ राष्ट्रीय लोक दल का दामन थाम लिया। उन्हें जिलाध्यक्ष बेलाल अहमद ने रालोद का पटका पहनाकर सदस्यता ग्रहण कराई। उन्होंने कहा कि इनके आने से राष्ट्रीय लोकदल को मजबूती मिलेगी। साथ ही चौधरी चरण सिंह की विचारधारा को गांव गांव पहुंचाने का कार्य करेंगे। इस मौके पर जिला महासचिव शाह आलम, ज्ञान प्रकाश पांडेय, जैनेन्द्र सिंह, हेमंत, शफीक खान, अंकित मिश्रा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### पेड़ गिरने से बुजुर्ग महिला की मौत

**करौंदीकला, सुलतानपुर, अमृत विचार:** रविवार की शाम आई आंधी से छप्पर पर पेड़ गिर गया। जिससे बुजुर्ग महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन उन्हें इलाज के लिए ले जा रहे थे कि रास्ते में बुजुर्ग महिला ने दम तोड दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। स्थानीय थाना क्षेत्र रवनिया गाँव निवासी शान्ति देवी 60वर्ष पत्नी स्वर्गीय विश्वनाथ की छप्पर के नीचे बैठी थी। रविवार शाम आई आंधी से जामुन का पेड़ छप्पर पर गिर पड़ा। पेड़ गिरने से छप्पर क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं बुजुर्ग महिला शांति देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन उन्हें अस्पताल ले जा रहे थे लेकिन रास्ते में उन्होंने दम तोड़ दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# बीएसए का नामांकन बढ़ाने पर जोर

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** परिषदीय विद्यालयों में आगामी शैक्षिक सत्र 2025-26 के संचालन से पूर्व सोमवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) उपेंद्र गुप्ता की अध्यक्षता में खंड शिक्षा अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति, मिड-डे मील (एमडीएम) ग्रहण करने वाले बच्चों की संख्या, नवीन नामांकन सहित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई।

बीएसए ने निर्देश दिया कि अधिकतम नवीन नामांकन सुनिश्चित किया जाए और सभी नव नामांकित बच्चों का प्रेरणा पोर्टल पर शत-प्रतिशत पंजीकरण अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाए। साथ ही, समस्त बच्चों का आधार सत्यापन जल्द से जल्द कराना सुनिश्चित किया जाए ताकि डीबीटी योजनाओं का लाभ समय से मिल सके। बैठक में 'ऑपरेशन कायाकल्प' के तहत अभी तक असंतृप्त विद्यालयों को संतृप्त करने के लिए तेज़ गति से कार्य करने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त कम्पोजिट मॉडल स्कूलों के लिए 5 से 10 एकड़ भूमि चिन्हित करने, 50 से कम नामांकन वाले विद्यालयों को समीपवर्ती विद्यालयों से मैप करने तथा बच्चों के ठहराव के लिए विशेष योजना बनाने के निर्देश भी दिए गए। बीएसए ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों से अपने-अपने क्षेत्रों में प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने को कहा, ताकि नवीन सत्र की शुरुआत बेहतर उपस्थिति, पूर्ण नामांकन और गुणवत्तापूर्ण शैक्षिक वातावरण के साथ हो सके।


बीएसए की समीक्षा बैठक में मौजूद बीईओ व अन्य। अमृत विचार

**▸▸ समीक्षा बैठक में विद्यालय संचालन से पहले बनी रणनीति**

## मिली जिम्मेदारी

लंबे समय से प्रभारी के तौर पर चल रहा था काम, स्टेडियम में लौटेगी रौनक

# जिला क्रीड़ाधिकारी ने संभाला चार्ज, हुआ स्वागत

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** जिले के इकलौते पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम की रौनक एक बार फिर लौटेगी। यहां लंबे समय से प्रभारी क्रीड़ाधिकारी के जरिए किसी तरह चल रहा काम अब नियमित अफसर मिलने से खेल गतिविधियां बढ़ेंगी।

जिले के पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम में सोमवार को नवागत जिला क्रीड़ाधिकारी राजेश सोनकर के स्वागत में विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारियों और खिलाड़ियों ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर सभी ने सामूहिक रूप से खेलों के विकास और खिलाड़ियों के हित में समन्वयपूर्वक कार्य करने का संकल्प जताया। क्रीड़ाधिकारी सोनकर ने आश्वस्त किया कि जिले की खेल प्रतिभाओं को निखारने और खेल संरचना को सुदृढ़ करने के लिए वह पूरी प्रतिबद्धता से कार्य करेंगे। उन्होंने खेल संघों से सहयोग की अपेक्षा जताई और हर स्तर पर खिलाड़ियों को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने की बात कही। इस दौरान फुटबॉल संघ के सचिव एमएस बेग, हॉकी संघ के तारिक वसीम, एथलेटिक्स संघ उपाध्यक्ष राजेश कनौजिया, टेबल टेनिस संघ के मो. सईद, वॉलीबॉल संघ कोषाध्यक्ष मुनेन्द्र मिश्र, कबड्डी कोच राजकुमार सरोज, साहबजादे, हरिशंकर, कुलदीप वर्मा सहित अनेक खेल प्रेमी उपस्थित रहे।


नवागत जिला क्रीड़ाधिकारी का स्वागत करते खेल संघ के पदाधिकारीगण। अमृत विचार

# हाईवे किनारे आग लगने से जल गए 100 पौधे

भदैंया, सुलतानपुर

**▸▸ पर्यावरण संरक्षण और यात्रियों को छांव देने के उद्देश्य से रोपे गए थे पौधे**

**अमृत विचार:** रविवार रात सुलतानपुर-वाराणसी फोरलेन पर अज्ञात लोगों द्वारा लगाई गई आग से वन विभाग को बड़ा नुकसान हुआ है। भदैंया क्षेत्र के अभियाकलां के रामनगर चौराहे के पास फोरलेन किनारे लगी आग में विभाग द्वारा लगाए गए 100 से अधिक छायादार पौधे जलकर नष्ट हो गए। यह पौधे पर्यावरण संरक्षण और यात्रियों को छांव देने के उद्देश्य से रोपे गए थे।

वन विभाग ने पिछले वर्ष सुलतानपुर जिले में ढकवा बाजार से सोनांवा बॉर्डर तक लगभग 48 किलोमीटर क्षेत्र में फोरलेन के दोनों किनारों पर 20 हजार पौधे लगाए थे। इन पौधों की सुरक्षा के लिए पिलर और तार की बैरिकेडिंग की गई थी। पौधों की ऊंचाई करीब 8 से 12 फीट थी। घटना की जानकारी सोमवार सुबह स्थानीय लोगों को हुई। उन्होंने आग बुझाने की कोशिश की और वन विभाग को सूचित किया। क्षेत्रीय वन अधिकारी अतुल कुमार ने बताया कि पौधों की देखरेख विभाग की जिम्मेदारी है और आग लगाने वालों के खिलाफ जांच कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# सिद्धार्थनगर में 154 लाभार्थियों को मिली सहायता राशि

**मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना**

## सांसद, विधायक, जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी ने देखा मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण

संवाददाता, सिद्धार्थनगर


लाभार्थियों को डेमो चेक प्रदान करते डीएम व अतिथि।

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के लाभार्थियों को सहायता राशि का वितरण अम्बेडकर नगर में किया गया, जिसका सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य अतिथि सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल, विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही, जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर, अपर जिलाधिकारी गौरव श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) ज्ञान प्रकाश, सांसद डुमरियागंज प्रतिनिधि एसपी अग्रवाल व अन्य द्वारा देखा गया। इसी प्रकार तहसील शोहरतगढ़, बांसी ,इटवा, डुमरियागंज में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया।

सांसद डुमरियागंज ने मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के लाभार्थियों को सहायता राशि के वितरण के अवसर पर कहा कि मुख्यमंत्री किसानों की समस्याओं को बहुत करीब से समझते हैं। पहले किसानों के साथ दुर्घटना होने पर उनके परिवारों को कोई सहायता राशि उपलब्ध नहीं कराई जाती थी। मुख्यमंत्री ने इस योजना को लागू कर दैवीय आपदा व दुर्घटना में मृत किसानों के परिवारों को सहायता राशि उपलब्ध कराई जा रही है। मुख्यमंत्री द्वारा किसानों के साथ ही साथ बंटाईदारों को भी इस योजना से लाभान्वित किया जायेगा। मुख्यमंत्री के निर्देशन में प्रदेश के सभी जिलों में वृहद रूप से शिविर आयोजित कर जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के लाभार्थियों को सहायता राशि का वितरण किया जा रहा है। डबल इंजन की सरकार प्रदेश के सभी नागरिकों की सेवा सुरक्षा के लिए दृढ़ संकल्पित है।

विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही ने कहा कि मुख्यमंत्री किसानों की आय दोगुनी करने एवं उनके समस्याओं के निराकरण के लिए, बेहतर कार्य कर रहे हैं। किसानों की दुर्घटना होने पर उनके परिवारों की आर्थिक स्थिति बेहतर करने के लिए, सहायता राशि उपलब्ध करा रहे हैं। यह कार्य पहले की सरकारों द्वारा नहीं किया गया जिससे किसानों के परिवार तंगी से गुजर रहे थे। सांसद डुमरियागंज प्रतिनिधि एसपी अग्रवाल ने इस योजना की सराहना की। जिलाधिकारी ने कहा कि आज जनपद के सभी तहसीलों में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के लाभार्थियों को सहायता राशि का वितरण किया जा रहा है। सभी तहसीलों में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के कुल 142 दावे प्राप्त हुये थे। सभी तहसीलों के मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के कुल 154 लाभार्थियों को सहायता राशि उपलब्ध कराई जा रही है। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त उपजिलाधिकारी नौगढ़ कल्याण सिंह मौर्य, तहसीलदार नौगढ़ संतराज, अन्य अधिकारी कर्मचारी व लाभार्थीगण उपस्थित थे।

### गोरखपुर में 25 किसानों को दिए गए चेक

**गोरखपुर अमृत विचार।** एनेक्सी सभागार में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना के 25 किसानों को पांच पांच लाख रुपए का डेमो चेक वितरण किया गया। जनपद के प्रत्येक तहसीलों में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना योजना के अंतर्गत 214 किसानों को पांच पांच लाख रुपये का डेमो चेक वितरण किए गए। योगी सरकार ने मृत किसानों के परिजनों को अंबेडकर नगर में मौजूद रहकर बाकी 74 जनपदों में ऑनलाइन जुड़कर 11690 किसानों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपए का डेमो चेक वितरण किया गया। गोरखपुर एनेक्सी सभागार में सदर तहसील अंतर्गत 25 किसानों को मुख्य अतिथि विधायक पिपराइच महेंद्र पाल सिंह ने पांच-पाच लाख रुपए का चेक वितरण किया वैसे तो प्रत्येक तहसीलों में जनपद के प्रतिनिधियों, एसडीएम, तहसीलदार की मौजूदगी में जनपद के 214 किसानों को मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना योजना के अंतर्गत पांच-पांच लाख रुपए का डेमो चेक वितरण किए गए योगी सरकार की मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के किसानों के लिए संकट के समय संजीवनी साबित हो रही है। 14 सितंबर, 2019 से शुरू इस योजना में दुर्घटना में मृत्यु या अक्षमता का सामना करने वाले किसान के परिवारों को आर्थिक सहारा दिया है। डेमो चेक वितरण के दौरान प्रिंस विधायक महेंद्र पाल सिंह एडीएम प्रशासन पुरुषोत्तम दास गुप्ता एडीएम वित्त राजस्व विनीत कुमार सिंह सीआरओ हिमांशु वर्मा एसडीएम सदर रोहित मौर्या सदर तहसीलदार ज्ञान प्रताप सिंह नायब तहसीलदार देवेंद्र यादव नायब तहसीलदार आकांक्षा पासवान नायब तहसीलदार जाकिर हुसैन नायब तहसीलदार नीरू सिंह नायब तहसीलदार महराजगंज/अटैच गौडधोइया नाला प्रद्युम्न सिंह ई डिस्ट्रिक मैनेजर नीरज श्रीवास्तव मेयर प्रतिनिधि सौरभ मौजूद रहे।



# 62 परिवारों को मिले 5-5 लाख की राशि

संवाददाता कुशीनगर


कार्यक्रम के दौरान लाभार्थी को प्रतीकात्मक चेक किया गया वितरण।

**अमृत विचार:** कलेक्ट्रेट सभागार में जनप्रतिनिधियों के साथ जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर, सहित एडीएम की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री के अंबेडकर में आयोजित कार्यक्रम के उदबोधन एवं कृषक दुर्घटना बीमा अंतर्गत प्रतीकात्मक चेक वितरण का लाइव प्रसारण देखा गया।

विधायक पडरौना मनीष जयसवाल ने इस अवसर पर कहा कि गरीब कल्याण की दिशा में जनपद के 62 परिवारों में प्रत्येक को 5 लाख रुपये सहायता राशि सरकार द्वारा दी जा रही है। कहा कि जनपद में 2021 से 2025 के मध्य लगभग 300 पीड़ित परिवारों को राशि दी जानी है। शेष को अगले कार्यक्रम में प्रदान की जाएगी। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि पूरे प्रदेश में लगभग 11 हजार से अधिक परिवारों को उक्त योजना से लाभान्वित किया गया है, जिसमें जनपद कुशीनगर के 62 परिवारों के खातों में 5-5 लाख रुपये की धनराशि भेज दी गई है। इस अवसर पर तहसील कप्तानगंज के सुभावती, पूनम विश्वकर्मा, पडरौना तहसील के अंजनी कुशवाहा, सुनीता, सुभावती देवी, रंजीता, दुर्गावती, गीता देवी, चंपा देवी, चंद्रा देवी, कुसुम, पूनम, तथा कसया तहसील के पूजा, माया सिंह, तारामती, प्रभावती, सुनीता, सीमा देवी, तिरुपति, मंजू देवी, अनीता, सुभावती, सहित सायरा खातून के साथ सभी 62 लाभार्थियों में प्रतीकात्मक चेक का वितरण विधायक सदर के साथ डीएम, एडीएम व हाटा प्रमुख प्रतिनिधि द्वारा संयुक्त रूप से दिया गया। इस अवसर पर अन्य जनप्रतिनिधिगण,अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रेम कुमार, उप जिलाधिकारी पडरौना व्यास नारायण उमराव, तहसीलदार, सहित अन्य सभी संबंधित उपस्थित रहे।

# ट्रॉला से कुचलकर बाइक सवार युवक की मौत

**सिद्धार्थ नगर, अमृत विचार।** डुमरियागंज क्षेत्र के बैदौलागढ निवासी मुकेश (20) पुत्र रघुनाथ, अपने दो साथियों उदयभान (23) पुत्र भगवानदीन व परवेज (21) पुत्र जहांगीर आलम के साथ सोमवार को अपनी बहन से मिलने पुरैना गांव जा रहे थे। लगभग 11 बजे वह इटवा थाने के सामने पहुचे ही थे बढ़नी की तरफ से आ रहे ट्राला के पिछले पहिये की चपेट में आ गए। इस हादसे में उदयभान की मौके पर ही मौत हो गई और उसके दोनों साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सीएचसी इटवा ले जाया गया, जहां से उन्हें जिला चिकित्सालय सिद्धार्थनगर रेफर कर दिया। एसओ इटवा श्याम सुंदर तिवारी ने बताया कि मामले में केस दर्ज कर लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, और वाहन कब्जे में लेकर कार्रवाई की जा रही है।

# दो पक्षों में संघर्ष,5 लोग हुए घायल, दो गंभीर

संवाददाता कुशीनगर।

**अमृत विचार:** तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के ग्रामसभा अमवा दूबे में सोमवार की सुबह मामूली बात को लेकर दो पक्ष उग्र हो गये परिणामस्वरूप दोनों तरफ से जमकर लाठी-डण्डे व ईंट चले जिसमें एक पक्ष की तरफ से पाँच लोग घायल हो गये। घायलों में दो की हालत नाजुक है जिनका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।

सोमवार की सुबह गणेश गोंड़ का 10 वर्षीय पुत्र आयुष अपने घर के सामने नाली के किनारे अरुई का पौधा लगा रहा था।इसी दौरान उनका पड़ोसी युवक एजाज वहाँ आया और आयुष मारने पीटने लगा।दोनों पक्षों के बीच कहासुनी होने लगी जो संघर्ष में बदल गया और देखते ही देखते ईंट चलने लगे।इसी बीच मोहर्रम, हातिम व हनीफ व माहिलाए लाठी-डण्डे लेकर गणेश के परिजनों पर धावा बोल दिया। जिससे गणेश के अलावा 30 वर्षीय अशोक, 45 वर्षीया सुगांती,गुड़िया पत्नी लल्लन व आयुष बुरी तरह से लहूलुहान हो गए।सूचना मिलते ही तुर्कपट्टी पुलिस मौके पर पहुँची और घायलों को इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुबेरस्थान लायी।चिकित्सकों ने गणेश व सुगान्ती की नाजुक हालत को देखकर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया जहाँ उनका इलाज जारी था।इस घटना से सम्बंधित एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें एक पक्ष के कुछ लोग लाठी- डंडे और ईंट पत्थर चलाते हुए दूसरे पक्ष के बरामदे तक आक्रमण करते हुए दिख रहे हैं।ऐसा लगता है कि एक पक्ष पहले से मारपीट के लिए तैयार था।पुलिस दोनों पक्षों से तीन लोगों को हिरासत में लेकर घटना के बारे में पूछताछ में जुटी है।

# अवैध गर्भपात की डील की वीडियो वायरल, होगी जांच

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** बढ़नी के पचपेड़वा रोड पर संचालित क्लीनिक में अवैध रूप से गर्भपात कराने सम्बंधी बातचीत को वीडियो को संज्ञान लेते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी ने मामले की जांच के लिए टीम के गठन की घोषणा की है।

रविवार अपराह्न वायरल वीडियो में हॉस्पिटल के चिकित्सक और एक व्यक्ति के बीच एक युवती का गर्भपात कराने की बातचीत सुनी जा सकती है। इसमें दोनों पक्षो में पैसे की बातचीत चल रही है। वीडियो में डाक्टर को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि अभी दो दिन पहले एक गर्भपात किया गया है। आप केवल मरीज को ले आओ, सब ठीक हो जाएगा। दो दौर की बातचीत में 30 हजार रुपये पर दोनों पक्षों में सहमति बनती है। अमृत विचार वीडियो की आधिकारिक पुष्टि नहीं करता। इसे एक आपराधिक कृत्य मानते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी डा. रजत चौरसिया ने जांच टीम के गठन की घोषणा की है।

सीएमओ डा. रजत चौरसिया ने बताया कि उपनगर बढ़नी के पचपेड़वा रोड स्थित क्लिनिक व चाइल्ड केयर सेंटर पर अवैध गर्भपात कराए जाने की बातचीत सम्बंधी वायरल वीडियो को लेकर जांच टीम पहले ही गठित है। परन्तु अब एक अन्य हॉस्पिटल का दोबारा इसी मामले में एक और वीडियो वायरल होना चिंताजनक है। इसका संज्ञान ले लिया गया है। एक टीम बना कर इसकी भी जांच कराई जाएगी।

# प्रयागराज से लालकुआ के लिए विशेष गाड़ी 19 से

संवाददाता गोरखपुर

**अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए 04117/04118 प्रयागराज जं-लालकुआ-प्रयागराज जं साप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचलन 19 जून से 31 जुलाई तक प्रत्येक बृहस्पतिवार को प्रयागराज जं से तथा 20 जून से 01 अगस्त तक प्रत्येक शुक्रवार को लालकुआ से 7 फेरों के लिए किया जायेगा। 04117 प्रयागराज जं-लालकुआ साप्ताहिक विशेष गाड़ी 19 जून से 31 जुलाई तक प्रत्येक बृहस्पतिवार को प्रयागराज जं से 23.30 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन फतेहपुर से 1.00 बजे, कानपुर सेन्ट्रल से 3.35 बजे, कन्नौज से 4.50 बजे, फर्रूखाबाद से 6.00 बजे, कासगंज से 8.00 बजे, बदायू से 8.55 बजे, बरेली जं से 9.55 बजे, बरेली सिटी से 10.15 बजे, इज्जतनगर से 10.35 बजे, बहेड़ी से 11.25 बजे तथा किच्छा से 11.42 बजे छूट कर लालकुआ 12.45 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में 04118 लालकुआ-प्रयागराज जं साप्ताहिक विशेष गाड़ी 20 जून से 01 अगस्त 2025 तक प्रत्येक शुक्रवार को लालकुआ से 14.50 बजे प्रस्थान कर, किच्छा से 15.17 बजे, बहेड़ी से 15.40 बजे, इज्जतनगर से 16.30 बजे, बरेली सिटी से 17.00 बजे, बरेली जं से 17.20 बजे, बदायू से 18.10 बजे, कासगंज से 19.40 बजे, फर्रूखाबाद से 21.10 बजे, कन्नौज से 22.12 बजे, कानपुर सेन्ट्रल से 23.40 बजे तथा दूसरे दिन फतेहपुर से 1.00 बजे छूट कर प्रयागराज जं 04.30 बजे पहुचेगी। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

### शाहजहांपुर से पीलीभीत को विशेष गाड़ी 1 जुलाई से

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा हेतु पूर्व से चलायी जा रही 05447/05448 पीलीभीत-शाहजहांपुर-पीलीभीत अनारक्षित विशेष गाड़ी का संचलन 1 जुलाई से 30 सितम्बर तक 92 फेरों हेतु निम्नवत् बढाया जा रहा है। 05447 पीलीभीत-शाहजहांपुर अनारक्षित विशेष गाड़ी 1 जुलाई से 30 सितम्बर तक पीलीभीत से 12 .10 बजे प्रस्थान कर भोपतपुर से 12 .26 बजे, बीसलपुर से 12 .45 बजे, निगोही से 13 .06 बजे तथा शहबाजनगर से 13 .25 बजे छूट कर शाहजहॉपुर 13 .45 बजे पहुचेगी। वापसी में 05448 शाहजहांपुर-पीलीभीत अनारक्षित विशेष गाड़ी 01 जुलाई से 30 सितम्बर तक शाहजहांपुर से 16 .30 बजे प्रस्थान कर शहबाजनगर से 14 .48 बजे, निगोही से 15 .03 बजे, बीसलपुर से 15 .30 बजे निगोही से 15 .01 बजे तथा शहबाजनगर से 14 .46 बजे छूट कर शाहजहांपुर 14 .35 बजे पहुंचेगी। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

# पुल के नीचे नवजात शिशु का शव मिला

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** इटवा क्षेत्र के इटवा-डुमरियागंज मार्ग स्थित करहिया पुल के नीचे रविवार की रात एक नवजात शिशु का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। पुल से गुजर रहे ग्रामीणों ने सबसे पहले शव को देखा, जिसके बाद उन्होंने तत्काल स्थानीय पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर श्याम सुंदर तिवारी अपनी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने पाया कि नवजात का शव एक लाल कपड़े में लिपटा हुआ था। प्रारंभिक जांच और घटनास्थल के हालात को देखते हुए यह आशंका जताई जा रही है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने नवजात को नदी में बहा दिया होगा, जिसे जलप्रवाह के माध्यम से पुल के नीचे तक पहुंच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ताकि मृत्यु के कारणों और अन्य महत्वपूर्ण जानकारियों का पता लगाया जा सके।

**बैठक** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी ने की ग्राम्य विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा

# सभी परियोजनाएं अगस्त तक अवश्य पूरी हो जाएं : जिलाधिकारी

संवाददाता, सिद्धार्थनगर


समीक्षा बैठक में भाग लेते डीएम व अन्य अधिकारी।

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी डा राजागणपति आर की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह की उपस्थिति में विकास विभाग एवं ग्राम्य विकास विभाग के कार्यो की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने आयुष्मान आरोग्य मन्दिर के सर्वे की प्रगति की समीक्षा करते हुए प्राथमिकता के आधार पर 19 पैरामीटर के अनुसार मरम्मत कार्य गुणवत्तापूर्ण तरीके से माह जुलाई 2025 के अन्त तक पूर्ण कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने सभी बीडीओ को निर्देश दिया कि जितनी भी परियोजनायें चल रही हैं उनको अगस्त तक अवश्य पूर्ण करा लिया जाये।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी खण्ड विकास अधिकारी/नोडल अधिकारी क्षेत्र में निरीक्षण कर प्रगति की जानकारी लें। आंगनबाड़ी भवन के सर्वे की प्रगति की समीक्षा की गयी। जर्जर व मरम्मत योग्य आंगनबाड़ी केन्द्र 08 पैरामीटर के आधार पर मरम्मत कार्य कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को सीडीपीओ के माध्यम से कार्य की प्रगति की जानकारी भी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। ओडीएफ माडल ग्राम की समीक्षा करते हुए प्रगति लाने का निर्देश दिया। जिन ग्रामों में अन्नपूर्णा भवन आरआरसी सेन्टर हेतु भूमि चिन्हित नहीं है। उपजिलाधिकारी के माध्यम से भूमि चयन की कार्यवाही कराये। सामुदायिक शौचालय, आरआरसी सेन्टर क्रियाशील कराने तथा गांव में सफाई कर्मचारी का नाम अंकित कराने का निर्देश दिया। समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया कि व्यक्तिगत शौचालय निर्माण हो गया है उनका प्रथम एवं द्वितीय किश्त का भुगतान कराये। राज्य वित्त आयोग/केन्द्र वित आयोग की समीक्षा में नियमानुसार व्यय कर लें। सभी खण्ड विकास अधिकारी, एडीओ पंचायत द्वारा ओडीएफ मॉडल ग्रामों में सुबह/शाम में सामुदायिक शौचालय, अन्त्येष्टि स्थल, आरआरसी सेन्टर एवं मनरेगा के कार्यों का निरीक्षण करने, कूड़ा कलेक्शन के बारे में निरीक्षण रिपोर्ट उपलब्ध कराये। ग्रामीण अन्त्येष्टि स्थल विकास योजनान्तर्गत वित्तीय एवं भौतिक प्रगति की समीक्षा की गयी। पंचायत भवन पर सीएससी और लाइब्रेरी का संचालन कराये। पंचायत भवन समय से खुले। ओपन जिम का निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण व समय से पूर्ण कराने का निर्देश दिया। आवास प्लस सर्वे पूर्ण कराकर पात्र लोगो को आवास स्वीकृत करने का निर्देश दिया। क्षेत्र पंचायत निधि से कराये जाने वाले राजकीय विद्यालयों का टेन्डर प्रक्रिया पूर्ण कराने का निर्देश दिया। राजकीय पशु चिकित्सालय के मरम्मत का टेन्डर कार्य पूर्ण कराये। स्टेडियम पार्क का निर्माण कार्य पूर्ण कराकर उद्घाटन कराने का निर्देश दिया। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट आयुष अग्रवाल, पीडी नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी,डीसी मनरेगा सन्दीप सिंह, डीपीआरओ पवन कुमार, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समस्त एडीओ पंचायत व अन्य संबधित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे।

## सार-संक्षेप

### जन शिकायतों के निस्तारण को एकल खिड़की की व्यवस्था

**कुशीनगर, अमृत विचार :** जन शिकायतों के निस्तारण हेतु एक एकल शिकायत खिड़की की व्यवस्था की जायेगी जिसमें दो कम्प्यूटर आपरेटर की ड्यूटी प्रत्येक कार्य दिवस को प्रात : 10बजे से सायं 5बजे तक लगायी जायेगी जिसके द्वारा प्रत्येक कार्य दिवस को प्राप्त प्रार्थना पत्रों का पंजीयन करेगें, एवं अधिकारीवार छटनी की जायेगी। तत्पश्चात प्रार्थना पत्रों का पीडीएफ बना कर नामकरण में शिकायत पंजीकरण क्रमांक एवं शिकायतकर्ता का नाम अंकित किया जायेगा, उक्त पीडीएफ0 को संबंधित अधिकारी को वाट्सएप/ई-मेल के माध्यम से उसी दिन सायं 5 .00 बजे तक प्रेषित किया जायेगा तथा सभी पीडीएफ को तिथिवार फोल्डर बनाकर कम्प्यूटर में संरक्षित किया जायेगा। अनुपालन आख्या आने पर उसे शिकायत के साथ संलग्न रखेंगे। जिससे कम्प्यूटर से ही यह देखा जा सके कि कितने ऐसे प्रकरण है जिसमें आख्या अप्राप्त है। पन्द्रह दिन से अधिक समय से लम्बित शिकायती प्रार्थना पत्रों का सूची सहित प्रभारी अधिकारी शिकायत के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। प्रार्थना पत्रों का वितरण राजस्व विभाग के आवेदन पत्र प्राप्त शिकायत को सम्बन्धित तहसीलदार द्वारा तीन दिन के अन्दर सम्बन्धित राजस्व निरीक्षक को प्रत्येक दशा में उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करेंगे। राजस्व निरीक्षक द्वारा तत्काल सम्बन्धित प्रार्थना पत्र सम्बन्धित क्षेत्र के लेखपाल को जॉच हेतु वाट्सएप के माध्यम से प्राप्त कराया जायेगा। अन्य विभागों के आवेदन पत्र संबंधित अधिकारी द्वारा उस कर्मचारी जिसको मूल कार्य सम्पादित करना है, उस कर्मचारी तक तीन दिन के अन्दर आवेदन आनलाइन वाट्सएप अथवा ई-मेल के माध्यम से उपलब्ध करा दिया जायेगा। राजस्व विभाग- प्रार्थना पत्र प्राप्ति के अगले एक सप्ताह में संबंधित अधिकारी, लेखपाल, राजस्व निरीक्षक, नायब तहसीलदार द्वारा अनिवार्य रूप से स्थलीय भ्रमण कर प्रकरण की जाँच कर नियमानुसार समस्या का निस्तारण किया जायेगा। तदोपरान्त आख्या प्रेषित की जायेगी। प्रत्येक शिकायत निस्तारण में अनिवार्य रूप से स्थलीय भ्रमण किया जायेगा। निस्तारण आख्या में न्यायालय में वाद लम्बित होने की दशा में मुकदमा नम्बर, न्यायालय का नाम, यदि स्थगन है तो स्थगन का उल्लेख व जेरे कार्यवाही है तो नियत तिथि का उल्लेख किया जायेगा। आवादी की भूमि का प्रकरण अथवा आपसी सहमति नही बनने की दशा में प्रकरण के निस्तारण न होने पर गवाहो का हस्ताक्षर अवश्य कराया जाय। ऐसे प्रकरण जिनका निस्तारण उप जिलाधिकारी स्तर तक हो सकता है उसमें संबंधित उप जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर विधि सम्मत निस्तारण कराया जायेगा। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया है कि प्रकरण को उलझाने व टालने के स्थान पर उसके समाधान पर बल दिया जायेगा।

### हिंदी निबंध व प्रारूप लेखन प्रतियोगिता 3 जुलाई को

**गोरखपुर, अमृत विचार।** पूर्वोत्तर रेलवे राजभाषा विभाग द्वारा क्षेत्रीय रेल स्तर पर हिन्दी निबन्ध तथा हिन्दी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन प्रतियोगिता का आयोजन 3 और 4 जुलाई को बहुविषयक पद्धति प्रशिक्षण केन्द्र,गोरखपुर में किया जायेगा। प्रतियोगिता में विभिन्न भाषा-भाषी सेवारत कर्मचारी/अधिकारी (जे .ए .ग्रेड तक) के प्रतिभागी भाग कर सकते हैं। हिन्दी निबंध प्रतियोगिता 2000 शब्दों का होगी, जिसका विषय 'बालश्रम-समस्या और समाधान' अथवा 'शहरीकरण के कारण प्रदूषण' रहेगा। हिन्दी वाक् प्रतियोगिता में 'जल संरक्षण-आवश्यकता एवं उपाय' अथवा 'भारतीय रेल में डिजिटल इंडिया का योगदान' विषय तथा 100 अंको का हिन्दी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन प्रतियोगिता होगी। क्षेत्रीय रेल स्तर की इन प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतियोगियों के नाम रेलवे बोर्ड द्वारा अखिल रेल स्तर पर आयोजित किये जाने वाले आगामी 'अखिल रेल हिन्दी निबन्ध, वाक् तथा टिप्पण एवं प्रारूप लेखन प्रतियोगिता' में भाग लेने हेतु भेजे जायेंगे ।इन प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं 03 प्रेरणा पुरस्कार दिये जायेंगे। प्रतियोगिता का आयोजन राजभाषा विभाग द्वारा किया जायेगा। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

### मानव तस्करी रोकने को रेलवे प्रयासरत

**गोरखपुर।** रेलवे सुरक्षा बल, पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा, रेल सम्पत्ति की सुरक्षा, अवैध सामानों की धर-पकड़, यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करने के साथ ही बचपन बचाओ अभियान के तहत मानव तस्करी की रोकथाम का निरंतर प्रयास किया जाता है। इसी क्रम में 15 जून 2025 को रेलवे सुरक्षा बल मऊ द्वारा गाड़ी संख्या 19046 के कोच संख्या ए-1 में 01 नाबालिग लड़की उम्र लगभग 17 वर्ष लावारिस हालत में मिली, जिसे चाइल्ड लाइन मऊ को सुपुर्द किया गया। 14 जून 2025 को रेलवे सुरक्षा बल बस्ती को प्लेटफार्म संख्या 01 से 01 नाबालिग लड़की उम्र लगभग 12 वर्ष लावारिस हालत में मिली, जिसे चाइल्ड लाइन बस्ती को सुपुर्द किया गया। 14 जून 2025 को रेलवे सुरक्षा बल बनारस को प्लेटफार्म संख्या 01 से 01 नाबालिग लड़का उम्र लगभग 12 वर्ष लावारिस हालत में मिला, जिसे चाइल्ड लाइन चॉदमारी वाराणसी को सुपुर्द किया गया। 13 जून 2025 को रेलवे सुरक्षा बल गोरखपुर को प्लेटफार्म संख्या 02 से 01 नाबालिग लड़की उम्र लगभग 13 वर्ष लावारिस हालत में मिली, जिसे चाइल्ड लाइन गोरखपुर को सुपुर्द किया गया। 13 जून 2025 को रेलवे सुरक्षा बल नकहा जंगल को गाड़ी सं. 15081 में 01 नाबालिग लड़का उम्र लगभग 07 वर्ष लावारिस हालत में मिला, जिसे चाइल्ड लाइन गोरखपुर को सुपुर्द किया गया। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

### धारदार हथियार से बुजुर्ग की हत्या

**गोरखपुर, अमृत विचार।** चौरीचौरा क्षेत्र के बिलारी गांव में रविवार की देर रात दो बजे बुजुर्ग राजेन्द्र यादव (65) की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश शर्मा ने बताया कि हत्या के पीछे के कारण की जांच किया जा रहा है। तहरीर मिलने पर केस दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### नाबालिग से दुष्कर्म में दोषी को उम्रकैद

**सिद्धार्थनगर अमृत विचार।** आपरेशन कन्विक्शन के तहत जिला मानिटरिंग सेल व थाना त्रिलोकपुर पुलिस की प्रभावी पैरवी से नाबालिग के साथ दुष्कर्म के आरोपी को आजीवन कठोर कारावास व 50,000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक महाजन के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम में थाना त्रिलोकपुर पुलिस की प्रभावी पैरवी पर न्यायाधीश वीरेन्द्र कुमार अपर सत्र/विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट जनपद सिद्धार्थनगर ने दोषसिद्ध कृष्णा उर्फ बलराम पुत्र जैसराम निवासी कटरिया बाबू थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर को आजीवन कठोर कारावास व 50,000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। सजा कराये जाने में जिला मानिटरिंग सेल, अपर जिला शासकीय अधिवक्ता पवन कुमार कर पाठक तथा न्यायालय पैरोकार मुख्य आरक्षी रामभरत प्रसाद थाना त्रिलोकपुर का योगदान रहा।

### यूरिया व डीएपी ओवररेट से देने पर सौंपा ज्ञापन


एसडीएम को ज्ञापन देते लोग।

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** सोमवार को उर्वरक फुटकर विक्रेता वेलफेयर एसोसिएशन के संघ ने एकजुट होकर कलेक्ट्रेट पर पहुंचकर जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी सदर ललित मिश्रा को सौंपा। संघ के अध्यक्ष आदर्श कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि धान में यूरिया और डीएपी ओवररेट पर रिटेलरों को दिया जा रहा है। रिटेलरों का आरोप है कि यूरिया पर 2 किलो जिंक और डीएपी पर एक बोरी के पीछे एक बोतल नैनो डीएपी दिया जा रहा है। दुकानदारों की आईडी ब्लॉक होने पर रुपए मांगने का भी आरोप लगाया है। जिला कृषि अधिकारी पर आरोप लगाते हुए कहा कि उर्वरक की रैक की जानकारी लेने का प्रयास किया जाता है तो जिला कृषि अधिकारी के द्वारा कोई भी जवाब नही मिलता है। होलसेलर और जिला कृषि अधिकारी की मिलीभगत का आरोप लगाया है। इसके सम्बन्ध में एसडीएम ललित मिश्रा के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर कार्यवाही की मांग की है।

### 24 परिवारों को मिली सहायता राशि

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** डुमरियागंज तहसील सभागार में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत 24 लाभार्थी परिवारों को 5- 5 लाख रुपए का प्रतीकात्मक चेक वितरित किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा लाभार्थी परिवारों को कुल एक करोड़ सोलह लाख रुपए का चेक वितरित किया गया। सोमवार को एसडीएम डा. संजीव दीक्षित की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में सीएम योगी आदित्यनाथ के संबोधन का लाइव प्रसारण एलईडी पर दिखाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि डुमरियागंज नरेंद्र मणि त्रिपाठी ने लाभार्थी परिवारों को चेक वितरित कर इस योजना व सरकार की अन्य योजनाओं पर विस्तृत रूप से चर्चा किया और बताया कि भाजपा सरकार गरीब, किसान के हितों के संरक्षण हेतु संकल्पित हैं। एसडीएम डा. संजीव दीक्षित ने बताया कि इस योजना के तहत किसानों को विभिन्न श्रेणियों में सहायता राशि दी जाती है। तहसीलदार रविकुमार यादव ने बताया कि इस योजना के तहत आनलाइन आवेदन किया जाता है, और दो सप्ताह के भीतर ही राजस्व टीम द्वारा सर्वे कर चेक जारीकर लाभार्थी परिवार को सौंप दिया जाता हैं। इस दौरान मीरा, गुरुप्रसाद, जैनब खातून, अशोक पाठक, अनिता देवी, रेनू आदि सहित 23 लाभार्थी परिवारों को 5-5 लाख रुपए का चेक व चंद्रावती को एक लाख रुपए का चेक वितरित किया गया।



कुलदीप यादव

# लीड्स में जडेजा के साथ कुलदीप को खिलाना चाहिए : हरभजन

## इंग्लैंड में पहला टेस्ट 20 जून से, तीन तेज और दो स्पिनरों को खिलाने पर दिया जोर

नयी दिल्ली, एजेंसी

दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह ने कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव को इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए भारत की एकादश में रविंद्र जडेजा के साथ शामिल करने का समर्थन किया है। सीरीज का पहला मैच 20 जून को लीड्स में शुरू होगा। पारंपरिक रूप से लीड्स की पिच से स्पिनरों की तुलना में तेज गेंदबाजों को अधिक मदद मिलती है।

हरभजन ने सोमवार को 'पीटीआई वीडियोज' से कहा भारत को कुलदीप यादव को खिलाने पर विचार करना चाहिए। बेशक जडेजा उनके साथ गेंदबाजी करेंगे। इसलिए तीन तेज गेंदबाजों के साथ दो स्पिनर इस मैच के लिए एकदम सही जोड़ी होंगे। हरभजन ने बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप को किसी भी तरह की परिस्थितियों में संभावित मैच विजेता करार दिया। उन्होंने कहा देखते हैं कि क्या परिस्थितियां बदलती हैं और स्पिनरों को मदद मिलती है। लेकिन अगर ऐसा नहीं भी होता है



रवींद जडेजा।



हरभजन सिंह।

तो भी मुझे लगता है कि ये दो सक्षम गेंदबाज हैं जो किसी भी पिच पर विकेट ले सकते हैं।

अपने अनुभव के आधार पर हरभजन ने 2002 में हेडिंग्ले में दो स्पिनरों को मैदान में उतारने के भारत के साहसिक फैसले को याद किया जब उन्होंने और अनिल कुंबले ने मिलकर 11 विकेट चटकाए थे। हरभजन ने कहा उस समय यह एक बहुत ही अनोखा फैसला था। पिच पर काफी घास थी लेकिन प्रबंधन ने फैसला किया कि हम दो स्पिनरों और दो तेज गेंदबाजों के साथ उतरेंगे और संजय बांगड़ भी गेंदबाजी करेंगे। उन्होंने कहा हमने पांच सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों को चुना जो विकेट ले सकते थे। अंत में यही मायने रखता है। आपको उन गेंदबाजों का समर्थन करना चाहिए जो किसी भी परिस्थिति या किसी भी तरह की पिच पर विकेट ले सकते हैं।

शारदुल ठाकुर ने भारत की दो टीम के बीच हुए अभ्यास मैच में शतक बनाया और विकेट लिए तथा हरभजन का मानना है कि टीम में तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर के स्थान के लिए उनका पलड़ा नितीश रेड्डी पर भारी है। हरभजन ने कहा भारत को एक ऐसे गेंदबाज की जरूरत है जो थोड़ी बल्लेबाजी भी कर सके। भारत के पास नंबर सात तक बल्लेबाजी करने वाले खिलाड़ी हैं और नंबर आठ पर आपको यह देखना होगा कि कौन गेंदबाजी कर सकता है और आपके लिए विकेट ले सकता है तथा थोड़ी बल्लेबाजी भी कर सकता है। उन्होंने कहा मेरे हिसाब से यहीं पर शारदुल नितीश रेड्डी पर भारी पड़ेंगे। नितीश एक बेहतरीन बल्लेबाज हैं जो गेंदबाजी भी कर सकते हैं। लेकिन हमने उन्हें आईपीएल में ज्यादा गेंदबाजी करते नहीं देखा है। इस पूर्व स्पिनर ने कहा गंभीर भी हैं। वह काबिल कोच हैं। और मुझे यकीन है कि वह सही फैसला करेंगे। हरभजन ने सरफराज खान को टेस्ट टीम से बाहर किए जाने पर भी अपनी राय रखी। उन्होंने कहा यह दुर्भाग्यपूर्ण है... मैं उनका नाम टीम में नहीं देखकर थोड़ा हैरान हूं। मुझे यकीन है कि वह मजबूती से वापसी करेंगे। उनमें वापसी करने की इच्छाशक्ति है। मैं बस इतना कह सकता हूं कि निराश मत होना, आपको आज नहीं तो कल आपका हक मिलेगा... करुण नायर को देखिए। हरभजन ने कहा उन्होंने (नायर ने) इंग्लैंड के खिलाफ 300 रन बनाए और फिर उन्हें ज्यादा मौके नहीं मिले। अब वह टीम के साथ इंग्लैंड में वापस आ गए हैं।

## पूर्व क्रिकेटर बोले-भारत देगा कड़ी चुनौती



इंग्लैंड में अभ्यास मैच के दौरान भारतीय टीम। ● एजेंसी

**नई दिल्ली, एजेंसी :** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन का मानना है कि अगर भारत लीड्स और मैनचेस्टर में मैच जीतने में सफल रहता है तो उसके पास इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट श्रृंखला जीतने का शानदार मौका होगा। वहीं दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने पांच मैच की सीरीज में मेजबान टीम को 3-2 से जीत का दावेदार बताया। भारत और इंग्लैंड पांच मैचों की श्रृंखला के साथ अपने नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र की शुरुआत करेंगे। इस श्रृंखला का पहला मैच शुक्रवार से लीड्स में खेला जाएगा। मैनचेस्टर 23 जुलाई से चौथे टेस्ट की मेजबानी करेगा। हेडन ने जियो हॉटस्टार पर कहा मुझे नहीं लगता कि इंग्लैंड के गेंदबाज इतने अच्छे हैं। उसके कई गेंदबाज चोटिल हैं, और कई खिलाड़ी संन्यास ले चुके हैं। उसके लिए यही बड़ी चुनौती होगी। उन्होंने कहा उत्तरी इंग्लैंड में होने वाले टेस्ट मैच काफी महत्वपूर्ण होंगे। भारत अगर इन मैच में जीत हासिल कर लेता है तो वह सीरीज अपने नाम कर सकता है। भारत के इंग्लैंड के पिछले दौरे के बाद से मेजबान टीम के दो सबसे अनुभवी गेंदबाजों जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। यही नहीं इंग्लैंड के कुछ प्रमुख तेज गेंदबाज चोटिल हैं। तेज गेंदबाज मार्क वुड चोट के कारण कम से कम पहले तीन टेस्ट मैचों से बाहर हो गए हैं। उनके साथी तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर भी शुरुआती मैच में नहीं खेल पाएंगे और गस एटकिंसन हैमस्ट्रिंग में खिंचाव से उबर रहे हैं। इस बीच भारत नए कप्तान शुभमन गिल के नेतृत्व में मैदान पर उतरेगा। इस तरह से भारत रोहित शर्मा, विराट कोहली और आर अश्विन जैसे दिग्गजों के संन्यास के बाद एक नए युग की शुरुआत करेगा। स्टेन ने भारत को हारा हुआ नहीं माना, लेकिन इंग्लैंड को जीत का दावेदार बताया। उन्होंने कहा भारतीय टीम काफी युवा है। यह कहा जा सकता है कि इंग्लैंड श्रृंखला जीतने जा रहा है, लेकिन यह बिना संघर्ष के नहीं होने वाला है। मुझे लगता है कि एक या दो टेस्ट ऐसे होंगे जिन्हें भारत अपने नाम कर सकता है। दक्षिण अफ्रीका के इस क्रिकेटर ने कहा सभी मैच करीबी होंगे। लेकिन हर मैच का नतीजा निकलेगा।

### एक नजर



अमेरिका के ओकमोंट में ओकमोंट कंट्री क्लब में अमेरिकी ओपन गोल्फ टूर्नामेंट जीतने के बाद ट्रॉफी के साथ जश्न मनाते हुए जेजे स्पाउन। ● एजेंसी

### जूनियर क्रिकेट में आयु निर्धारण के लिए अतिरिक्त अस्थि परीक्षण होगा

**नई दिल्ली :** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक महत्वपूर्ण कदम के तहत जूनियर स्तर पर खिलाड़ियों का अतिरिक्त अस्थि परीक्षण (बोन टेस्ट) कराने का फैसला किया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी खिलाड़ी अतिरिक्त सत्र खेलने से वंचित न रहे। मौजूदा मानदंडों के अनुसार खिलाड़ी टीडब्ल्यू3 विधि (अस्थि की उम्र का आकलन करने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला परीक्षण) के माध्यम से आयु निर्धारण के लिए अस्थि परीक्षण से गुजरता है। इसमें उसके उम्र का आकलन अस्थि परीक्षण की उम्र में एक जोड़कर किया जाता है। नियम में बदलाव के साथ हालांकि अंडर 16 लड़कों की श्रेणी में किसी क्रिकेटर को अगले सत्र में उसी आयु वर्ग में खेलने की अपनी पात्रता निर्धारित करने के लिए दूसरे अस्थि परीक्षण से गुजरना होगा।

### एफईआई ने भुगतान नहीं करने के कारण घुड़सवारी प्रतियोगिताएं रद्द की

**नई दिल्ली :** भारतीय घुड़सवारी महासंघ (ईएफआई) द्वारा वैश्विक संचालन संस्था एफईआई को बकाया राशि का भुगतान नहीं किए जाने के कारण कम से कम 24 घरेलू और अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट रद्द कर दिए गए हैं। यह घटना घुड़सवारों और देश में घुड़सवारी खेल के विकास को नुकसान पहुंचा सकती है। पता चला है कि ईएफआई को जनवरी से मार्च 2025 के बीच आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के लिए एफईआई अधिकारियों को पारिश्रमिक और संबद्ध शुल्क के रूप में लगभग 27 लाख रुपये का भुगतान करना था। हालांकि गुटों में अंदरूनी लड़ाई के कारण महासंघ का खाता फ्रीज हो गया है जिसके कारण बकाया राशि का भुगतान नहीं हो पा रहा है और एफईआई को कैलेंडर से इन प्रतियोगिताओं को हटाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

### पैंथर्स ने अश्विन की टीम के खिलाफ गेंद से छेड़छाड़ के आरोप लगाए

**चेन्नई :** तमिलनाडु प्रीमियर लीग (टीएनपीएल) में आर अश्विन की अगुआई वाली डिंडीगुल ड्रैगन्स के खिलाफ सीचम मदुरै पैंथर्स ने गेंद से छेड़छाड़ के आरोप लगाए हैं। आयोजकों ने 'मैच खत्म होने के बाद और अटकलबाजी की तरह लग रहे' आरोपों के लिए सबूत पेश करने का निर्देश दिया है। पैंथर्स ने ड्रैगन्स पर 14 जून को सलेम में हुए मैच के दौरान 'केमिकल (रसायन) लगे तौलिये का इस्तेमाल' करके गेंद से छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। यह समझा जाता है कि इन तौलियों को राज्य क्रिकेट संघ ने गेंद के गीला होने पर उसे पोंछने के लिए मुहैया कराया था। गेंद को सुखाने का काम मैदानी अंपायरों की मौजूदगी में किया गया।

# मैंने वाशिंगटन सुंदर से प्रेरणा ली : साई

बेकेनहैम (ब्रिटेन), एजेंसी

वाशिंगटन सुंदर का बहुत कम समय में आयु वर्ग से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट तक का शानदार सफर उनके युवा साथी बी साई सुदर्शन के लिए प्रेरणास्रोत रहा है। सुदर्शन 20 जून को लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण कर सकते हैं।

वाशिंगटन 2016 में जूनियर विश्व कप में भारत अंडर-19 के लिए विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में खेल रहे थे और इसके डेढ़ साल के अंदर उन्होंने 18 वर्ष के खिलाड़ी के रूप में भारत के लिए अपना पहला वनडे खेला। जब वह 20 वर्ष के थे तब 2021 में उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया तथा आस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी की जीत में अहम भूमिका निभाई। वाशिंगटन से दो साल जूनियर साईं सुदर्शन ने बताया कि किस तरह से उनके इस सीनियर साथी के सफर ने उन्हें भारतीय टीम में शामिल होने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित



साई सुदर्शन। ● एजेंसी

किया। साई सुदर्शन ने इंट्रा-स्क्वाड (टीम के बीच आपस में मैच) अभ्यास मैच के दौरान बीसीसीआई टीवी से कहा मैंने उनके साथ (जूनियर स्तर पर) कुछ मैच खेले हैं। इसलिए, यह हमेशा विशेष होता है। हम उनसे काफी प्रेरणा लेते हैं और जिस तरह से उन्होंने बहुत कम समय में भारत की तरफ से खेलना शुरू किया वह बात मेरे दिमाग में थी। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने वाशिंगटन की प्रशंसा करते हुए कहा उन्होंने (वाशिंगटन) आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन किया। फिर वह देश के लिए खेले। इसलिए यह मेरे लिए बहुत बड़ी प्रेरणा थी कि चेन्नई का कोई खिलाड़ी भारत के लिए खेल रहा है।

उन्हे जानने और उनके साथ खेलने से मुझे लगा कि मैं भी उसी तरह से खेलना चाहता हूं। वह एक प्रेरणा था। भारत के लिए नौ टेस्ट, 23 एकदिवसीय और 54 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके वाशिंगटन ने उस समय के बारे में बात की जब साई सुदर्शन चेन्नई के एक प्रतिभाशाली क्रिकेटर के रूप में उभर रहे थे।

वाशिंगटन ने कहा मेरे कई कोच और मित्र भी लगातार उसके (साई सुदर्शन के) क्रिकेट करियर के बारे में बात करते थे। वह अपने खेल में लगातार निखार लाता रहा और आगे बढ़ता रहा। उन्होंने कहा जब भी मैंने उसे (सुदर्शन को) टीवी पर देखा, तो उसके कौशल और कार्यशैली से बहुत कुछ सीखने को मिला, जिसने निश्चित रूप से बहुत से युवा खिलाड़ियों को प्रेरित किया।

### गौतम गंभीर मंगलवार को टीम से जुड़ेंगे



**नई दिल्ली :** परिवार में आपात स्थिति के कारण पिछले सप्ताह स्वदेश लौटने वाले भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर 20 जून से लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला से पहले मंगलवार को भारतीय दल से जुड़ेंगे। गंभीर की मां को दिल का दौरा पड़ने के बाद अस्पताल में भर्ती करना पड़ा था। बीसीसीआई के एक सूत्र ने 'पीटीआई' से कहा उनकी मां की स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है। गौतम (गंभीर) कल यहां से रवाना होने के बाद टीम से जुड़ेंगे। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज ने बेकेनहैम में भारत और भारत ए के बीच बंद स्टेडियम में खेले गए मैच में हिस्सा नहीं लिया था। उनकी अनुपस्थिति में सहायक कोच रेयान टेन डोएशे ने टीम की तैयारियों पर नजर रखी थी।

# विश्व कप में महिला टीम पाकिस्तान से टकराएगी

दुबई, एजेंसी

भारत और पाकिस्तान की टीमें महिला वनडे विश्व कप मैच पांच अक्टूबर को कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में तटस्थ स्थल पर एक-दूसरे का सामना करेंगी।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने सोमवार इस विश्व कप के कार्यक्रम की घोषणा की। इस साल की शुरुआत में चैंपियंस ट्रॉफी और उसके बाद के मैचों के लिए स्वीकार किए गए हाइब्रिड मॉडल के अनुसार कोलंबो को तटस्थ स्थल के रूप में जोड़ा गया है। भारत ने तब आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान की यात्रा करने से मना कर दिया था। भारत हालांकि अपने अभियान की शुरुआत 30 सितंबर को बेंगलुरु में श्रीलंका के खिलाफ करेगा। टीम 26 अक्टूबर को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में बांग्लादेश का सामना भी करेगी।

### महिला एकदिवसीय विश्व कप में भारत का कार्यक्रम

**30 सितंबर :** भारत बनाम श्रीलंका, बेंगलुरु।
**पांच अक्टूबर :** भारत बनाम पाकिस्तान, कोलंबो।
**नौ अक्टूबर :** भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका, विशाखापत्तनम।
**12 अक्टूबर :** भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया, विशाखापत्तनम।
**19 अक्टूबर :** भारत बनाम इंग्लैंड, इंदौर।
**23 अक्टूबर :** भारत बनाम न्यूजीलैंड, गुवाहाटी।
**26 अक्टूबर :** भारत बनाम बांग्लादेश, बेंगलुरु।

# कोहली और मेरे बीच वर्चस्व की जंग चली, सचिन के साथ नहीं : एंडरसन

लंदन, एजेंसी

इंग्लैंड के महान तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने अपने 21 साल के करियर के दौरान भारतीय दिग्गजों सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली के खिलाफ अपनी जंग का आनंद लिया लेकिन उन्हें कोहली को गेंदबाजी करना थोड़ा मुश्किल लगा। एंडरसन ने 2003 में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था और पिछले सत्र में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहते हुए अपने शानदार करियर का अंत किया।



लंकाशर के इस खिलाड़ी को तेंदुलकर और कोहली दोनों के खिलाफ सफलता मिली। उन्होंने इन दोनों भारतीय सुपरस्टार को क्रमशः नौ और सात बार आउट किया। एंडरसन ने 'टॉकस्पोर्ट' से कहा कोहली के खिलाफ मुझे शुरुआत में कुछ सफलता मिली थी, जब वह पहली बार इंग्लैंड आए थे (2014 में)। मैंने इसका काफी फायदा उठाया, ऑफ स्टंप के बाहर की गेंद उनकी कमजोरी थी, इसका काफी फायदा उठाया और फिर अगली बार जब मैं उनके खिलाफ खेला (2018 में) तो उन्होंने स्पष्ट रूप से उस पर काम किया और यह एक अलग खिलाड़ी को गेंदबाजी करने जैसा था।

हालांकि यह ध्यान देने योग्य है कि तेंदुलकर और कोहली अपने करियर के अलग-अलग चरण में थे जब उन्हें एंडरसन की चुनौती का सामना करना पड़ा जो 42 साल की उम्र में भी काउंटी क्रिकेट खेल रहे हैं।

# महिला एशियाई कप क्वालीफायर के लिए टीम घोषित

नई दिल्ली, एजेंसी

चोटों के कारण तीन फारवर्ड खिलाड़ियों को खोने के बाद भारतीय सीनियर महिला फुटबाल टीम के मुख्य कोच क्रिस्पिन छेत्री ने सोमवार को एएफसी महिला एशियाई कप ऑस्ट्रेलिया 2026 क्वालीफायर के लिए थाईलैंड जाने वाली 24 सदस्यीय टीम की घोषणा की। क्वालीफायर के लिए 23 खिलाड़ियों की अंतिम टीम की घोषणा पहले मैच से पूर्व की जाएगी।

भारतीय टीम को क्वालीफायर के ग्रुप बी में रखा गया है जहां उनका सामना मंगोलिया (23 जून), तिमोर लेस्ते (29 जून), इराक (दो जुलाई) और मेजबान थाईलैंड (पांच जुलाई) से होगा।

ग्रुप विजेता मार्च 2026 में ऑस्ट्रेलिया में होने वाले मुख्य टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करेंगे। महिला एशियाई कप फीफा महिला विश्व कप ब्राजील 2027 का भी क्वालीफायर है। छेत्री और उनकी टीम सोमवार शाम को थाईलैंड पहुंचेगी और अपने पहले मैच से पूर्व उत्तरी शहर चियांग माई में एक सप्ताह तक प्रशिक्षण लेगी। सभी मैच चियांग माई स्टेडियम में होंगे।

भारतीय टीम ने बेंगलुरु में पादुकोण-द्रविड़ सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस में छह सप्ताह तक ट्रेनिंग की और क्वालीफायर की तैयारी के लिए 30 मई और तीन जून को उज्बेकिस्तान के खिलाफ दो मैत्री मैच खेले जिसमें दोनों बार टीम को 0-1 से हार का सामना करना पड़ा। छेत्री ने कहा मैं बेंगलुरु में तैयारियों से खुश हूं। हमने 40 दिन से अधिक समय तक ट्रेनिंग की।

ट्रेनिंग मैदान और सभी सुविधाएं बेहतरीन थीं। जहां तक टीम की बात है हमारे पास युवा और सीनियर खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है। उन्होंने कहा दुर्भाग्य से चोटों के कारण करिश्मा (शिरवोइकर), संध्या (रंगनाथन) और रेणु जैसे फॉरवर्ड टीम का हिस्सा नहीं हैं।

### भारत की 24 सदस्यीय टीम इस प्रकार है



**गोलकीपर :** एलंगबाम पंथोई चानू, मोइरांगथेम मोनालिशा देवी, पायल बसुदे।
**डिफेंडर :** हेमाम सिल्की देवी, किरण पिस्दा, मार्टिना थोकचोम, नगंगबाम स्वीटी देवी, फंजौबाम निर्मला देवी, पूर्णिमा कुमारी, संजू, सोरोखैबम रंजना चानू। **मिडफील्डर :** अंजू तमांग, ग्रेस डांगमेई, कार्तिका अंगमुथु, नोंगमैथेम रतनबाला देवी, प्रियदर्शिनी सेलादुरई, संगीता बासफोर। **फारवर्ड :** लिंडा कोम सर्टो, मालविका पी, मनीषा कल्याण, मनीषा नाइक, प्यारी शाशा, रिम्पा हलदर और सौम्या गुगुलोथ।

# भारतीय निशानेबाजों ने किया शानदार प्रदर्शन

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत ने अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) के वार्षिक कैलेंडर में सबसे प्रतिष्ठित और चुनौतीपूर्ण टूर्नामेंटों में से एक म्यूनिख विश्व कप में अपने प्रदर्शन में सुधार कर दो स्वर्ण और दो कांस्य पदक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। पिछले चार विश्व कप में यह तीसरा मौका है जब भारत ने तालिका में तीसरा स्थान हासिल किया है।

भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के महासचिव के. सुल्तान सिंह ने कहा हमारे निशानेबाजों ने एक बार फिर से म्यूनिख विश्व कप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इस आयोजन से पहले कहा जा रहा था कि भारत के लिए यह टूर्नामेंट चुनौतीपूर्ण होगा। इसमें बड़ी संख्या में खिलाड़ी भाग ले रहे थे जबकि हमारे कुछ सर्वश्रेष्ठ

**म्यूनिख विश्व कप**



सुरुचि सिंह। ● एजेंसी

निशानेबाज इसमें नहीं खेल रहे थे। हमारे निशानेबाजों ने हालांकि यह साबित कर दिया कि भारतीय निशानेबाजी में विकल्प पहले से कहीं अधिक है। आर्या बोसरे और अर्जुन बबूता की मिश्रित जोड़ी ने ओलंपिक चैंपियन और विश्व रिकॉर्डधारी चीन की एस जीएल आई और वांग जी फी की जोड़ी को 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा के फाइनल में हराकर बड़ा उलटफेर किया।

दो बार की ओलंपियन इलावेनिल वलारिवान (महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल) और ओलंपियन और विश्व रिकॉर्ड धारक सिफ्त कौर सामरा (महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन) ने भी म्यूनिख में कांस्य पदक जीतने वाले अपने प्रदर्शन से विश्व स्तरीय निशानेबाजों के रूप में अपनी स्थिति मजबूत की। वलारिवान ने कांस्य पदक जीतने से पहले 635.9 के स्कोर के साथ नया क्वालीफिकेशन राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी बनाया, जबकि सुरुचि ने महिला एयर पिस्टल में मनु भाकर के 588 के क्वालीफिकेशन राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी की। प्रतियोगिता की 10 स्पर्धाओं में भी भारतीय खिलाड़ी सात के फाइनल में जगह बनाने में सफल रहे। चीन चार स्वर्ण सहित सात पदकों के साथ तालिका में शीर्ष पर रहा। नार्वे दो स्वर्ण और एक रजत के साथ दूसरे स्थान पर रहा। व्यक्तिगत तटस्थ एथलीट समूह सहित कुल 11 देशों ने म्यूनिख में पदक जीते।

● **भारत ने म्यूनिख विश्व कप में दो स्वर्ण और दो कांस्य पदक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया**

### हरियाणा की सुरुचि सिंह ने लगातार तीसरा स्वर्ण जीता

इस सत्र की शुरुआत से शानदार लय में चल रही पिस्टल निशानेबाज सुरुचि सिंह ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। हरियाणा की इस 19 साल की निशानेबाज ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में विश्व कप का अपना लगातार तीसरा स्वर्ण पदक जीता।

# अर्जेंटीना के खिलाफ ठोस प्रदर्शन की उम्मीद

लंदन, एजेंसी :

**एफआईएच प्रो लीग**

यूरोपीय चरण की शुरुआत दो करीबी हार के साथ करने के बाद भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग में दुनिया की दूसरे नंबर की टीम अर्जेंटीना के खिलाफ लगातार दो मैच में वापसी करने के लिए बेताब है।

सलीमा टेटे की अगुआई वाली भारतीय टीम सप्ताहांत हुए दो मैच में ऑस्ट्रेलिया से 1-2 और 2-3 से हार गई और उनके पास अर्जेंटीना की मजबूत टीम का सामना करने से पहले खुद को फिर से संगठित करने के लिए बहुत कम समय होगा। अर्जेन्टीना ने अब तक अपने 12 लीग मैच में से सात जीते हैं। हॉकी इंडिया ने सलीमा के हवाले से कहा अर्जेंटीना दुनिया की दूसरे नंबर की टीम है और उसने अब तक अपने 12 एफआईएच प्रो लीग मैच में से सात जीते हैं। लीग के इस चरण में आने से पहले हम जानते थे कि उन्हें हराना आसान नहीं होगा। उन्होंने कहा हम दोनों मैचों में अपना सर्वश्रेष्ठ देंगे। टीम उनसे मुकाबला करने के लिए अच्छी तरह से ट्रेनिंग कर रही है और उनके खिलाफ महत्वपूर्ण अंक हासिल करने के लिए विभिन्न रणनीतियों पर काम कर रही है। नौ अंक के साथ सातवें स्थान पर चल रहे भारत की नजरें वापसी पर टिकी हैं।

गेम चेंजर



डीआरडीओ और आईआईटी दिल्ली ने 1 किमी की सीमा में क्वांटम एंटैंगलमेंट आधारित फ्री स्पेस क्वांटम सुरक्षित संचार का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया। इसे क्वांटम साइबर सुरक्षा और सुरक्षित संचार में एक बड़ी सफलता बताया गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस विकास को भविष्य के युद्ध में गेम चेंजर करार दिया। एजेंसी

# कई मुश्किलों में डाल सकती है एक रात की खराब नींद



जब भी आप अपने फोन पर स्क्रॉल करते हुए, ईमेल का जवाब देते हुए या सिर्फ एक और एपिसोड देखते हुए बहुत देर तक जागते रहते हैं, अगली सुबह, आप खुद को सुस्त और चिड़चिड़ा महसूस करते हैं। मीठी पेस्ट्री या चिकनाईपूर्ण नाश्ता अचानक आपको सामान्य दही और जामुन की तुलना में अधिक आकर्षक लगने लगता है। यह सिर्फ इच्छा के कारण नहीं होता बल्कि आपका मस्तिष्क जिसे ठीक से आराम नहीं मिला है, वह आपको त्वरित और हाई कैलोरी खाद्य जरूरतों की ओर प्रेरित करता है। एक शोध से पता चलता है कि अपर्याप्त नींद सिर्फ भूख के संकेतों को बाधित नहीं करती बल्कि आत्म-नियंत्रण को कमजोर करती है और ग्लूकोज चयापचय को खराब करती है जिससे वजन बढ़ने का खतरा बढ़ जाता है। ये परिवर्तन एक रात की खराब नींद के बाद भी हो सकते हैं। अगर ध्यान न दिया जाए तो समय के साथ ज्यादा नुकसान पहुंचा सकते हैं।

### नींद की कमी से लाखों लोग प्रभावित

नींद की कमी लाखों लोगों को प्रभावित करती है। रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्रों के अनुसार अमेरिका के एक तिहाई से अधिक वयस्क नियमित रूप से रात में सात घंटे से कम नींद लेते हैं। लगभग तीन-चौथाई किशोर स्कूल जाने के दौरान 8-10 घंटे की नींद से वंचित रह जाते हैं जो उनके लिए जरूरी है। नर्सों जैसे आपातकालीन कर्मचारी और रात में काम करने वाले भी इसी असुरक्षा से गुजरते हैं। ये पैटर्न शरीर की आंतरिक घड़ी को बाधित करते हैं और बढ़ती लालसा, खराब खाने की आदतों और मोटापे और चयापचय रोग के बढ़ते जोखिम से जुड़े होते हैं। हालांकि कुछ रातों की लगातार और उच्च गुणवत्ता वाली नींद भी प्रमुख प्रणालियों को पुनर्संतुलित कर सकती है।

### भूख के हार्मोन होते हैं बाधित

शरीर दो प्रमुख हार्मोनों से भूख को नियंत्रित करता है। घ्रेलिन जो मुख्य रूप से पेट में उत्पन्न होता है और संकेत देता है कि आप भूखे हैं, लेप्टिन जो वसा कोशिकाओं में उत्पन्न होता है और मस्तिष्क को बताता है कि आपका पेट भर गया है। एक रात की प्रतिबंधित नींद से ही घ्रेलिन का स्राव बढ़ जाता है और लेप्टिन कम हो जाता है। इससे अधिक भूख लगती है और खाने के बाद संतुष्टि कम हो जाती है।

### नींद आपका मेटाबोलिक रीसेट बटन

ऐसी संस्कृति जो भागदौड़ और देर रात तक जागने को बढ़ावा देती है, उसमें नींद को वैकल्पिक माना जाता है लेकिन आपका शरीर इसे इस तरह नहीं देखता है। नींद सक्रिय और आवश्यक मरम्मत है। यह तब होता है जब आपका मस्तिष्क भूख और इनाम संकेतों को पुनः व्यवस्थित करता है, आपके हार्मोन रीसेट हो जाते हैं और आपका चयापचय स्थिर हो जाता है। इसका आपके शरीर और मानसिक स्वास्थ्य पर व्यापक प्रभाव पड़ता है।

### इतने दुष्प्रभाव

- अध्ययनों से पता चलता है कि सिर्फ एक रात की नींद की कमी से प्रीफ्रंटल कॉर्टेक्स की गतिविधि कम हो जाती है जो निर्णय लेने और आवेग नियंत्रण के लिए जिम्मेदार है।
- आपका मस्तिष्क जंक फूड के प्रति ज्यादा लालायित हो जाता है और इसका विरोध करने में कम सक्षम हो जाता है। उच्च कैलोरी वाले खाद्य पदार्थों की जरूरत महसूस होने लगती है।
- चयापचय धीमा हो जाता है, जिससे वसा भंडारण बढ़ जाता है। ब्लड शुगर नियंत्रण के लिए नींद भी महत्वपूर्ण है। आंशिक नींद इंसुलिन संवेदनशीलता को 25% तक कम कर सकती है।

## एक नजर

### कांगो में भारी बारिश से 29 लोगों की मौत

**किंशासा।** कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य की राजधानी किंशासा में भारी बारिश के कारण कम से कम 29 लोगों की मौत हो गई है। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि शुष्क मौसम में असामान्य बारिश के कारण भारी नुकसान हुआ, सड़कें जलमग्न हो गईं, बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा और बड़े पैमाने पर बिजली और पानी की आपूर्ति बाधित हुई। गवर्नर डैनियल बुम्बा ने कहा कि लोगों को निकालने और अस्थायी पुनर्वास के प्रयास जारी हैं। उन्होंने स्थानीय लोगों से आपदा जागरूकता बढ़ाने और निवारक उपाय करने का भी आग्रह किया।

### ब्राजील: गर्म हवा का गुब्बारा फटने से महिला की मौत

**साओ पाउलो।** दक्षिण-पूर्वी ब्राजील के साओ पाउलो में पर्यटकों को ले जा रहा एक गर्म हवा का गुब्बारा (हॉट एयर बैलून) के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से 26 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। सैन्य पुलिस ने बताया कि जब गुब्बारा इपेरो के पास कैपेला डू ऑल्टो शहर के ग्रामीण इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हुआ तब उसमें लगभग 35 लोग सवार थे। समाचार चैनल ग्लोबोन्यूज़ ने बताया कि गुब्बारे के पास पर्यटन उद्देश्यों के लिए उड़ाने का लाइसेंस नहीं था। दुर्घटना के बाद पायलट को गिरफ्तार कर लिया गया।

### बलूचिस्तान में विस्फोट के बाद महत्वपूर्ण रेलमार्ग बंद

**कराची।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में सोमवार को बम विस्फोट होने से एक रेलवे कर्मचारी घायल हो गया और सबसे महत्वपूर्ण रेलमार्गों में एक पर यातायात स्थगित करना पड़ा। एक अधिकारी ने बताया कि उत्तर पश्चिम प्रांत में माच और आब-ए-गम क्षेत्र को जोड़ने वाले रेलमार्ग को निशाना बनाकर यह विस्फोट किया गया जिससे यातायात बाधित हो गया। पाकिस्तान रेलवे के एक प्रवक्ता ने कहा कि यह विस्फोट राष्ट्रीय परिवहन ढांचे को नुकसान पहुंचाने के मकसद से की गयी आतंकवादी हरकत जान पड़ती है।

### खैबर पख्तूनख्वा में पांच आतंकवादी मार गिराए

**पेशावर।** पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा में दो अलग-अलग अभियानों में पांच आतंकवादियों को मार गिराया है। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा ने कहा कि 15-16 जून की दरमियानी रात को दो अलग-अलग खुफिया-आधारित अभियानों में फितना-अल-ख्वारिज के पांच आतंकवादी मारे गए। पेशावर जिले में पहले अभियान में चार और उत्तरी वजीरिस्तान जिले में एक आतंकवादी मारा गया।

# खामेनेई परिवार के साथ बंकर में छिपे

## ईरान ने कहा- पश्चिम एशिया को खतरे में डाल दिया है इजरायल को अमेरिका के समर्थन ने

**तेहरान, एजेंसी**

ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई अपने परिवार के साथ तेहरान के पूर्वोत्तर भाग में स्थित लाविजान में एक बंकर में भूमिगत हो गए है। ईरान इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार खामेनेई के पुत्र मुज्तबा भी उनके साथ हैं। इस बीच ईरानी विदेश मंत्रालय ने कहा है कि इजरायल को अमेरिका के समर्थन ने पश्चिम एशिया को खतरे में डाल दिया है।

खामेनेई के साथ उनके दूसरे पुत्र मसूद और मुस्तफा नहीं हैं। खामेनेई के भूमिगत होने की सूचना इजरायल की ओर से किए गए हवाई हमले के जवाब में ईरान की ऑपरेशन ट्रू फेज 1 और ट्रू फेज 2 की सैन्य कार्रवाई के बाद आई है। इस अभियान के तहत ईरान ने इजरायल के खिलाफ बड़े पैमाने पर मिसाइल हमले किए थे। इससे पहले इजरायल ने रविवार को 'ऑपरेशन राइजिंग लायन' के तहत 2,300 किलोमीटर दूर स्थित मशहद शहर को निशाना बनाया था। यह हमला ईरानी नेता को यह चेतावनी देने के लिए किया गया था कि वह कहीं भी सुरक्षित नहीं हैं।

इस बीच ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघई ने कहा है कि इजरायल के लिए अमेरिका के समर्थन ने पश्चिम एशिया और दुनिया की सुरक्षा को खतरे में डाल दिया है। बाघई ने कहा, जिस समय इजरायल ने आक्रमण किया, उस समय हम एक कूटनीतिक प्रक्रिया में लगे हुए थे। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा कृत्य है, जिसकी अमेरिकी सहयोग के बिना कल्पना भी नहीं की जा सकती है। इसने कूटनीतिक और बातचीत की प्रक्रिया को निरर्थक बना दिया है।

उन्होंने कहा कि ईरान को उम्मीद है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद इजरायल के खिलाफ 'बाध्यकारी' प्रस्तावों को अपनाएगा। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से आग्रह किया है कि पहले कदम के रूप में इजरायल के हवाई हमलों को आक्रमण की संज्ञा दी जाए।



इजरायल के तेल अवीव में ईरान के मिसाइल हमले के बाद उठता धुएं का गुबार।

### ईरान ने मिसाइल हमलों में इस्तेमाल की नई तकनीक

**तेहरान।** ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) ने दावा किया है कि हाल ही में इजरायल के खिलाफ जवाबी मिसाइल हमलों में उसने नई तकनीक का प्रयोग किया, जिससे इजरायल की वायु रक्षा प्रणालियां एक-दूसरे पर ही हमला करने लगीं। आईआरजीसी ने कहा 13 जून की रात इजरायल ने 'राइजिंग लायन' नाम से एक बड़ा सैन्य ऑपरेशन शुरू किया, जिसमें ईरानी परमाणु कार्यक्रम और सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया। इसके जवाब में, उन्होंने नई तकनीकों और खुफिया क्षमताओं का इस्तेमाल किया, जिससे इजरायल की बहु-स्तरीय रक्षा कमान और नियंत्रण प्रणाली विफल हो गई।

### तेहरान में मोसाद के दो और जासूस गिरफ्तार

**तेहरान।** ईरान के तेहरान प्रांत में पुलिस ने इजरायल की जासूसी एजेंसी मोसाद के दो और जासूसों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से 200 किलोग्राम से अधिक विस्फोटक, 23 ड्रोन, लॉन्चर और अन्य उपकरण जब्त किए गए हैं। तेहरान पुलिस ने कहा कि उसने अलग-अलग अभियानों में मोसाद के दो कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया है, जिसके पास से बड़ी मात्रा में विस्फोटक जब्त किए गए। इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के पुलिस कमान के प्रवक्ता सईद मोंटेजर अल-महदी ने रविवार को कहा कि तेहरान प्रांत के रे काउंटी के एक जिले फशाफुयेह में मोसाद के दोनों जासूसों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया गया है।

### इजरायल ने खामेनेई को मारने को लेकर अमेरिकी दावे को किया खारिज

**वाशिंगटन/तेल अवीव।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अमेरिकी अधिकारियों के उस दावे को खारिज किया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि इजरायल ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई को मारना चाहता था लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने उसे ऐसा करने से रोक दिया। गौरतलब है कि इजरायली रक्षा बल की ओर से किए गए हमलों में ईरान के कई शीर्ष अधिकारी मारे गए थे। नेतन्याहू ने इस अभियान को ईरानी परमाणु बुनियादी ढांचे पर पूर्व खाली हमला बताया था। अमेरिका की डिजिटल मीडिया पोलिटिको की रिपोर्ट के अनुसार खामेनेई के प्रति शत्रुता के भाव के बावजूद ट्रंप उन्हें बातचीत की मेज पर लाने के लिए तैयार है ताकि कूटनीति के जरिये इजरायल-ईरान के बीच खतरनाक टकराव रोका जा सके।

# पाकिस्तान घुटनों पर, भारत से बातचीत की मंशा जताई

**इस्लामाबाद, एजेंसी**



- बिलावल भुट्टो ने कहा- दोनों देशों के बीच व्यापक बातचीत से ही हो सकता है लंबित मुद्दों का समाधान

पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के प्रमुख बिलावल भुट्टो जरदारी ने भारत से वार्ता की मेज पर लौटने का आग्रह करते हुए कहा है कि दोनों देशों के बीच सभी लंबित मुद्दों का समाधान केवल व्यापक बातचीत के जरिए ही हो सकता है। 'एक्सप्रेस ट्रिब्यून' अखबार की खबर के अनुसार, पश्चिमी देशों की यात्रा पर गए संसदीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे बिलावल ने रविवार को ब्रसेल्स की यात्रा के दौरान जर्मन प्रसारक 'दायचे वेले उर्दू' को दिए साक्षात्कार में यह टिप्पणी की।

उन्होंने कहा, पाकिस्तान और भारत के बीच सभी लंबित मुद्दों को केवल व्यापक बातचीत के जरिए ही सुलझाया जा सकता है। अगर भारत बातचीत की मेज पर नहीं आता है, तो यह उनके हित में नहीं होगा। पूर्व विदेश मंत्री ने चेताया कि भारत द्वारा पाकिस्तान की जल आपूर्ति रोकने के किसी भी प्रयास को अस्तित्व के लिए खतरा माना जाएगा, जिससे पाकिस्तान के पास युद्ध के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा।

एक दिन पहले बिलावल ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से भारत को बातचीत के लिए मेज पर लाने और समग्र वार्ता के माध्यम से दक्षिण एशिया में स्थायी शांति सुनिश्चित करने में भूमिका निभाने का आग्रह किया था जिसमें कश्मीर मुद्दे, जल मुद्दे और आतंकवाद का समाधान भी शामिल है। पीपीपी अध्यक्ष ने कहा कि पाकिस्तान युद्ध नहीं चाहता, लेकिन वह राष्ट्रीय सुरक्षा या जल अधिकारों से समझौता नहीं करेगा।

### सिर्फ आतंकवाद पर वार्ता की बात कह चुका है भारत

भारत ने स्पष्ट कर चुका है कि वह पाकिस्तान के साथ केवल पीओके की वापसी और आतंकवाद के मुद्दे पर ही बातचीत करेगा। समग्र वार्ता की शुरुआत 2003 में हुई थी जब पाकिस्तान में जनरल परवेज मुशर्रफ का शासन था। इसमें आठ घटक थे, जिनमें दोनों देशों के बीच सभी विवादास्पद मुद्दे शामिल थे। वर्ष 2008 के मुंबई हमलों के बाद बातचीत पटरी से उतर गई थी और उचित रूप में बहाल नहीं हो पाई।

# गाजा में खाद्य वितरण केंद्रों के निकट गोलीबारी, 38 मरे



इजरायली गोलाबारी से तबाह हुई इमारतों को देखते फलस्तीनी।

**गाजा पट्टी, एजेंसी**

गाजा के क्षेत्र के दक्षिणी हिस्से में खाद्य वितरण केंद्रों के पास हुई गोलीबारी में 38 फलस्तीनी मारे गए। यह घटना उस वक्त हुई जब हजारों फलस्तीनी लोग खाद्य वितरण केंद्रों तक पहुंचने के लिए इजराइली सैन्य-नियंत्रित क्षेत्रों से गुजर रहे थे।

प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि इजराइली सैनिकों ने भीड़ को नियंत्रित करने के प्रयास में गोलियां चलाईं। खाद्य वितरण केंद्रों के आसपास इजराइल सेना की यह अब तक की सबसे भीषण गोलीबारी है। गोलीबारी में हुई मौतों पर इजराइली सेना ने फिलहाल कोई टिप्पणी नहीं की है। सेना ने पूर्व में भी कहा था कि सैनिकों ने अपने ठिकानों की ओर आने वाले संदिग्धों पर चेतावनी के तौर पर गोलियां चलाईं।

# तमिलनाडु के एडीजीपी अपहरण केस में गिरफ्तार

**चेन्नई।** मद्रास उच्च न्यायालय ने अपहरण के एक मामले में एडीजीपी रैंक के एक अधिकारी को गिरफ्तार करने का तमिलनाडु पुलिस को सोमवार को मौखिक रूप से निर्देश दिया और कुछ ही मिनटों बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

- विधायक की याचिका पर सुनवाई करते हुए मद्रास हाईकोर्ट ने दिया था आदेश

न्यायमूर्ति पी. वेलमुरुगन ने यह निर्देश विधायक एम. जगन मूर्ति द्वारा दायर एक अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया, जिन्हें मामले में गिरफ्तारी की आशंका थी। वह किल्वैथिनंकुप्पम (आरक्षित) सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं और एक संगठन के प्रमुख हैं। एडीजीपी एचएम जयराम को अदालत भवन से बाहर आते ही गिरफ्तार कर लिया गया। न्यायाधीश ने विधायक को भी फटकार लगाई। सोमवार को जब मामला सुनवायी के लिए आया, तो न्यायाधीश ने पुथिया भारतम काची के नेता मूर्ति और एडीजीपी जयराम को मौखिक रूप से दोपहर में अदालत में पेश होने के लिए समन किया। जिस पर दोनों अदालत में पेश हुए। जयराम की सरकारी कार का कथित तौर पर अपहरण के लिए इस्तेमाल किया गया था।

# जी-7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने कनाडा रवाना हुए पीएम मोदी

**निकोसिया, एजेंसी**



- प्रधानमंत्री की पिछले एक दशक में कनाडा की पहली यात्रा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी साइप्रस की अपनी यात्रा संपन्न करने के बाद सोमवार को जी-7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए कनाडा रवाना हो गए। इस दौरान उन्होंने साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस के साथ व्यापक वार्ता की और दोनों देशों के संबंधों को बढ़ावा देने के लिए कई मुद्दों पर चर्चा की।

मोदी तीन देशों साइप्रस, कनाडा और क्रोएशिया की चार दिवसीय यात्रा पर हैं। विदेश मंत्रालय ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, प्रधानमंत्री मोदी ने साइप्रस की यादगार यात्रा सम्पन्न की। मंत्रालय ने कहा कि प्रधानमंत्री ने साइप्रस के राष्ट्रपति क्रिस्टोडौलिडेस और लोगों को उनकी असाधारण गर्मजोशी और आतिथ्य के लिए धन्यवाद दिया। 'एक्स' पर पोस्ट में कहा गया है, 'जी-7 शिखर सम्मेलन के लिए कनाडा के लिए रवाना।'

मोदी कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के निमंत्रण पर अपनी यात्रा के दूसरे चरण के तहत रात को कैलगरी पहुंचेंगे, जहां वह कनानास्किस में जी-7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। यह मोदी की एक दशक में कनाडा की पहली यात्रा है। प्रधानमंत्री मोदी लगातार छठी बार जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए सम्मेलन में शामिल हो रहे हैं। रविवार को साइप्रस के राष्ट्रपति क्रिस्टोडौलिडेस ने लार्नाका हवाई अड्डे पर मोदी का स्वागत किया।

# प्रदर्शनकारियों को पकड़कर वापस भेजने का ट्रंप का निर्देश

**वाशिंगटन।** अमेरिका के लॉस एंजिलिस और अन्य प्रमुख शहरों में आव्रजन नीति के खिलाफ बड़े पैमाने पर प्रदर्शन के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संघीय आव्रजन अधिकारियों को डेमोक्रेटिक पार्टी के शासन वाले राज्यों से निर्वासन को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

- अधिकारियों से कहा, सबसे बड़े निर्वासन के लिए पूरी क्षमता से काम करें

ट्रंप ने सोशल मीडिया पोस्ट में अमेरिकी आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) अधिकारियों से इतिहास के सबसे बड़े सामूहिक निर्वासन अभियान के बेहद महत्वपूर्ण लक्ष्य को हासिल करने के लिए अपनी पूरी क्षमता से काम करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि लक्ष्य को हासिल करने के लिए अधिकारियों को लॉस एंजिलिस, शिकागो और न्यूयॉर्क जैसे बड़े शहरों में अवैध विदेशियों को हिरासत में लेने और उन्हें निर्वासित करने के प्रयासों में तेजी लाने को कहा। ट्रंप का यह बयान, कई सप्ताह तक कार्रवाई में तेजी और 'व्हाइट हाउस' के 'डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ' एवं ट्रंप की आव्रजन नीति के मुख्य निर्माता स्टीफन मिलर के उस बयान के बाद आया है जिसमें उन्होंने कहा था कि आईसीई अधिकारी रोजाना कम से कम 3,000 गिरफ्तारियों का लक्ष्य रखेंगे।

# अपने हथियारों को दीवार से घेरने पर भड़का इजरायल

**पेरिस, एजेंसी**

- पेरिस एअर शो में फ्रांसीसी अधिकारियों के निर्णय को अपमानजनक बताया

इजराइल के रक्षा मंत्रालय ने 'पेरिस एयर शो' में अपने रक्षा उद्योग मंडपों के चारों ओर काले रंग की दीवारें खड़ी किये जाने की निंदा करते हुए इस कदम को अपमानजनक और अभूतपूर्व बताया तथा फ्रांसीसी अधिकारियों एवं कार्यक्रम के आयोजकों से तत्काल इसे हटाने की मांग की।

सोमवार को एयर शो के उद्घाटन से ठीक पहले, रात में दीवारें खड़ी की जा चुकी थीं, जिससे इजराइली मंडप अन्य अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शकों से अलग-थलग पड़ गए। इजराइली अधिकारियों का कहना है कि यह कदम आयोजकों की ओर से आखिरी समय में की गई मांग के बाद उठाया गया। आयोजकों ने हथियार प्रणालियों को प्रदर्शन से हटाने की मांग की थी, जिसे इजराइली प्रदर्शकों ने अस्वीकार कर दिया था।

मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में कहा, फ्रांसीसी सरकार कथित राजनीतिक विचारों की आड़ में इजराइल के हथियारों को जो फ्रांसीसी उद्योगों के साथ प्रतिस्पर्धा करते हैं, एक अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी से बाहर कर रही है। मंत्रालय ने इस कार्रवाई को अनुचित बताया। शुक्रवार को फ़्रांस की एक अपीलीय अदालत ने मानवाधिकार कार्यकर्ता समूहों के खिलाफ फैसला सुनाया, जिन्होंने गाजा में युद्ध के कारण इजराइली कंपनियों को प्रदर्शनी में भाग लेने से रोकने की मांग की थी।

# कोच्चि हवाई अड्डे के पास ड्रोन, लेजर ग्लाइडर पर प्रतिबंध

**कोच्चि।** अधिकारियों ने गंभीर सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए सोमवार को कोच्चि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पांच किलोमीटर के दायरे में ड्रोन, लेजर बीम और अन्य हवाई उपकरणों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया।

यह आदेश एर्नाकुलम के डीएम एनएसके उमेश ने जारी किया। उन्होंने कहा कि माइक्रोलाइट एयरक्राफ्ट, पैराग्लाइडर, हॉट एयर बैलून और मानव रहित हवाई प्रणाली (यूएएस) जैसे उपकरण नेदुम्बस्सेरी हवाई अड्डे के अंदर और बाहर उड़ने वाले विमानों के लिए खतरा पैदा करते हैं। यह निर्णय हवाई अड्डे के निदेशक और ग्रामीण पुलिस प्रमुख की रिपोर्ट के बाद लिया गया है, जिन्होंने रनवे और संपर्क मार्गों के पास अनधिकृत उड़ान गतिविधि को चिह्नित किया था।

अहमदाबाद विमान हादसा

चार दिन से अहमदाबाद में डेरा डाले हुए हैं देश भर से आए हादसे में मारे गए लोगों के परिजन

# सदमे में डूबे परिजनों को और बेहाल कर रहा शवों के लिए इंतजार

## डीएनए जांच में देरी, हादसे वाले ही दिन सैंपल देने के बाद भी कई लोगों को नहीं मिले शव

**अहमदाबाद, एजेंसी**

अहमदाबाद में एअर इंडिया विमान हादसे में अपनों को खोने के सदमे के बीच कई पीड़ितों के परिवारों को उनके शवों को लेने में काफी लंबा इंतजार करना पड़ रहा है और वे चार दिन से यहां डेरा डाले हुए हैं। इनमें वह लोग भी शामिल हैं जिन्होंने 12 जून को हादसे वाले दिन ही डीएनए जांच के लिए अपना नमूना दे दिया था ताकि उसका मिलान कर मृतक की शिनाख्त की जा सके।

इन लोगों को 72 घंटे का इंतजार करने के लिए कहा गया था और यह समयसीमा रविवार को बीत गई। विशेषज्ञों का कहना है कि इतनी बड़ी संख्या में डीएनए के नमूनों के मिलान में वक्त लग सकता है। चालक दल की सदस्य रोशनी सोंघारे की रिश्तेदार पूजा सुखदरे ने सोमवार को कहा, हम कल डीएनए संग्रह केंद्र गए थे, लेकिन हमें बताया गया कि हमारे नमूने का अभी मिलान नहीं किया गया है। सुखदरे, सोंघारे के पिता और भाई के साथ त्रासदी के बाद से यहां हैं। सोंघारे का परिवार महाराष्ट्र के ठाणे जिले के डोंबिवली में रहता है।

यही स्थिति चालक दल की सदस्य मैथिली पाटिल के रिश्तेदारों की भी है, जो नवी मुंबई के न्हावा के निवासी हैं और दुर्घटना के बाद 12 जून को यहां पहुंचे थे। गुजरात के कच्छ में राजमिस्त्री और बढ़ई का काम करने वाले 32 वर्षीय अनिल खिमानी के रिश्तेदार भी घटना के बाद से अहमदाबाद में डेरा डाले हुए हैं। खिमानी विमान में सवार थे। खिमानी का रिश्तेदार बताने वाले मनसुख ने बताया कि उनके पिता ने डीएनए मिलान के लिए नमूना 12 जून को दिया था।

आकाश पटानी (15) का परिवार भी उसके शव के लिए इंतजार कर रहा है। हादसे के समय वह बी जे मेडिकल कॉलेज के आवासीय परिसर में अपनी मां की चाय की दुकान के बगल में चारपाई पर आराम कर रहा था। दुर्घटना और उसके बाद लगी आग का प्रभाव इतना भयानक था कि पटानी को भागने का मौका ही नहीं मिला और उसकी जलने से मौत हो गई।



हादसे में मारी गई मुंबई की साइनिता चक्रवर्ती का शव सोमवार को घर लाया गया।

### अब तक 99 शवों की पहचान, 64 परिजनों को सौंपे

अहमदाबाद सिविल अस्पताल के अधिकारियों ने कहा कि सोमवार दोपहर तक डीएनए परीक्षण से 99 शवों की पहचान कर ली गई है और 64 शव उनके रिश्तेदारों को सौंप दिए गए हैं। शोकाकुल परिवारों के लिए सिविल अधीक्षक डॉ. राकेश जोशी ने कहा कि मृतकों के अवशेषों के साथ डीएनए नमूनों के मिलान की प्रक्रिया में लगने वाले वक्त को लेकर वे घबराएं नहीं। फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला के निदेशक एचपी सांघवी से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन वह उपलब्ध नहीं थे। हैदराबाद स्थित कोशिकीय एवं आणविक जीवविज्ञान केंद्र के पूर्व निदेशक राकेश मिश्रा ने डीएनए मिलान कोई कठिन काम नहीं है, लेकिन इस मामले में मृतकों की संख्या ज्यादा है।